

वर्ष- 13 अंक - 148
लखनऊ, गुरूवार 29 जनवरी, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



कायमगंज चीनी मिल 30 जनवरी को होगी बंद 10

कब्जामुक्त करायें जमीन, बख्शे न जायें भू माफिया : योगी 03


# अजीत पवार की मौत महज दुर्घटना, कोई भी राजनीति न करे : शरद पवार

**महाराष्ट्र ने तत्काल निर्णय लेने वाला नेता खोया: शरद पवार**



एजेंसी, मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एसपी) के नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने कहा कि उपमुख्यमंत्री अजीत पवार की मौत महज एक दुर्घटना है। महाराष्ट्र ने तत्काल निर्णय लेने वाले नेता को खो दिया है, इसकी पूर्ति जल्द नहीं हो सकती। शरद पवार ने यह भी कहा कि अजीत पवार की मौत पर कोई भी राजनीति न करे। अजीत पवार की विमान दुर्घटना में निधन की खबर मिलते ही शरद पवार बारामती पहुंचे। शरद पवार दिन में भी दुखी थे और कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। लेकिन सोशल मीडिया पर अजीत पवार की मौत पर शंका व्यक्त करने वाले कुछ पोस्ट देखकर आज शाम को शरद पवार ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। शरद पवार ने कहा कि अजीत पवार की मौत महाराष्ट्र के लिए एक बहुत बड़ा नुकसान है, एक ऐसा नुकसान जिसे कभी पूरा नहीं किया जा सकता। टूटी हुई आवाज़ में, आंखों में आंसू लिए, शरद पवार ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने यह भी साफ़ किया कि यह सिर्फ़ एक हादसा है, इसमें कोई पॉलिटिक्स नहीं है। यह अचानक हुई मौत महाराष्ट्र के लिए एक बहुत बड़ा झटका है। महाराष्ट्र ने एक ऐसे इंसान को खो दिया जिसके पास काबिल फ़ैसले लेने की ताकत थी। जो भी नुकसान हुआ है, उसे पूरा नहीं किया जा सकता। लेकिन सब कुछ हमारे हाथ में नहीं है। यह बात सामने आई कि इस हादसे के पीछे कुछ पॉलिटिक्स है। इसमें कोई पॉलिटिक्स नहीं है, यह पूरी तरह से एक हादसा है।

महाराष्ट्र में हम सभी इससे दुखी हैं। कृपया यहां राजनीति न लाएं।

## अजीत पवार की मौत पर ममता बनर्जी ने जताई साजिश की आशंका, सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग

**एजेंसी, कोलकाता।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख अजीत पवार की विमान हादसे में हुई मौत को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने साजिश की आशंका जताई है। उन्होंने इस पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराए जाने की मांग की है। इस दुखद घटना के मद्देनज़र मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को प्रस्तावित दिल्ली दौरा स्थगित कर दिया।

## किसी के निधन पर घटिया राजनीति करना दुखद है: फडणवीस

### मौत पर राजनीति नहीं होनी चाहिए : फडणवीस

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि यह बेहद दुख की बात है कि किसी की मौत पर इस तरह की राजनीति की जा रही है। उन्होंने याद दिलाया कि वरिष्ठ नेता शरद पवार स्वयं स्पष्ट कर चुके हैं कि यह एक हादसा था, जिसमें दुखद रूप से जानें गईं, और इस पर राजनीति नहीं होनी चाहिए। फडणवीस ने आगे कहा, किसी के निधन पर गंदी और घृणित राजनीति करना बेहद दुखद है। ममता दीदी का इस स्तर तक गिरना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और गलत है। महाराष्ट्र के एक प्रिय और सम्मानित नेता के निधन को इस तरह राजनीतिक रंग देना पूरी तरह अनुचित है। वहीं, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी ममता बनर्जी के बयान को गलत ठहराया। उन्होंने कहा कि ऐसी दुखद घटनाओं के समय राजनीति करना उचित नहीं है। शिंदे ने कहा, इस हादसे को लेकर साजिश के संकेत देना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। शरद पवार साहब ने साफ कहा है कि यह केवल एक दुर्घटना थी, इसमें कोई साजिश नहीं है। शिंदे ने आगे कहा कि पूरा महाराष्ट्र शोक में डूबा हुआ है और अंतिम दर्शन के दौरान हजारों-लाखों लोग 'अजित दादा, अजित दादा' के नारे लगाते नजर आए। ऐसे समय में आरोप लगाना न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे महाराष्ट्र की भावनाओं को ठेस पहुंचाता है। उन्होंने कहा कि राजनीति के लिए और भी कई मौके होते हैं, लेकिन शोक की घड़ी में इस तरह के बयान बिल्कुल गलत हैं।

# 2026 में बंगाल में भाजपा की जीत सुनिश्चित
## कार्यकर्ता बने जन-जन की आवाज : नितिन नवीन



**एजेंसी, आसनसोल।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बुधवार को रानीगंज स्पोर्ट्स असेंबली मैदान में पश्चिम बर्दवान जिला की सात विधानसभाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण सांगठनिक बैठक की। उन्होंने हुंकार भरते हुए कहा कि 2026 के विधानसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत सुनिश्चित है। बस कार्यकर्ताओं को बूथ तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि बंगाल की संस्कृति में क्लबों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्थानीय क्लबों के पदाधिकारी और सदस्यों से सीधा संपर्क साधने और जनाधार बनाने का निर्देश दिया। प्रत्येक बूथ स्तर पर महीने में चार-पांच बैठक कर कर्मसूची बनाने तथा समीक्षा करने का निर्देश दिया। साथ ही महिला मोर्चा को घर-घर जाकर महिला मतदाताओं से संवाद करने को कहा। आधुनिक दौर के प्रचार माध्यम सोशल मीडिया के अधिकतम उपयोग पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अपने छोटे बड़े कार्य को फेसबुक और व्हाट्सएप के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं। पार्टी पदाधिकारी कार्यों को अपने तक सीमित न रखकर कार्यकर्ताओं के बीच बांटे, ताकि कार्य क्षमता बढ़े। उन्होंने कहा कि हमें केवल राजनीति नहीं करनी बल्कि गांव-गांव, बस्ती-बस्ती जाकर लोगों के सुख-दुख का भागीदार बनना है। जब हम जन-जन से जुड़ेंगे, तभी सत्ता परिवर्तन संभव है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अमित भट्टाचार्य, राज्य प्रभारी सुनील बंसल, बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे, पार्टी के आईटी सेल के राष्ट्रीय प्रभारी अमित मालवीय, छत्तीसगढ़ के संगठन सचिव पवन सहाय, कृष्णेंदु मुखर्जी, सभापति सिंह, पवन सिंह उपस्थित रहे।

# इंदौर में दूषित पानी से 30वीं मौत, अब भी 3 मरीज आईसीयू और एक वेंटिलेटर पर

**चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद बुधवार सुबह ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई**



**एजेंसी, इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा रखने वाले मध्य प्रदेश के इंदौर शहर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से मौतों का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार सुबह 62 वर्षीय महिला लक्ष्मी रजक की इलाज के दौरान मौत हो गई।

इसके साथ ही दूषित पानी से जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 30 हो गई है। परिजनों के अनुसार, लक्ष्मी रजक को दो दिन पहले उल्टी-दस्त और घबराहट की शिकायत के बाद उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में उनकी किडनी में गंभीर संक्रमण पाया गया। चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद बुधवार सुबह ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। उल्लेखनीय है कि उनके पति स्वर्गीय डॉ. के.डी. रजक, जो स्वयं चिकित्सक थे, का निधन भी 17 माह पहले हो चुका है। सीएचएल अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अवधेश गुप्ता ने बताया कि जांच में लक्ष्मी रजक की किडनी में गंभीर संक्रमण पाया गया था।

संक्रमण तेजी से फैल चुका था और अंगों ने काम करना बंद कर दिया था। चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्होंने दम तोड़ दिया। इससे एक दिन पहले भागीरथपुरा निवासी 75 वर्षीय खूबचंद पुत्र गन्नुदास की भी उल्टी-दस्त से पीड़ित होने के बाद मौत हुई थी।

बुधवार को उनके परिजनों और स्थानीय लोगों ने अंत्येष्टि से पहले सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया, जिससे कुछ समय के लिए क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी। समझाइश के बाद परिजन अंत्येष्टि के लिए राजी हुए और शव लेकर श्मशान घाट के लिए रवना हुए। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में लंबे समय से सीवरेज मिश्रित पानी की आपूर्ति हो रही है, जिसकी शिकायतें पहले भी की गई, लेकिन समय पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, फिलहाल 6 मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। इनमें से 3 मरीज आईसीयू में हैं और एक की हालत गंभीर होने पर उसे वेंटिलेटर पर रखा गया है।

दिसंबर के अंतिम सप्ताह से शुरू हुई इस बीमारी में अब तक 4,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें करीब 450 मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

# कोलकाता वेयरहाउस अग्निकांड : मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 16, लापता लोगों की तलाश जारी



**एजेंसी, कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता के बाहरी इलाके आनंदपुर में स्थित दो गोदामों में लगी भीषण आग में मृतकों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। पुलिस ने बुधवार को इसकी पुष्टि की है। हादसे के बाद अब भी कई लोग लापता बताए जा रहे हैं और उनकी तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन जारी है। इस मामले में पुलिस ने डेकोरेटर गोदाम के मालिक गंगाधर दास को लापरवाही से मौत के आरोप में गिरफ्तार किया है। डेकोरेटर का यह गोदाम एक मोमो कंपनी के गोदाम से सटा हुआ था, जो आग में पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया। मोमो कंपनी के मालिकों के खिलाफ भी इसी तरह के आरोप दर्ज किए गए हैं, हालांकि अब तक उस कंपनी से किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार, यह आग सोमवार तड़के करीब तीन बजे लगी थी, जो मंगलवार दोपहर तक बेकाबू बनी रही। आग बुझने के बाद जले हुए गोदामों के भीतर से मानव अंगों के अवशेष मिले। घटना के समय मौके पर कितने लोग मौजूद थे, इसका सटीक आंकड़ा अब तक सामने नहीं आ पाया है। शव अत्यधिक झुलस जाने के कारण उनकी पहचान करना मुश्किल हो रहा है। इस बीच बारुईपुर जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अब तक 16 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, लेकिन मृतकों की पहचान और उनके निवास स्थान की जानकारी अभी उपलब्ध नहीं है। आधिकारिक तौर पर 20 लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। पुलिस ने कहा है कि अदालत से अनुमति मिलने के बाद डीएनए जांच के जरिए मृतकों की पहचान कराई जाएगी। पुलिस ने बताया कि आग किस गोदाम से शुरू हुई और कैसे दूसरे गोदाम तक फैली, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। आग लगने के कारणों की जांच जारी है। दमकल विभाग की शिकायत के आधार पर नरेंद्रपुर थाना में लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए भी इसी धारा में एक अलग मामला दर्ज किया है। इन्हीं मामलों के आधार पर गंगाधर दास को मंगलवार रात गरिया इलाके से गिरफ्तार किया गया। बुधवार को मेडिकल जांच के बाद उसे बारुईपुर उप-मंडलीय अदालत में पेश किया गया, जहां से आदालत ने उसे तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। हालांकि, गंगाधर दास ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया है। उसने पुलिस को बताया कि आग मोमो फैक्ट्री की लापरवाही के कारण लगी और इस हादसे में उसका वर्षों पुराना कारोबार पूरी तरह तबाह हो गया। घटना के बाद यह सवाल भी उठने लगे हैं कि दोनों गोदामों में आग से सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम थे या नहीं। मंगलवार को दमकल विभाग के महानिदेशक रणवीर कुमार ने घटनास्थल का दौरा किया और बताया कि इन गोदामों को दमकल विभाग की ओर से कोई फायर सेफ्टी क्लीयरेंस नहीं दी गई थी। इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि बिना वैध अनुमति के ये गोदाम इतने लंबे समय तक कैसे संचालित होते रहे।

रणवीर कुमार ने माना कि दमकल विभाग की ओर से भी कहीं न कहीं चूक हो सकती है और पूरे मामले की जांच की जाएगी। इस बीच, कोलकाता नगर निगम (केएमसी) की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# छत्तीसगढ़ की जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी, बढ़ाई गई सुरक्षा




**एजेंसी, जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ में बुधवार को कई जिला अदालतों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिसके बाद पुलिस ने परिसर खाली कराया और गहन तलाशी ली। हालांकि तलाशी के दौरान पुलिस टीम को कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बस्तर जिला मुख्यालय जगदलपुर के जिला एवं सत्र न्यायालय की आधिकारिक ई-मेल आईडी पर सुबह साढ़े चार बजे के करीब एक मेल आया है। इसमें न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई। सुबह 10 बजे न्यायालय खुलने के बाद इसकी जानकारी अधिकारियों को मिली, तो अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बम और डॉग स्क्वाड के जरिए पूरे कोर्ट परिसर की जांच की गई। हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई। फिलहाल स्थिति सामान्य है। धमकी भरे मेल में लिखा गया है कि जगदलपुर न्यायालय परिसर में दो सुसाइड बम धमाके किए जाएंगे। इसके साथ ही तीन जहर गैस बम भी लगाए जाने का दावा किया गया। मेल में यह भी लिखा गया कि दोपहर 1:45 बजे तक जजों को न्यायालय से बाहर निकाल लिया जाए, नहीं तो बड़ा नुकसान होगा। बस्तर जिले के पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने अपनी पूरी टीम के साथ कोर्ट परिसर पहुंचकर एहतियातन पूरा न्यायालय परिसर खाली कराया। इसके बाद बम स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड के द्वारा हर हिस्से की गहन जांच शुरू की गई। न्यायालय परिसर में खड़े सभी वाहनों की जांच की गई। हर कक्ष, चेंबर और आस-पास के इलाकों को खंगाला गया। सुरक्षा कारणों से काफी देर तक न्यायालय का काम-काज पूरी तरह प्रभावित रहा। फिलहाल जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन प्रशासन का कहना है कि धमकी को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है और बस्तर में न्यायालयों की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। एसपी शलभ सिन्हा ने बताया कि न्यायालय के आधिकारिक ई-मेल पर बम की धमकी मिली थी। सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करते हुए पूरे परिसर की जांच कराई गई है। अब तक की जांच में किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक सामग्री नहीं मिली है। मामले की साइबर और तकनीकी जांच भी की जा रही है। इससे पहले अंबिकापुर स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया था। न्यायालय की आधिकारिक ईमेल आईडी पर धमकी भरा मेल प्राप्त हुआ। इसके बाद न्यायालय परिसर और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई और हर व्यक्ति की सघन जांच की गई। सरगुजा एसएसपी एवं डीआईजी राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि न्यायालय को ईमेल के जरिए धमकी मिलने की सूचना के बाद तत्काल पुलिस बल तैनात किया गया है। पूरे परिसर की जांच की गई है। उन्होंने कहा कि जो ईमेल प्राप्त हुआ है, उसे गंभीरता से लिया गया है और यह पता लगाया जा रहा है कि मेल कहां से और किसने भेजा है। साथ ही उसके पीछे का उद्देश्य क्या है। फिलहाल जांच के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से मजबूत की गई है और लगातार चेकिंग जारी है। इसी तरह राजनांदगांव जिला न्यायालय परिसर और जांजगीर चांपा जिला एवं सत्र न्यायालय को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिसके बाद हड़कंप मच गया।पूरे परिसर की सघन जांच की गई। फिलहाल किसी भी प्रकार संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं की गई। मेल कहां से आया किसने भेजा था, इसकी जांच की जा रही है।










# यूजीसी नियमों पर विपक्ष का हमला, बोले—कुर्सी की राजनीति में छात्रों को बांट रही भाजपा

**समृद्धि न्यूज हरदोई**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा नियमों में किए गए बदलाव को लेकर जिले की राजनीति गरमा गई है। जहां भाजपा जिलाध्यक्ष ने इसे शिक्षा के हित में लिया गया निर्णय बताते हुए किसी भी विवाद से खुद को अलग रखा, वहीं सपा, कांग्रेस और बसपा के जिला पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार और भाजपा पर जमकर निशाना साधा।

भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि यूजीसी द्वारा नियमों में किया गया परिवर्तन बुद्धिजीवियों द्वारा सोच-समझकर शिक्षा के हित में लिया गया फैसला है। इससे उच्च शिक्षा व्यवस्था और अधिक पारदर्शी व गुणवत्तापूर्ण बनेगी। भाजपा हमेशा शिक्षा सुधार के पक्ष में रही है और यह निर्णय भी समाज के व्यापक हित में है।



वहीं समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शराफत अली ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा की नीति शुरू से ही समाज को बांटने की रही है। अब शिक्षा के क्षेत्र में भी छात्रों के बीच खाई पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। यूजीसी के नियमों में बदलाव कर भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य को असमंजस में डाल रही है। भाजपा हमेशा ऐसे मुद्दे उछालती है जिससे असली समस्याओं से ध्यान भटकाया जा सके। बसपा जिलाध्यक्ष सूर्यकांत निराला ने कहा कि केंद्र सरकार को शिक्षा से जुड़े ऐसे फैसले लेने चाहिए, जिनसे सर्व समाज का हित सुनिश्चित हो। यूजीसी नियमों में परिवर्तन करते समय सभी वर्गों और छात्रों के हितों का ध्यान रखा जाना चाहिए। किसी भी निर्णय से असंतुलन नहीं पैदा होना चाहिए। सरकार को समाज को जोड़ने वाली राजनीति करनी चाहिए, न कि बांटने वाली।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष विक्रम पांडेय ने कहा कि यूजीसी के नियमों में किया गया बदलाव शिक्षा को समावेशी बनाने के बजाय विभाजन की ओर ले जा रहा है। भाजपा सरकार हर क्षेत्र में समाज को बांटने का काम कर रही है। पहले सामाजिक स्तर पर और अब शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को भी इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। भाजपा कुर्सी की राजनीति के लिए कुछ भी कर सकती है।

प्रहलाद नगरी के अध्यक्ष शिवम द्विवेदी ने केंद्र सरकार से यूजीसी कानून को वापस लेने की मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों का कार्य ज्ञान देना और समरसता बढ़ाना है, न कि नए नियमों के जरिए छात्रों को वर्गों में बांटना। सरकार को शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए, न कि ऐसे कानून थोपने चाहिए जिससे युवाओं का भविष्य अंधकारमय हो।

# चौरासी कोसी परिक्रमा एवं पड़ावों पर सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें: अनुनय झा

**समृद्धि न्यूज**

जनपद सीतापुर से प्रारम्भ होकर जनपद हरदोई के चार पड़ावों पर ठहरने वाली चौरासी कोसी परिक्रमा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गयी। पड़ावों में बिजली व्यवस्था हेतु जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये पड़ावों पर एवं परिक्रमा मार्ग पर अस्थाई पोल लगवाकर सुरक्षित बिजली सप्लाई करायें तथा सफाई के संबंध में संबंधित नगर निकाय के ईओ को निर्देश दिये कि परिक्रमा मार्ग व पड़ावों 5-5किमी की परिधि में आटो मोबाइल सफाई कर्मचारियों की डियुटी लगाकर नियमित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करायें तथा प्रत्येक पड़ाव पर पेयजल एवं मोबाइल शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराये तथा पड़ावों पर सीसी टीवी कैमरे लगवायें। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पड़ावों पर श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण हेतु शिविर लगवायें।

खराब मार्गो के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि परिक्रमा मार्ग में आने वाले सभी खराब मार्गो को परिक्रमा प्रारम्भ होने से पहले प्रत्येक दशा में ठीक करा दें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होने कहा कि चौरासी कोसी परिक्रमा मार्ग पर बिना एसडीएम की अनुमति किसी भण्डारे आदि का आयोजन नही किया जायेगा। उन्होने अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि परिक्रमा मार्ग एवं पड़ावों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करायें तथा लोगों एवं श्रद्धालुओं की जानकारी हेतु संबंधित विभागों के हेल्प लाइन नम्बर के बैनर लगवायें और सभी संबंधित विभाग के अधिकारी चौरासी कोसी परिक्रमा सकुशल सम्पन्न कराये। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, अपर जिलाधिकारी, न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी संबंधित विभाग के अधिकारी तथा पड़ावों के महंत आदि उपस्थित रहें।

# विद्यार्थियों एवं आम लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करें-डीएम

**समृद्धि न्यूज हरदोई**

> विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु स्कूल, कालेज के वाहनो में सभी मानक पूरे कराये जाये-अनुनय झा

बुधवार को स्वामी विवेकानन्द सभागार, कलेक्टेट में आहूत जिला विद्यालय परिवहन यान एवं सड़क सुरक्षा समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने परिवहन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आम लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु जागरूक करें तथा विद्यालय वाहनों की नियमित जांच करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालयों के नाम पंजीकृत, अनुबन्धित स्कूल बस, आटो, टैम्पो, टैक्सी आदि वाहन पर स्वामी, चालक का नाम, पता, आधार व डीएल नम्बर लिखवाये जाये तथा स्कूल, कालेजों के वाहनो में विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु सभी मानक पूरे कराये जाये और सड़क सुरक्षा जागरूकता के दृष्टिगत विद्यालयों में सड़क सुरक्षा के नारे व दुस सुनहरे नियम लिखवाये जाये तथा समय-समय पर चित्रकला, निबन्ध, भाषण आदि प्रतियोगितायें कराये। उन्होने कहा कि पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर जनपद के मुख्य-मुख्य मार्गो एवं चौराहों पर अभियान चलाकर दो पहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने हेतु प्रेरित करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0रा0 प्रियंका सिंह, एआरटीओ, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# बकाया वसूली में बवाल जेई समेत संविदा कर्मचारियों पर हमला

**समृद्धि न्यूज सवायजपुर/हरदोई**

**मंगलवार को** रामपुर लाल गांव में ओटीएस कैंप के दौरान बकायेदार जगपाल पुत्र सूरत की लाइन काटने पर की उपभोक्ता आक्रोशित हो उठा। विद्युत टीम पर पथराव करते हुए गांव से खदेड़ दिया। यहां तक की काटी गई केबिल तक विभाग की गाड़ी से उतारते हुए लाइन जोड़ने की धमकी दी। भीड़ के बीच से टीम जैसे तैसे बचाव कर निकली और पुलिस को लिखित तहरीर दी है। अवर अभियंता सरफराज अहमद ने बताया कि सवायजपुर थाना क्षेत्र के रामलालपुर गांव में ओटीएस योजना के तहत बिजली विभाग के द्वारा कैंप लगाया गया। था जिसमें शतप्रतिशत ब्याज का लाभ दिलाने के लिए टीम गांव के अंदर बकाएदारों के मीटर की रीडिंग और बिल की जांच की जा रही थी।साथ ही लंबे समय से बकाएदारों की लाइन काटी जा रही थी। गांव के ही एक उपभोक्ता का 24107 बकाया होने पर घर पहुंच गए। जहां पर बिल जमा करने की बात पर इंकार कर दिया। इसके बाद टीम ने जैसे ही लाइन काटी वैसे ही उपभोक्ता में आक्रोश फैल गया। और हंगामा काटना शुरु कर दिया और टीम के साथ तीखी नोकझोक तक हो गई। इस कहासुनी के बाद मामला इतना बढ़ गया कि टीम के ऊपर पत्थर उठाकर टीम को खदेड़ दिया। विभागीय कार्रवाई से उग्र भीड़ के बीच से टीम गाड़ी लेकर मौके से भाग खड़ी हुई।सवायजपुर सबस्टेशन 33/11 केवीए के जेई सरफराज अहमद ने पुलिस को 9 नामजद के खिलाफ थाना सवायजपुर में तहरीर दी। आरोप लगाया कि बकाएदार के भतीजे ने भीड़ एकत्र की, गाड़ी में पत्थर फेंका और गाड़ी में रखी केबिल उठा ले गए, ईट से प्रहार की कोशिश की। ग्रामीणों ने विद्युत कर्मियों के साथ गाली गलौज की। थाना प्रभारी सवायजपुर प्रिंस सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है। उचित कार्रवाई की जाएगी।



## 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के बेरोजगार युवतियों के स्वरोजगार: विक्रांत ओझा

**समृद्धि न्यूज हरदोई** । निदेशक आरसेटी विक्रांत ओझा ने बताया है कि बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जनपद के 18 वर्ष से 50 वर्ष तक के बेरोजगार युवतियों के स्वरोजगार स्थापना हेतु ब्यूटी पार्लर का 35 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 30.01.2026 से प्रारंभ हो रहा है। प्रशिक्षण के दौरान आवास तथा भोजन की सुविधा पूर्णतया निःशुल्क उपलब्ध है। प्रशिक्षण के साथ प्रशिक्षणार्थियों को मार्केट सर्वे, बिजनेस प्लान, उद्यमिता विकास, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा बैंकिंग की जानकारी भी प्रदान की जाती है। इच्छुक अभ्यर्थी शीघ्र संपर्क करें, सीट सीमित है तथा आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, हाईस्कूल मार्कशीट, स्वयं सहायता समूह,राशनकार्ड,मनरेगा कार्ड,की फोटो कापी तथा 4 रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो।संपर्क सूत्रः- 7379969627, 9044801001, 9140650306, 8127520102, 7572064711।

## खबरें एक नजर में

### जिलाधिकारी ने जन सुनवाई मे सुनी 66 शिकायतें

**समृद्धि न्यूज हरदोई बुधवार** को कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 66 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणावत्तापूर्ण पूर्ण हो। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये व पात्रो को योजनाओं का लाभ दिया जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्टेªट भूमिका यादव व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

### जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक 30 जनवरी को: उपायुक्त उद्योग

**समृद्धि न्यूज हरदोई** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग केन्द्र ने अवगत कराया है कि जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में 30 जनवरी 2026 को अपरान्ह 04 बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार, कलेक्टेªट में आहूत की गयी है। उन्होने संबंधित विभाग के अधिकारियों तथा उद्योग एवं व्यापार बन्धु के पदाधिकारियों से कहा है कि उक्त बैठक में निर्धारित तिथि व समय पर प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### पति साथ बाजार आई विवाहिता प्रेमी सँग फरार, रिपोर्ट दर्ज

**समृद्धि न्यूज शाहाबाद/हरदोई**

कोतवाली छेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता पति के साथ बाजार आई थी। बाजार से ही पति को छोड़कर प्रेमी के साथ जाने पर पति ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू की है। पीड़ित पति के अनुसार वह दस जनवरी को दोपहर में पत्नी को साथ लेकर बेझा चौराहा कुछ खरीदारी करने आया था।पाली थाना छेत्र के निज़ामपुर निवासी मंजेश पुत्र सत्यदेव उसकी पत्नी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। उसकी पत्नी उसका मोबाइल भी अपने साथ लेकर गयी है। उसने अपनी पत्नी को काफ़ी तलाश किया लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। पीड़ित पति की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर विवाहिता की तलाश शुरू कर दी है।

### दहेज़ उत्पीड़न कर शादी तोड़ने वाले पांच आरोपियों पर रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज हरदोई** पिहानी थाना छेत्र निवासी युवती ने खीरी जनपद निवासी होने वाले पति सहित पांच लोगों के विरुद्ध दहेज़ की अतिरिक्त मांग को लेकर शादी तोड़ने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू की है। पिहानी थाना छेत्र के ग्राम बगौछा के मजरा रामसिंह पुरवा निवासी वंदना पुत्री भोजराज के अनुसार उसके पिता ने 1 नवम्बर 25 को उसका विवाह लखीमपुर जनपद के उचौलिया थाना छेत्र के ग्राम मोहदियापुर निवासी हिमांशू पुत्र मलिखान के साथ तय की थी। एक दिसम्बर 25 को उसकी सगाई भी हो चुकी थी। उसके पति, ससुर, सास उषा, ननद उर्मिला और निर्मला ने दहेज़ में एक तोला सोने की चेन, अपाचे बाइक, टीवी, फ्रिज, कूलर और एक लाख रूपए की मांग की। उसने कहा कि वह बहुत गरीब हैं इतना दहेज़ नहीं दे पाएंगे। तो आरोपियों में शादी से मना कर दिया। पीड़िता कि लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है।

### डीएलएड प्रशिक्षुओ द्वारा निपुण विद्यालय आकलन गतिमान

**समृद्धि न्यूज हरदोई।** राज्य परियोजना कार्यालय के निर्देशानुसार जनपद में निपुण विद्यालय आकलन के द्वितीय दिवस 28 जनवरी 2026 को बारिश व खराब मौसम के बावजूद बच्चों में उत्साह देखा गया। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हरदोई के डी0एल0एड0 प्रशिक्षुओं की टीम द्वारा जनपद के परिषदीय प्राथमिक एवं संविलयन विद्यालयों के कक्षा 1 व 2 के रैंडम आधार पर चिन्हित 12-12 बच्चों का निपुण लक्ष्य एप से आकलन किया जा रहा है। 28 जनवरी 2026 को जनपद में 240 विद्यालयों मे आकलन होना था, जिनमें से 234 विद्यालयों में आकलन पूर्ण किया गया। शेष 06 विद्यालयों में आकलन आगामी दिवसों में पूर्ण किया जाएगा। डायट प्राचार्य रमेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व एवं वरिष्ठ प्रवक्ता योगेंद्र सिंह के निर्देशन में डी एल एड प्रशिक्षुओं द्वारा शुचितापूर्ण आकलन किया जा रहा है। जिला समन्वयक प्रशिक्षण दिलीप कुमार शुक्ला तथा नोडल प्रवक्ता दिवाकर यादव द्वारा आकलन की नियमित समीक्षा की जा रही है।आकलन को सुचारू रूप से संपन्न कराए जाने हेतु डायट तथा बी एस ए कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं, जिनके द्वारा लगातार प्रशिक्षुओं व शिक्षकों की समस्याओं के समाधान किए गए।

# 77वें गणतंत्र दिवस पर मोहनलाल स्मारक जूनियर हाई स्कूल में देशभक्ति का उत्सव

**समृद्धि न्यूज सण्डीला/हरदोई**



मोहनलाल स्मारक जूनियर हाई स्कूल, समोधा दलेलनगर, हरदोई में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की आरती से हुआ, जिसमें अंशी मौर्य, रिया मौर्य, कंचन विश्वकर्मा, काजल, दीप्ति चौरसिया, प्रियांशी, अंशिका, अभय द्विवेदी, आशी द्विवेदी सहित अन्य बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक रामकुमार चौरसिया एवं प्रधानाचार्य सौरभ चौरसिया ने की। आयोजकों ने अपने संक्षिप्त संबोधन में संविधान, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस दौरान छात्र अभय द्विवेदी प्रभावशाली संबोधन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें उन्होंने कहा– ÷संविधान हमें अधिकार और कर्तव्य सिखाता है, शिक्षा, अनुशासन और एकता से ही हम मजबूत भारत बनाकर शहीदों के सपनों को साकार करेंगे।÷ विद्यालय के शिक्षक वीरेंद्र कुमार, राजकुमार, नीरज कुमार, सौरभ मौर्य, मुस्कान, दिव्यांशी चौरसिया, आरती चौरसिया, प्रिया सिंह, काजल शर्मा, शबाना खातून सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का समापन बच्चों के उत्साहवर्धन और राष्ट्रहित के संकल्प के साथ हुआ।

# गिरोहबंद के तीन पचीस हजार के इनामी वांछित पुलिस ने किये गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज हरदोई**

मल्लावा थाना पुलिस ने माधोगंज थाना छेत्र के गिरोहबंद के मामले में फरार चल रहे तीन पचीस पचीस के वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

प्राप्त विवरण में 01.01.2026 को थाना प्रभारी माधौगंज द्वारा.सर्वेश यादव उर्फ श्यामकिशोर पुत्र दयाराम निवासी ग्राम चन्दौली, मिथुन पुत्र मानसिंह और अन्नू पुत्र गुलजारीलाल निवासीगण ग्राम कंजड़पुरवा थाना माधौगंज सहित कुल 04 अभियुक्तगण के विरुद्ध आर्थिक एवं भौतिक लाभ के उद्देश्य से संगठित रुप से गिरोह बनाकर चोरी जैसे जघन्य अपराध करने/समाज विरोधी क्रियाकलापों में लिप्त रहने पर थाना माधौगंज पर आरोपियों के विरुद्ध 2/3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 पंजीकृत किया गया था । थाना मल्लावां के प्रभारी शिवकांत पाण्डेय और पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित नामजद सर्वेश यादव उर्फ श्यामकिशोर पुत्र दयाराम, मिथुन पुत्र मानसिंह और अन्नू पुत्र गुलजारीलाल को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास जारी है।पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा द्वारा उपरोक्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी पर 25,000-25000 रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था।



# हल्की बूंदाबांदी से संडीला की लाइट व्यवस्था चरमराई रात भर छाया रहा अंधेरा

**समृद्धि न्यूज हरदोई/संडीला**

नगर में हल्की बूंदाबांदी के बाद ही विद्युत आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई। मामूली बारिश ने बिजली विभाग की तैयारियों की सच्चाई उजागर कर दी। कई घंटों तक आपूर्ति ठप रहने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग की ओर से दावा किया जा रहा है कि लाइन स्टाफ लगातार फील्ड में काम कर रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल अलग नजर आ रही है। लाइन स्टाफ के पास संसाधनों का अभाव भी मरम्मत में बड़ी बाधा का कारण बनता है। लाइन स्टाफ अपना काम बारिश, धूप, लू, भीषण सर्दी में भी करते है लेकिन उचित संसाधन न होना फॉल्ट दुरुस्त करने में लेटलतीफी का कारण बनती है। नगर के अलग-अलग क्षेत्रों से बार-बार फाल्ट की शिकायतें आती रहीं, परंतु समय पर आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि विगत 1 से डेढ़ वर्ष पूर्व से ही समस्या अधिक हो रही है, जब भी हल्की बूंदाबांदी होती है, तब तब बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है ऐसे में तेज बारिश या बड़े आंधी-तूफान में हालात कितने भयावह होंगे, इसका अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

बार-बार हो रही बिजली कटौती से घरेलू कार्यों के साथ-साथ व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हुई। लोगों में विद्युत विभाग के प्रति गहरा रोष देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने मा बिजली व्यवस्था को जल्द से जल्द दुरुस्त किए जाने की मांग और भविष्य में इस तरह की समस्या से निपटने के लिए पहले से तैयारियों की मांग की है। जबकि स्थानीय अधिकारियों का कहना रहता है कि वे लगातार कार्य कर रहे हैं लेकिन समय आने पर जरा सी मौसम की मार पूरे महकमे पर प्रश्नचिह्न लगा देता है।

### बंद मकान में लड़का किशोरी को लेकर पहुंचा, पुलिस आने पर बाइक छोड़कर दोनों फरार

**समृद्धि न्यूज शाहाबाद/हरदोई** शाहाबाद नगर क्षेत्र के मोहल्ला खत्ता जमाल खां में एक बंद पड़े मकान में सोमवार को सुबह एक लड़का किशोरी को लेकर आया और ताला खोलकर अंदर चला गया। दूसरा लड़का बाहर खड़ा रहा। मोहल्ले वालों के अनुसार उस घर में उन दोनों को कभी देखा नहीं गया। मोहल्ला वासियों ने आपत्ति की। लड़का और किशोरी को बाहर निकाला जाए तो साथ में आए लड़के ने उस मकान में बाहर से ताला लगा दिया। दोनों को भगाने में बासित नगर चौराहे पर एक मंदिर के पास रहने वाले एक बदनाम युवक ने सजातीय होने की वजह से मद्द की । मौके पर भारी भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को सूचना दी गई । 112 नंबर पुलिस के आने से पहले बाहर खड़े लड़के ने ताला खोला और दोनों फरार हो गए। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मोहल्ला वासियों से पूरी जानकारी ली और बाइक छोड़कर भागे लड़के और किशोरी का हुलिया पूंछा। फिलहाल बाइक को उठाकर पुलिस कोतवाली ले गई है। पूरे मोहल्ले में उक्त मकान में संदिग्ध महिलाओं और पुरुषों के आने की काफी चर्चा है।

# जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक सम्पन्न

**समृद्धि न्यूज हरदोई**

जिला स्तरीय मॉनीटरिंग समिति की बैठक आज स्वामी विवेकानन्द सभागार,में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आहूत की गयी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पोलिंग स्टेशनवार दिव्यांग मतदाताओं की मैपिंग की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में उप-जिला निर्वाचन अधिकारी को अवगत कराया जाये। जनपद की 08 विधानसभाओं में 23138 दिव्यांग मतदाता पंजीकृत है। जबकि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा 30,346 दिव्यांगजनों को पेंशन प्राप्त करायी जा रही है। इस हेतु जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि दिव्यांग पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों का डाटा उप जिलानिर्वाचन अधिकारी, को उपलब्ध कराया जाये जिससे अवशेष दिव्यांगजनों के नाम वोटर लिस्ट में जोड़े जाने सम्बन्धी कार्यवाही की जा सकें। दिव्यांग हितैषी/बाधारहित पोलिंग बूथ निर्माण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया समस्त पोलिंग बूथों पर दिव्यांग मतदाताओं की सुगमता को ध्यान में रखते हुए रैंम्प निर्माण आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी, को निर्देशित किया गया कि 31 दिसम्बर 2025 तक जनरेट दिव्यांग प्रमाण पत्र की सूची जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है। उनकी सूची उप जिलानिर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराये जिससे उनका भी नाम वोटर लिस्ट में जोड़ा जा सकें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी,संजय कुमार निगम, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बालमुकुंद प्रसाद जिला विद्यालय निरीक्षक, डी0एन0 राव, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

### मैच देखने आए युवक की बाइक चोरी अज्ञात पर रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज हरदोई** पिहानी थाना छेत्र में मैच देखमे आये युवक की बाइक पर अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर बाइक की तलाश शुरू की है। लखीमपुर खीरी जनपद के पसगवा थाना छेत्र के बरबर कस्बे के मोहल्ला मौलवीगंज निवासी फूल मियां पुत्र मुन्नन के अनुसार वह 14 जनवरी को अपने भाई नौसे मियां की बाइक संख्या यूपी 31 सीसी 5776 से पिहानी थाना छेत्र के पडरवा किला में चल रहे मैच का फ़ाइनल देखने दोपहर में तीन बजे आया था।पण्डरवा रामपुर सम्पर्क मार्ग पर बाइक खड़ी कर वह मैच देखने लगा।

### बाईक खंती मे जा गिरी, तीन घायल

**कोथावा-अतरौली मार्ग पर गढ़ी नेवादा पुलिया समीप हुई घटना**

**समृद्धि न्यूज हरदोई**

**बेनीगंज** कोतवाली क्षेत्र मे कोथावा अतरौली मार्ग पर गढ़ी नेवादा पुलिया समीप तेज रफ्तार बाईक खंती मे जा गिरी। जिससे बाईक पर सवार तीन लोंग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची 102 एम्बुलेंस यूपी बत्तीस एफ जी गेरह तेतिस के ईएमटी सुनील कुमार पाल व पायलेट हरीश कुमार ने तीनो घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा मे भर्ती कराया। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के नगवा निवासी सचिव पुत्र गुड्डू उम्र 18 वर्ष बाईक से अपने साथी आयुष पुत्र बनवारी उम्र 12 वर्ष, प्रियांशु पुत्र राजकुमार उम्र 16 वर्ष निवासी ग्राम हरीहरपुर थाना सदना जनपद सीतापुर के साथ बाईक से,अतरौली जा रहे थे।इस दौरान बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र मे कोथावा अतरौली मार्ग पर गढ़ी नेवादा पुलिया समीप सामने से आ रही कार को आता देख बाईक चला रहे सचिव नियंत्रण खो दिया जिससे बाईक खंती मे जा गिरी। जिससे बाईक पर सवार तीन लोंग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरो की सूचना पर पहुंची 102 एम्बुलेंस यूपी बत्तीस एफ जी गेरह तेतिस के ईएमटी सुनील कुमार पाल व पायलेट हरीश कुमार ने तीनो घायलों को सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोथावा मे भर्ती कराया। बेनीगंज कोतवाल ओम प्रकाश सरोज ने बताया कि पुलिया समीप बनी खंती मे बाईक गिरने से तीन लोंग घायलों की जानकारी हुई है।घटना की जांच कराई जा रही है।

### फ़सल देखने जा रहे किसान को आवारा साढ ने दौड़ाया,कटीले तार पर गिरकर युवक हुआ घायल

**समृद्धि न्यूज हरदोई।** आवारा जानवरो का क्षेत्र मे इतना आतंक मच गया है। कि कुछ पूछो ही मत, एक वाक्या जनपद हरदोई के पिहानी थाना क्षेत्र के बखरिया गांव मे हुआ जहा 40 वर्ष दुलारे पुत्र पुशे को आवारा साढ ने दौड़ा लिया। जिससे 40 वर्षीय युवक अपनी जान बचाने के लिए खेतो की तरफ भागा। लेकिन वहां कटीले तारो ने जख्मी कर युवक को घायल कर दिया। राहगीरो की सूचना पर पहुंची

108 एंबुलेंस यूपी बत्तीस ईजी 48 44 के एमटी सुमित सिंह व पायलट रविंद्र कुमार ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिहानी में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सको ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया। पिहानी थाना क्षेत्र के बखरिया गांव निवासी दुलारे पुत्र पूसे उम्र 40 वर्ष खेत मे खड़ी फसल को देखने के लिए गए हुए थे इस दौरान आवारा साड़ो ने हमले करने की नियत से उन्हें दौड़ा लिया।खेत मे लगे कटीले तारो ने उन्हें घायल कर दिया।राहगीरो की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस यूपी बत्तीस ईजी 48 44 के एमटी सुमित सिंह व पायलट रविंद्र कुमार ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिहानी में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सको ने युवक की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया।

### तीन दबंगों पर दलित उत्पीड़न की रिपोर्ट लिखाई

**समृद्धि न्यूज शाहाबाद/हरदोई** एक महिला ने पुत्र के साथ मारपीट करने और जाति सूचक गाली गलौज करने वाले तीन दबंगों पर दलित उत्पीड़न के अंतर्गत के केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। अमरखेरवा की रहने वाली प्रेमलता पत्नी जगतपाल के अनुसार 21 जनवरी की शाम 4¬00 बजे उसका बेटा श्रीकांत मानपुर बाजार में घरेलू सामान क्रय करने के लिए गया था। वह जैसे ही लाल जीत की दुकान के पास पहुंचा तो पुरानी रंजिश के चलते रामेंद्र सिंह, अंबुज सिंह, रमाकांत ने घेर लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सभी ने मिलकर जाति सूचक गालियां दी और उसकी पिटाई कर दी। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

# कब्जामुक्त करायें जमीन, बख्शे न जायें भू माफिया : योगी

## जनता दर्शन में नहीं होने देंगे किसी के साथ अन्याय

**एजेंसी, लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि किसी व्यक्ति की जमीन पर किसी दबंग या भूमाफिया ने कब्जा किया है तो तत्काल जमीन को कब्जामुक्त कराया जाए। दूसरे की जमीन कब्जा करने वाले दबंगों, कमजोरों को उजाड़ने वालों तथा भूमाफिया को कतई न बख्शा जाए। कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, सबक सिखाया जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है। सीएम योगी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में कुर्सियों पर बैठे लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित व संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ सीएम ने लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन में दबंगों द्वारा जमीन कब्जा किए जाने की एक शिकायत पर मुख्यमंत्री ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जमीन कब्जा की शिकायत पर त्वरित एक्शन लिया जाए। जमीन कब्जामुक्त होनी चाहिए, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

## बिना स्नान किये शंकराचार्य ने छोड़ा माघ मेला

**एजेंसी, लखनऊ।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने माघ मेला अचानक छोड़ दिया है। आज बुधवार की सुबह माघ मेले को छोड़ने का फैसला लेने के बाद शंकराचार्य प्रयागराज से काशी के लिए रवाना हो गए। मौनी अमावस्या पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों से विवाद के बाद उन्होंने संगम में स्नान नहीं किया था। अपने शिविर में भी नहीं गए थे। बुधवार को 11वें दिन भी वह शिविर के बाहर ही धरने पर डटे रहे। मंगलवार देर रात समर्थकों से बातचीत के बाद शंकराचार्य ने माघ मेला छोड़ने का फैसला किया। पहला मौका है जब माघ मेले में आने के बाद शंकराचार्य बिना स्नान ही वापस चले गए हैं। शंकराचार्य ने कहा कि हमने अन्याय का विरोध किया है और न्याय की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रयाग की इस धरती पर लोग आध्यात्मिक शांति के लिए आते हैं। आज ऐसी विपदा और भारी मन लेकर लौटना पड़ रहा है, जिसकी हमने कभी कल्पना नहीं की थी। जो भी यहां पर हुआ है उसने न सिर्फहमारी आत्मा को झकझोर है बल्कि न्याय और मानवता के प्रति हमारे विश्वास पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। संगम की इन लहरों में स्नान करना केवल धार्मिक क्रिया नहीं बल्कि आत्मा की संतुष्टि का एक मार्ग भी है। आज मन इतना व्यथित है कि इस संकल्प को अधूरा छोड़कर यहां से विदा ले रहे हैं। जब हृदय में क्षोभ और ग्लानि का 'वार हो तो स्वजल की शीतलता भी अर्थहीन हो जाती है।

















































## खबरें एक नजर में

### अवैध कब्जों पर रेलवे की बड़ी कार्रवाई, नोटिस के बाबजूद नहीं खाली की थी जमीन, तीन दिन के अंदर खाली करने का दिया समय



**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा रेलवे की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए आरपीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। रोजा क्षेत्र के टंकी रोड पर रेलवे की जमीन पर बनी तीन दुकानों पर हथौड़ा चलाकर तीन दिन के अंदर जमीन खाली करने का आदेश दिया हैं। आरपीएफ की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। रेलवे प्रशासन की ओर से पहले दुकानदारों को नोटिस जारी कर स्वयं अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन नोटिस के बावजूद कब्जा नहीं हटाया गया। इसके बाद बुधवार की दोपहर आईडब्ल्यू के अधिकारी व आरपीएफ के साथ मौके पर पहुंची और करीब एक घंटे में सभी तीन अवैध दुकानों को गिरा दिया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर भारी भीड़ मौजूद रही। आरपीएफ ने चेतावनी देते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर कब्जा की हुई जमीन खाली कर दो वर्ना बुलडोजर से जमीन खाली करा दी जायेगी।

### सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी: डीईओ

**शाहजहांपुर।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र के साथ कंपाउंड स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख-रखाव, रजिस्टर तथा गेट पर सील लॉकर का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात गार्डो आदि व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने सीसीटीवी कैमरा को चेकिंग, फायर सेफ्टी उपकरण की वैलेडिटी तिथि आदि बिंदुओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों के उपस्थिति पंजिका को चेक करते हुए निर्देशित किया कि डयूटीरत सुरक्षाकर्मी पूरी जिम्मेदारी व मुस्तैदी के साथ देखरेख करें। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### तमंचा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**गढ़िया रंगीन, शाहजहांपुर।** अवैध तमंचा और कारतूस के साथ बरेली का युवक गिरफ्तार किया गया। अपराध की रोकथाम और अवैध शस्त्रों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना जैतीपुर पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक आयुक्त को अवैध असलहे और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश अनुसार अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण और क्षेत्राधिकारी तिलहर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त और संदिग्ध बाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान नवादा मोड़ से दातागंज रोड की ओर जा रहे एक संदिग्ध युवक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास एक 12 बोर का तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की पहचान रविंद्र यादव पुत्र लालता प्रसाद निवासी ग्राम धर्मपुर थाना हाफिजगंज जिला बरेली के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध थाना जैतीपुर में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया।

### गणतंत्र दिवस पर तिरंगे का अपमान, सरकारी बैंक में नहीं हुआ झंडारोहण, बैंक ऑफ़ बड़ौदा की खुदागंज शाखा कटघरे में




**खुदागंज, शाहजहांपुर।** पूरे देश में जब 77वां गणतंत्र दिवस राष्ट्रगौरव, संविधान और तिरंगे के सम्मान के साथ मनाया जा रहा था, उसी समय उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले से एक चौंकाने और शर्मनाक मामला सामने आया है। दागंज स्थित सरकारी बैंक द् बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा में 26 जनवरी के दिन न तो तिरंगा फहराया गया और न ही कोई आधिकारिक समारोह आयोजित किया गया, जिससे क्षेत्र में भारी आक्रोश फैल गया है। राष्ट्रीय पर्व पर सरकारी लापरवाही, उठे गंभीर सवाल सरकारी संस्थान होने के बावजूद गणतंत्र दिवस जैसे संवैधानिक और राष्ट्रीय महत्व के दिन झंडारोहण न होना नियमों की खुली अनदेखी और राष्ट्रीय सम्मान के प्रति घोर असंवेदनशीलता को दर्शाता है। इस घटना ने बैंक प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। संविधान और तिरंगे की गरिमा पर चोट गणतंत्र दिवस भारत के संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। ऐसे ऐतिहासिक अवसर पर एक राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा में तिरंगे का न फहराया जाना न सिर्फ लापरवाही है, बल्कि इसे लोग राष्ट्रीय ध्वज का अपमान भी बता रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जब गांवों के स्कूल, पंचायत भवन और छोटे सरकारी कार्यालय पूरे सम्मान से झंडारोहण करते हैं, तो एक बड़े सरकारी बैंक द्वारा ऐसा न करना अक्षम्य अपराध है।

### पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मतदाता सेवा शिविर आयोजित

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** (एसआईआर)। विशेष अभियान के अंतर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित मतदाता सेवा शिविर में पूरे दिन लोकतंत्र का उत्सव देखने को मिला। फोटो में साफ दिख रहा है कि किस तरह बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाता अपने-अपने दस्तावेज लेकर शिविर में पहुंचे और अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। मेज पर फाइलों का अंबार और चारों ओर खड़े लोग इस बात का प्रमाण हैं कि शिविर में मतदाताओं का भरोसा और उत्साह दोनों बना रहा। शिविर में मतदाता सूची से जुड़ी नाम, आयु, पता, फोटो व अन्य त्रुटियों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। बीएलओ शिवकुमार, श्रीकृष्ण गंगवार, रेनू पाल, राम नगीना सहित संबंधित कर्मचारियों ने प्रस्तुत दस्तावेजों की गहन जांच कर आवश्यक सुधार की प्रक्रिया पूरी की। जिन प्रकरणों में दस्तावेज अधूरे पाए गए, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर शीघ्र समाधान का भरोसा दिया गया। जिन मतदाताओं के नाम सूची में न होने पर नोटिस जारी हुए थे, उनसे भी दस्तावेज जमा कराए गए। शिविर की खास बात यह रही कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं में पहली बार वोटर कार्ड बनवाने को लेकर जबरदस्त उत्साह दिखा। युवाओं ने बढ़-चढ़कर फॉर्म भरे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जुड़ने की खुशी जाहिर की। इस अवसर पर मीरानपुर कटरा कांग्रेस पार्टी के नगर अध्यक्ष अच्छन खां भी शिविर में पहुंचे। उन्होंने लोगों के बीच जाकर मतदाताओं से स्वयं एसआईआर फॉर्म भरवाने और समय पर जमा कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज होना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है। अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर अभियान का उद्देश्य कोई भी योग्य नागरिक मताधिकार से वंचित न रहे।

# डीएम ने की जनता दर्शन में शिकायत निस्तारण की नई पहल

**डीएम की लाइव वीसी व्यवस्था से फरियादियों को त्वरित राहत**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनता दर्शन में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक आने वाले फरियादियों की समस्याओं के निस्तारण को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा एक अभिनव पहल की शुरुआत की गई है। नई व्यवस्था के तहत जिले भर के सभी संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लाइव जोड़ा गया है, जिससे शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही सुनिश्चित किया जा रहा है। व्यवस्था में शिकायतकर्ता अपनी समस्या सीधे जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करता है, जबकि संबंधित विभागों के अधिकारी 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में शिकायतें सुनते हुए एक साथ डीएम से भी लाइव जुड़े रहते हैं। डीएम द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में शिकायत सुनते ही तत्काल संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाते हैं और मौके पर ही समस्या के समाधान की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। इससे न केवल शिकायतों के निस्तारण में लगने वाला समय काफी कम हुआ है, बल्कि फरियादियों को विभिन्न कार्यालयों के चक्कर लगाने से भी राहत मिली है। लाइव वीसी के माध्यम से अधिकारियों की जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है, क्योंकि निर्देशों का पालन तुरंत कराने की व्यवस्था बनाई गई है। कई मामलों में संबंधित अधिकारी से उसी समय बात कर समस्या का समाधान तत्काल संभव हो पा रहा है, जिससे आम जनता का प्रशासन पर भरोसा और मजबूत हुआ है।

### डीएम ने किया पौधरोपण, पर्यावरण एवं गंगा समिति की हुई समीक्षा बैठक




**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने वृक्षारोपण, पर्यावरण एवं गंगा समिति की मासिक बैठक की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। प्रभागीय वनाधिकारी सचिन कुमार ने नगर निकायों द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत संचालित एमआरएफ सेंटरों पर निस्तारित हो रहे कूड़े कचरे के बारे में अवगत कराया। डीएम द्वारा नगर निकायों के नालों पर स्क्रीन अथवा जाल लगवाने के निर्देश दिए साथ ही अपशिष्ट जल शोधन हेतु कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नगर सीमा में बढ़ते वायु प्रदूषण एवं औद्योगिक प्रदूषण की जांच हेतु उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, बरेली को निर्देशित किया। बैठक अंतर्गत प्लास्टिक वेस्ट, ई वेस्ट, बायो मेडिकल वेस्ट, सी0 एंड डी0 वेस्ट, आदि की समीक्षा हुई। आगामी वृहद वृक्षारोपण हेतु विभागों को स्थल चिन्हित करने के निर्देश दिए गए। गंगा समिति अंतर्गत गंगा ग्राम समितियों को सक्रिय कर कार्य करने, मंदिर से निकलने वाले फ्लोरल वेस्ट के पुनर्चक्रण हेतु स्वयं सहायता समूह को निर्धारित करने आदि के निर्देश देते हुए जनपद की नदियों को निर्मल व अविरल बनाने हेतु संबंधित विभागों को आदेशित किया। बैठक में सीडीओ डा. अपराजिता सिंह सिनसिनवार समेत समिति के सदस्यग आदि उपस्थित रहे।

# एक ही रात में दो गांव को मिलाकर पांच स्थानों पर चोरी

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एक ही रात में तीन ट्रैक्टरो की बैटरी चोरी ,एक घर में नकब लगाकर नकद जेवरात के साथ एक बकरा चोरी, गांव हरिबल्लभपुर में एक क्लीनिक पर ताला तोड़कर दवा चोरी कर ले गए। आपको बता दें कि पुलिस सुस्त और चोर चुस्त बाली बात सटीक बैठती है क्योंकि पुलिस अपने हलके में चैन की नींद सो रही होती है बही चोर निडर होकर घरों को निशाना बना रहे होते घटना थाना सिधौली के महासिर चौकी क्षेत्र के गांव बाबरा की है। शाकिर अली पुत्र रईस निवासी ग्राम बबरा थाना सिधौली, जनपद शाहजहांपुर ने बताया कि बीते शनिवार की रात में उसके घर की दीवार को चोरों ने काटकर दो बक्से जिसमें कपड़े ,जेवरात दो जोड़ी पायल, कान टप सोने के ,एक नाक की बाली, और लगभग 8 हजार रखें थे चोर अपने साथ गए सुबह होने पर ग्रामीणों ने गांव के पूर्व दिशा में टूटे बक्से खाली पड़े देखे उसने बताया कि वह अपने परिवार के साथ घर में दूसरे छप्परदार कमरे के नीचे लेटा सो रहा था। तभी रात में किसी समय चोरों ने उसके घर की दीवार को काटकर घर में रखा सामान नकदी व एक बकरा अपने साथ लेकर गए उसने बताया कि सुबह को लघुशंका के लिए बह उठा तो कटी दीवार देख कर जानकारी हुई तो उसके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई। दूसरी तरफ इसी गांव के प्रदीप ने बताया कि उसका ट्रैक्टर स्वराज उसके गेट के सामने खड़ा था तभी चोरों ने उसके ट्रैक्टर से बैटरे को खोल कर चोरी कर लिया वहीं दूसरे ट्रैक्टर को निशाना बनाते हुए विनोद ने बताया कि उसका ट्रैक्टर सोनालिका उसके घर के सामने खड़ा था तभी चोरों ने बैटरे को खोल कर चोरी कर लिया। इसी तरह इसी गांव के तीसरे व्यक्ति पुष्पेंद्र ने बताया कि उसका स्वराज ट्रैक्टर का बैटरा चोरों ने खोल कर चोरी कर लिया। विनोद ने बताया कि उनके दरवाजे के पास सीसीटीवी कैमरे लगे थे लेकिन लाइट कम होने और रात में कोहरा होने के कारण चोरों का चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दिया लेकिन सी सी टी वी कैमरे में तीन चोरों को बैटरा व बकरा साथ ले जाते देखा गया। ट्रैक्टर की बैटरी अपने कंधे पर रखकर ले जाते हुए दिखाई दिए। निडर चोरों ने यही तक नहीं अगला गांव हरीबल्लवपुर के डॉक्टर बेचेलाल की क्लीनिक को निशाना बनाया और उनकी राखी दवा व कुर्सी चोरों ने चुरा ली लोगों का आभास कि चोर किसी वाहन से रहे होगे। इसकी तहरीर महासिर चौकी पर दी गई।

## गांव के किनारे देखा गया तेंदुआ, दहशत



**खुटार, शाहजहांपुर।** खुटार क्षेत्र के गांव चांदपुर में तेंदुआ और बाघ की दहशत कम होने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को एक बार फिर से गांव के किनारे स्थित गौशाला के पास चांदपुर गांव के ही रहने वाले बिल्लू अवस्थी के खेत में खड़े गन्ने की फसल में बीच से तेंदुआ को निकलते हुए वहां के ग्रामीणों ने देखा तो किसी ग्रामीण के द्वारा उसकी वीडियो बना ली गई। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने वन विभाग को दी। खबर लिखे जाने तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची थी। गांव के किनारे तेंदुआ देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। खुटार क्षेत्र के कई गांव के किनारे अक्सर तेंदुआ देखा जाता है लेकिन वन विभाग कोई ठोस कदम उठाने को तैयार नहीं है। सिर्फ काबिंग करके खाना पूर्ति और फोटो तक वन विभाग टीम सीमित रहती है। और मजे की बात यह है जैसे ही वन विभाग को तेंदुआ जैसी सूचना मिलती है तो वन विभाग की टीम के न्यूनतम वेतन कर्मियों को आगे कर दिया जाता है बाकी अन्य सिर्फ फोटो तक ही सीमित रहते हैं।

# गढ़िया रंगीन में सिद्धि विनायक अस्पताल का शुभारंभ



**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** कस्बा गढ़िया रंगीन में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक कदम और बढ़ाया गया। यहां सिद्धि विनायक अस्पताल का शुभारंभ पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना, थाना प्रभारी हरिकेश सिंह एवं वरिष्ठ पत्रकार भगवान शरण शर्मा एवं सुमित कुमार गुप्ता द्वारा किया गया। शुभारंभ कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह मुन्ना ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं की आवश्यकता है और ऐसे अस्पताल खुलने से लोगों को अपने क्षेत्र में ही इलाज की सुविधा मिलेगी। अस्पताल के संचालक अजय मिश्रा को लोगों ने शुभकामनाएं दीं और अस्पताल को जनसेवा की दिशा में उपयोगी पहल बताया। अजय मिश्रा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सिद्धि विनायक अस्पताल का उद्देश्य लोगों को किफायती और बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। अस्पताल के खुलने से गढ़िया रंगीन एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

# भ्रष्टाचार की ईंटों से बना नाला एक साल भी नहीं टिका

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नगर पंचायत खुदागंज में फरवरी वर्ष 2025 में लगभग 50 मीटर का एक नाला निर्माण कराया गया था। हालांकि जिस समय नाला निर्माण हो रहा था उस समय ही निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री उपयोग में किए जाने का विरोध किया गया था। लेकिन फिर भी निर्माण कार्य हो गया। इस नाले के निर्माण से किसी भी व्यक्ति को फायदा होता हुआ नहीं दिख रहा है क्योंकि इस नाले में अभी तक एक बार भी पानी नहीं आया है। क्योंकि जिस तरफ नाले का निर्माण किया गया है उधर कहीं से भी अभी तक पानी आने का कोई भी विकल्प ही नहीं है। यह नाला आगे जाकर बंद हो जाता है। लगभग 50 से 60 मीटर और नाले का निर्माण हो तब यह बड़े नाले में जाकर मिलेगा लेकिन नाला निर्माण कार्य के लगभग 6 महीने के बाद ही प्लास्टर जगह-जगह से टूटने लगा था एवं दरारें पड़ने लगी थी उस समय अधिशासी अधिकारी नूर जहां ने संबंधित ठेकेदार को नाले को सही करवाने के लिए कहा था ठेकेदार ने भी अपनी सहमति देते हुए सही करवाने के लिए कह दिया लेकिन टूटा हुआ प्लास्टर अभी ठीक नहीं हो पाया। तब तक नाले की दीवार टूटना शुरू हो गई। दीवार को भी लगभग दो महीने से ज्यादा हों गये है लेकिन यह भी सही नहीं हो पाई है और उसमें ठेकेदार द्वारा हुए भ्रष्टाचार की जड़े दिखने लग गई। नाला निर्माण में दोयम दर्जे की ईट का उपयोग किया गया था। प्लास्टर एवं ईट को जोड़ने के लिए जो भी मटेरियल का प्रयोग किया गया वह भी मानक के अनुसार नहीं दिख रहा है क्योंकि अगर मानक के अनुसार कार्य किया गया होता तो साल भर के अंदर ही दीवारें एवं प्लास्टर टूटना शुरू ना होता जानकारियों के अनुसार जब किसी ठेकेदार को टेंडर दिया जाता है तो उसमें अव्वल दर्जे की ईंट और अच्छी क्वालिटी के मटेरियल का जिक्र किया जाता है लेकिन इस निर्माण कार्य में घटिया मटेरियल के उपयोग होने से नाला इतना जल्दी टूटना शुरू हो गया है स्थानीय लोगों का कहना है कि सम्बंधित निर्माण कार्य कराने वाले ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई की जाये। नगर पंचायत अध्यक्षा सुधा सिंह ने बताया है कि सम्बंधित ठेकेदार से टूटा हुआ नाला सही करवाया जाएगा।

# माय भारत स्वयंसेवकों ने हिमाचल प्रदेश में किया प्रदेश और जनपद का प्रतिनिधित्व

**अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का हुआ सफल आयोजन**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में आयोजित अंतरराज्यीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद से भी मेरा युवा भारत स्वयंसेवकों ने हिमाचल प्रदेश के मंडी जनपद में रहकर उत्तर प्रदेश और जनपद का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में शाहजहांपुर से दिव्यांशी मिश्रा, अभिषेक कुमार, कल्यान करिणी पांडे, कुमारी वैष्णवी, शैलेन्द्र सिंह, बुद्ध प्रिय कुशवाहा एवं शगुन सक्सेना प्रतिभागी रहे, जबकि अमित श्रीवास्तव टीम एस्कॉर्ट के रूप में युवाओं के साथ सहभागिता कर रहे थे। जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया ने बताया कि यह कार्यक्रम 23 जनवरी से 27 जनवरी तक मंडी, हिमाचल प्रदेश में आयोजित किया गया, जिसके दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर आयोजित सत्रों, माय भारत अनुभवात्मक शिक्षण, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं स्थानीय भ्रमण के माध्यम से हिमाचल प्रदेश की सामाजिक, सांस्कृतिक, पारंपरिक एवं भौगोलिक विविधताओं को नज़दीक से समझा। साथ ही उत्तर प्रदेश के अन्य जिलों से आए युवाओं के साथ संवाद कर ÷एक भारतदृश्रेष्ठ भारत÷ की भावना को और सशक्त किया व डल्ठींतंज डल्टवजम पदयात्रा में भी उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा व जिला युवा अधिकारी मंडी भारती मोंगरा उपस्थित रहीं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उत्साह, अनुशासन और सक्रिय सहभागिता की सराहना की। साथ ही जिला युवा अधिकारी माय भारत शाहजहांपुर मयंक भदौरिया ने बताया कि अंतरराज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम युवाओं में नेतृत्व क्षमता, आपसी भाईचारे और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने का सशक्त माध्यम है। ऐसे कार्यक्रम युवाओं को देश की विविध संस्कृतियों को समझने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम को लेकर समाजसेवी मुकेश परिहार, लेखाकार सोनम सचान, डॉ रूपक श्रीवास्तव, नीरा श्रीवास्तव एवं जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे डॉ विनय सक्सेना ने भी प्रतिभागी युवाओं को शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर टीम एस्कॉर्ट अमित श्रीवास्तव ने कहा कि ÷यह कार्यक्रम युवाओं के लिए केवल एक भ्रमण नहीं, बल्कि सीखने, समझने और स्वयं को बेहतर नागरिक के रूप में विकसित करने का अवसर रहा। पाँच दिनों तक चले विभिन्न सत्रों के माध्यम से युवाओं ने हिमाचल की संस्कृति, परंपराएँ और जीवन मूल्यों को समझा, जो उनके व्यक्तित्व और सामाजिक दृष्टिकोण को निश्चित रूप से और समृद्ध करेगा।

### दो अलग-अलग घटनाओं में मारपीट व एससी/एसटी एक्ट में पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर - शाहजहांपुर।** दो अलग अलग घटनाओं में पुलिस ने मारपीट व एससी एसटी एक्ट के तहत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गांव मिर्जापुर निवासी प्रधान अरविन्द कुमार पुत्र पारसराम ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि वह बीती 23 जनवरी को अपरान्ह करीब चार बजे किसी कार्य से प्राथमिक विद्यालय जा रहा था रास्ते मे गांव मिर्गापुर निवासी सोनू पुत्र सियाराम व अवनीस पुत्र सुखपाल उसे गन्दी गन्दी गालिया देने लगे ।विरोध करने पर वह जति सूचक गलिया देते हुऐ उसके साथ मारपीट करने लगे ।तो गांव के लोगों ने उसे बचाया ।पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट व एससी एसटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उधर एक अन्य मामले में नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी राजीव कुमार गुप्ता पुत्र स्व. रमेशचंद गुप्ता ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा है कि उसका गांव नौगवां-अजीजपुर निवासी रमेश सिंह पुत्र छोटे सिंह से दुकान को लेकर काफी समय से सिविल जज के यहां मुकदमा चल रहा है। बीती 14 जनवरी को सायं 7 बजे वह अपनी दुकान बन्द करके अपने भाई मुकेश गुप्ता के साथ घर जा रहा था। रास्ते में रमेश सिंह , रोहित सिंह व कमल लाठी डंडे से मुकेश पर प्रहार करने लगे। वह और मोहल्ला चौहटियां निवासी राजू कनौजिया मुकेश को बचाने दौड़े तो उक्त लोगों ने उसपर तथा और राजू पर वार कर घायल कर दिया ।और राजू को जातिसूचक गालियां दीं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट व एससी एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाल जुगुल किशोर पाल ने बताया कि दोनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

# गणतंत्र दिवस पर 'सुख़न-ए-हिंद' कवि सम्मेलन व मुशायरे का आयोजन

**चार वर्षीय बच्ची आयला बानो ने श्रोताओं को किया आश्चर्यचकित**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर वीओसी मीडिया ग्रुप की ओर से वीओसी मीडिया ग्रुप कार्यालय, महमंद हद्दफ में भव्य सुख़न-ए-हिंद कवि सम्मेलन एवं मुशायरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शायरों और कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुशायरा देर रात तक चला। मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा एवं सचिव विकास प्राधिकरण अजय कुमार त्रिपाठी मौजूद रहे। मुख्य अतिथियों का स्वागत शाल ओढ़ाकर वरिष्ठ समाजसेवी मो. राज़िक़ ख़ां ने किया।विशिष्ट अतिथियों में डॉ. मोहसिन, क़ासिम रज़ा, मिर्ज़ा आसिफ, सैयद तनवीर चित्रकार, मोहम्मद कमर, सोनल चंद्र, ताहिर ख़ां, अकील ख़ां, मुजाहिद आरिफ और मुनीर शामिल रहे। मुशायरे के अध्यक्ष मुख़्तार तिलहरी ने सुनाया ज़िंदगी को ज़िंदगी भर ज़िंदगी समझा मगर,ज़िंदगी फिर भी तलाशी ज़िंदगी करती रही। मुशायरे के संरक्षक वरिष्ठ शायर वसीम मीनाई ने सुनाया अगर ऐ बागबां तेरी तरह ना अहल होते हम तो फिर इतने बरस गुलशन पे सुल्तानी नहीं करते। मुशायरे का सफल संचालन हसन तिलहरी ने किया, जिनकी बेहतरीन संचालन शैली से श्रोता देर रात तक कार्यक्रम से जुड़े रहे है। बरेली सैथल से आए सगीर सैथली ने सुनाया मैं भी तलवार साथ रखता हूं।यानी किरदार साथ रखता हूं सब्र ज़ब्तो खुलूस कम गोई,सारे हथियार साथ रखता हूं। तिलहर से वाजिद हुसैन वाजिद ने सुनाया ग़ैर मुमकिन है के ज़र्रा भर हो कम शाने वतन, हैं हिफाज़त में तेरी हम जैसे दीवाने वतन। उवैस शिफ़ा ने सुनाया हम मुसलमान हैं पाबंदे शरीयत लेकिन,हमको कानून में वतन जान से बढ़कर है अजीज हसन तिलहरी ने सुनाया सितम जितने भी चाहो कर लो हम पर,वही काटोगे जो तुम बो रहे हो सलमान वारिस ने सुनाया सलमान जिंदा हो गए मर के वफ़ा में हम,राहें वफ़ा में होता है मरना शुमार क्या। वहीं महानगर के वरिष्ठ कवि-शायर दिनेश रस्तोगी दिन बबूल के शूल से नागफनी हर रात आखिर क्यों पैदा किए, तुमने ये हालात कौशलेंद्र मिश्रा ने सुनाया आस्तीनों में छुपे थे तो यह जाना ना था क़ेचली बदली तो तेरी जात पता चल ही गई। हसीब चमन ने सुनाया फ़क़त हुस्न ए रियाकारी बहुत है पर मोहब्बत कम अदाकारी बहुत है, ख़लीक शौक ने सुनाया मुकम्मल जब उस पर शबाब आ गया है,चेहरे पर उसके नकाब आ गया है। आयोजक फैसल फैज़ ने सुनाया कितने मिट्टी के घरोंदो को गिराया होगा,तब कहीं जाके महल उसने बनाया होगा। संयोजक अर्शीयान अर्श ने सुनाया वो मेरा बाप जो हिम्मत है अब तलक मेरी मेरे गुरूर का चेहरा दिखाई देता है। सभी कवि और शायरों ने अपनी रचनाओं से खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम का सबसे अनोखा और ऐतिहासिक पल तब आया, जब मात्र चार साल की बच्ची आयला बानो को सम्मान के लिए मंच पर बुलाया गया। बच्ची से विभिन्न देशों की राजधानियों के प्रश्न पूछे गए, जिनमें उसने 25 देशों की राजधानियों के तुरंत सही उत्तर देकर सभी को चौंका दिया। इसके बाद बच्ची ने 10 ग़ज़लें सुनाई, जिन्हें श्रोताओं ने खूब सराहा। नगर आयुक्त डॉ. बिपिन कुमार मिश्रा ने बच्ची को डायरी और चॉकलेट देकर सम्मानित किया। वरिष्ठ समाजसेवी मो. राज़िक़ ख़ां सहित वहां मौजूद लोगों ने भी बच्ची को नकद धनराशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में मुशायरे के आयोजक फैसल फैज़ ने सभी अतिथियों, शायरों, कवियों और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरसलान ख़ां, अक़दस ख़ां, फ़राज़ ख़ां और अमान ख़ां का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर राहुल कन्नौजिया, शोएब, नवाज़ ख़ां, मो. इरफ़ान, शाकिर अली ख़ां, रज़ा ख़ां, आतिफ़ ख़ां सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### नवीन मंडी में अखंड रामायण उपरांत हुआ विशाल भंडारा



तिलहर - शाहजहांपुर। नवीन मंडी समिति स्थित शिव मंदिर पर श्री राम चरित रामायण अखंड पाठ के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बुधवार को पंडित गोविंद कृष्ण के सानिध्य में रामायण अखंड पाठ के बाद आरती और प्रसाद वितरित किया गया। इसके बाद भंडारा हुआ जो देर रात तक चला। आयोजन में मंडी सचिव शिवेंद्र प्रताप सिंह, मचकेंद्र सिंह, आदित्य सिंह, श्यामवीर सिंह, अंकित, सुमित सिंह, नवनीत सक्सेना जापानी, शुभम सक्सेना, रविंद्र सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

### लाभार्थियों का मौके पर पेंशन में आधार प्रमाणीकरण किया

शाहजहांपुर। डीएम के निर्देशानुसार एवं सीडीओ के नेतृत्व में विकास खण्ड मिर्जापुर में सोशल सेक्टर के कैम्प का आयोजन किया गया। मिर्जापुर के ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान के साथ पंचायत सचिव व जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी मिर्जापुर, स्वास्थ्य विभाग संतोष कुमार, प्रधान सहायक निर्मलारानी शुक्ला, सहायक विकास अधिकारी राविन्द्र, अवनीश कुमार इरफान,मदनपाल आदि मौजूद रहे। कैम्प में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आगुन्तकों को योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी तथा लाभार्थियों का मौके पर पेंशन में आधार प्रमाणीकरण किया गया।

### 257 वाहनों के चालान एवं 3 वाहन सीज

शाहजहांपुर। शासन द्वारा जनपद में 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाए जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में बुधवार को विभिन्न क्षेत्रों में गलत नम्बर प्लेट, बिना एचएसआरपी लगे, सड़क के किनारें खड़े अवैध वाहनों की चेकिंग की गयी तथा चालकों को लेन ड्राइविंग, रात्रि में हेड लाइट के लो बीम-हाई बीम के प्रयोग की जानकारी दी गयी। अभियान में 257 वाहनों के चालान 3 वाहन विभिन्न थानों में सीज गये। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन हरिओम, यात्री-माल कर अधिकारी, आरपी गौतम, यातायात उप निरीक्षक विनय कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### पांच फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में 11 बजे कार्यशाला

शाहजहांपुर। आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, राज्य जेम प्रकोष्ठ, एक्सपोर्ट मार्ट, निर्यात भवन, लखनऊ द्वारा जेम पोर्टल पर सुचारू रूप से शासकीय क्रय करने के लिए क्रेता विभागों के प्रशिक्षण के लिए जनपद स्तर पर डीएम की अध्यक्षता में 5 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभागार में 11 बजे कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। उक्त के क्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वह उक्त कार्यशाला में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

### वृद्ध का शव फंदे पर लटका मिला, मृतक की जेब में मिला सुसाइड नोट

पुवायां, शाहजहांपुर। सुबह जानवरों को चारा डालने के बाद वृद्ध ने मकान के पास खड़े पाकड़ के पेड़ में शव लटका मिला। जब जानकारी मृतक के बेटों को हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की जेब मे सुसाइड नोट मिला जिसमें कर्जे से पीड़ित होने की जानकारी मिली। बुधवार की सुबह गांव नाहिल निवासी 65 वर्षीय कामेंद्र सिंह का शव मकान के पड़ोस में लगा पाकड़ के पेड़ पर रस्सी से लटका मिला। जिसकी जानकारी उनके परिजनों को हुई तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतारा उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों का कहना है कि सुबह उठकर उन्होंने जानवरों को चारा डाला ओर गाय का दूध निकाला उसके बाद उनका शव पेड़ पर लटका मिला। **मृतक की जेब से निकला सुसाइड नोट:** मृतक कामेंद्र सिंह का शव पेड़ से नीचे उतारा गया उसके बाद पुलिस मृतक की जेब मे देखा उसमे सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था कि बिजली बिल माफ कर दिया जाए, इसके अलावा किसी से पचास हजार रुपये प्राइवेट लिए थे। जिससे यह लगता है कि कामेंद्र कर्जे से पीड़ित था। **एसडीएम व सीओ मौके पर पहुँचे:** कर्जे से पीड़ित किसान की मौत की खबर सुनकर मौके पर पहुँची एसडीएम चित्रा निर्बाल व सीओ प्रवीण मलिक ने मृतक के परिवार को ढाढ़स बँधाया। साथ ही बिल माफ करने के लिए कहा। कामेंद्र का बिल 32000 रुपये निकला जिनका 18000 रुपये में माफ कर दिया गया है।

### सरस्वती ज्ञान मंदिर जूनियर हाई स्कूल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस




जलालाबाद, शाहजहांपुर। जलालाबाद पिटारमऊ में स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर जूनियर हाई स्कूल मैं बड़ी धूम धाम के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम कि अध्यक्षता करते हुए संपादक गौरी शंकर त्रिवेदी इंडिया खास न्यूज़ ने माता सरस्वती को पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया नन्हे मुन्ने भैया बहनों ने राष्ट्रीय गीत सुनाएं और विद्यालय के सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं ने गणतंत्र दिवस के बारे में विस्तार से नन्हे मुन्ने बच्चों को जानकारी दी और कहा कि हम सभी लोग 26 जनवरी गणतंत्र दिवस हर बरस धूमधाम से मनाते हैं विद्यालय के प्रबंधक भूपेंद्र सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार करते हुए विद्यालय के अध्यापकों से पत्रकार बंधुओ को बैच लगाकर सम्मानित कराया इस दौरान नन्हे मुन्ने भैया बहनों में उत्साह देखते बन रहा था आपको बता दें कि यह विद्यालय नहीं एक मंदिर है इस विद्यालय के प्रबंधक ने बच्चों के साथ अभिभावकों के भी दिल में जगह बना रखी है बहुत ही मिलन सार सज्जनता के कारण क्षेत्र के सभी लोग सम्मान भी करते हैं इनका पूरा जीवन इस विद्यालय की सेवा में ही लग रहा आए हुए पत्रकार बंधुओ ने प्रबंधक भूपेंद्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इसी तरह आप विद्यालय का संचालन करते रहें कार्यक्रम के समापन पर माता सरस्वती को प्रसाद का भोग लगाया गया और बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के सभी अध्यापक और अध्यापिकाओं के साथ अभिभावक गण मौजूद रहे।

### युवक ने पिता पुत्र पर दर्ज कराई मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

तिलहर-शाहजहाँपुर। इंस्टाग्राम मैसेज पर गाली गलौज लिखकर बुलाने के बाद पिटाई कर घायल कर देने का आरोप लगाते हुए युवक ने पिता पुत्र के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम कपसेडा निवासी नितिन ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 27 जनवरी दोपहर करीब 12 बजे गांव के ही हिमाशू पुत्र हरिकिशोर ने उसको इंसटाग्राम पर मैसेज कर गाली गलौच की और उसे बुलाया। करीब डेढ़ बजे हिमांशु के पर गाली देने की वजह पूछने गया। आरोप है कि तभी हिमांशू व उसके पिता हरिकिशोर ने उसे माँ बहन की गालियाँ देते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। जिससे वह घायल अवस्था में बेहोश होकर गिर पडा। आरोप है कि हरि किशोर दबंग और गुंडा है। पुलिस ने आरोपी पिता पुत्र को हिरासत में ले लिया है।

### अधिवक्ता की बहन का पीसीएस में हुआ चयन गांव का ही नहीं बल्कि पूरे जनपद का हुआ नाम रोशन



पीलीभीत। पंखों से नहीं हौसलों से उड़ान होती है, सपने उन्ही के साकार होते हैं। जिनके सपनों में जान होती है।यह कहावत जिले की कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव माधोटाडा की रहने वाली लुबना ने कर दिखाए हैं। पीसीएस लोअर परीक्षा में चयनित होकर जिले तहसील गांव के साथ-साथ अपने माता पिता व गुरुजनों का नाम रोशन किया। जिले की कलीनगर तहसील क्षेत्र में स्थित गांव माधोटाडा की रहने वाली लुबना ने प्रारंभिक शिक्षा गांव में स्थित बाल विद्या मंदिर से ग्रहण की उसके बाद हाईस्कूल पूरनपुर में स्थित पंचम दास इंटर कॉलेज व इंटरमीडिएट की परीक्षा पीआईसी से करने के बाद बाद रोहिलखंड विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए गांव को छोड़कर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय से एमबीए किया है।एमबीए करने के बाद प्लेसमेंट के आधार पर नोएडा में जॉब मिली लेकिन उसको छोड़ दिया क्योंकि लुबना के मन में प्रशासनिक परीक्षा पास कर प्रदेश और देश की सेवा करने का जज्बा था।इस जज्बे को पूरा करने के लिए लुबना दिन-रात कड़ी मेहनत करने लगी उनकी इस मेहनत में ग्रहणी उनकी मां और बहन शिक्षिका एवं अधिवक्ता भाई भी सहयोग करने लगे। घर पर रहकर अपने कार्य निपटा कर लगातार प्रशासनिक परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाया करती थी। लगातार परीक्षाओं की तैयारी करना उन परीक्षाओ में कैसे सफलता प्राप्त करनी है। इस बारे में ही सोचती रहती थी। और उनको अमली जामा पहनाने का कार्य करती रहती थी।अपनी मेहनत लगन के बल पर लुबना ने पीसीएस लोअर परीक्षा पास की है। पीसीएस लोअर परीक्षा में अपना परचम लहराने के कारण ही इनका चयन लेखा परीक्षक अधिकारी के पद पर हुआ है।

# डीएम ने लापरवाही पर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से मांगा स्पष्टीकरण

- बीएलओ की सेवा समाप्ति के दिए निर्देश
- डीएम बोले, 10 फरवरी तक नोटिसों की सुनवाई पूर्ण कर ली जाए



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में विधानसभा 136 ददरौल में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण2026 में नो-मैपिंग वाले मतदाताओं की जारी नोटिसों की सुनवाई तथा उन पर निर्णय संबंधी बिन्दुओं पर विचार विमर्श किये जाने के सम्बन्ध में सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारीयों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में आयोजित की। डीएम ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में लापरवाही पाए जाने पर सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सुमित सक्सेना एवं सुरेश बहादुर सिंह को स्पष्टीकरण तथा बीएलओ रचना कुशवाहा, शशि लता की सेवा समाप्ति करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नोटिस में सुनवाई हेतु स्थान, दिनांक एवं समय स्पष्ट लिखा होना चाहिए। सुनवाई के समय पंचायत सचिव, बीएलओ उपस्थित रहे। जिससे कागजों का सत्यापन कराया जा सके। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारियों को किसी प्रकार का अवकाश 6 मार्च 2026 तक न दिया जाए। नोटिस तामील करते समय आवश्यक डॉक्यूमेंट प्राप्त कर लिए जाएं। सुपरवाइजर डॉक्यूमेंट इकट्ठा करना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि 10 फरवरी तक नोटिसों की सुनवाई पूर्ण कर ली जाए। जिलाधिकारी ने सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से कहा कि आवश्यकता के अनुसार बूथों पर भी सुनवाई कर सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## एसआईआर की सुनवाई तेज, दफ्तरों में रोजाना उमड़ रही भीड़

- विकास भवन समेत अन्य सरकारी दफ्तरों में 100-150 मतदाताओं की सुनवाई



**शाहजहांपुर।** जनपद में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नो मैपिंग वाले मतदाताओं की सुनवाई नोटिस जारी होने के बाद की जा रही है। जिसमें विकास भवन, कलेक्ट्रेट, नगर निगम, सूचना कार्यालय समेत अन्य सरकारी दफ्तरों में निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों द्वारा मतदाताओं की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को सुनवाई के क्रम में 147 एईआरओ द्वारा 17141 मतदाताओं की सुनवाई की गई। विधानसभावार सुनवाई की बात करे तो कटरा 2279, जलालाबाद 2443, तिलहर 2412, पुवायां 2408, शाहजहांपुर 4672 व ददरौल में 2927 मतदाताओं की नोटिस के बाद सुनवाई की गई है।

## विधायक सलोना कुशवाहा ने होम्योपैथिक अस्पताल भवन का किया लोकार्पण



**तिलहर - शाहजहांपुर।** विधायक सलोना कुशवाहा ने राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया। बुधवार को विधायक सलोना कुशवाहा यहां पहुंचीं। उन्होंने नव निर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण करते हुए कहा कि अस्पताल के नए भवन से क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुलभ होम्योपैथिक चिकित्सा उपलब्ध होगी। स्वास्थ्य सेवा के विस्तार में यह एक नगर के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सरकार आयुष चिकित्सा को लेकर कई योजनाएं चला रही है जिसका लाभ क्षेत्र वासियों को मिलेगा। इस दौरान अभिषेक शर्मा, शशांक गुप्ता, सेठी कश्यप, अरविंद मौर्य रवि, अनूप मिश्रा, मनमोहन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## जनसमस्याओं को लेकर सपा ने नगर पालिका में किया धरना-प्रदर्शन

- उपजिलाधिकारी के आश्वासन के बाद धरना-प्रदर्शन बंद

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जलालाबाद नगर की जनसमस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सपा के विधानसभा अध्यक्ष सूरजपाल यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। ज्ञापन में मुख्य चौराहे से लेकर खंडहर रोड होते हुए मंडी गेट तक नाले के ऊपर से अवैध अतिक्रमण हटाने और नए नालों के निर्माण की मांग की गई थी। बताया गया कि नालों के निर्माण का टेंडर हो जाने के बावजूद कार्य शुरू नहीं कराया गया। इसके अलावा जमदाग्नि नगर तालाब का निकास बंद होने से गांधी नगर, अंबेडकर नगर और जमदाग्नि नगर की सड़कों व घरों तक पानी भर गया है, जिससे गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। तालाब के ओवरफ्लो पानी से रुस्तमपुर चक निवासी किसान की सैकड़ों बीघा फसल बर्बाद हो चुकी है, जिसके मुआवजे की मांग भी ज्ञापन में की गई थी। वहीं वुधवाना मार्ग पर बंद पड़ी पुलिया को तत्काल खोलने, अंबेडकर नगर में मंडी गेट के सामने तालाब के पास छुट्टा पशुओं के जमावड़े को गौशाला भिजवाने, जलकर व भवनकर की अवैध वसूली समाप्त करने और पिटारमऊ रोड से बहने वाले नालों के पानी को गुनारा स्थित कब्रिस्तान में भरने से रोकने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। नगर पालिका मे सपा नगर अध्यक्ष के धरने पर बैठे होने की जानकारी उप जिलाधिकारी जलालाबाद को लगी तो प्रभात कुमार राय शाम 6ः00 बजे के आस पास नगर पालिका कार्यालय पहुंचे।और उन्होंने अधिशासी अधिकारी ईओ उपाध्याय को बुलाया और बातचीत की जिसमें उनकी जायज तीन मांगों को लेकर आश्वासन दिया। जिसके बाद विधान सभा अध्यक्ष ने धरना प्रदर्शन को समाप्त किया। इस दौरान धरना प्रदर्शन में सपा के जिला सचिव रामजी गुप्ता, रामदास राठौर, रामकुमार कश्यप, तस्लीम अंसारी, अमन पांडेय, अभय सिंह यादव, सत्यपाल सिंह (पूर्व सैनिक), अनिल यादव, अभिषेक यादव, कौशल यादव, दीपक वर्मा, लालू यादव, विवेक यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।

### सरकारी शौचालय तोड़कर जमीन की अवैध बिक्री

**खुटार, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के गांव रौतापुर कला में सरकारी जमीन पर बने सामुदायिक शौचालय को तोड़कर उसकी अवैध बिक्री का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि लगभग 20 वर्ष पूर्व गांव में सरकारी भूमि पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया था। आरोप है कि उक्त भूमि को सावित्री देवी ने अपनी बताते हुए विवेक नामक व्यक्ति को मात्र रु.10,000 में बेच दिया। इसके बाद विवेक द्वारा सामुदायिक शौचालय को तुड़वा दिया गया और अब वह उक्त भूमि पर निर्माण कराने का प्रयास कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि सरकारी है, जिस पर किसी प्रकार की खरीद-फरोख्त पूरी तरह अवैध है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए तथा सरकारी संपत्ति को कब्जा मुक्त कराया जाए। उपजिलाधिकारी पुवाया चित्रा निर्वाल ने बताया कि मामले की जांच करायी जाएगी।

## बंडा पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद, इसलिए पलायन करेगा पीड़ित परिवार

- दबंगों के आगे नतमस्तक बंडा पुलिस, पीड़ित अधिकारियों के लगा रहे चक्कर



**बंडा, शाहजहांपुर।** ग्रामीणों के सार्वजानिक रास्ते पर दबंगों द्वारा खड़ंजा निर्माण रोके जाने को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद स्थानीय स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। दबंगों ने खंडजा पड़ने के रोकने के साथ एक दलित परिवार को गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की, जिससे पीड़ित उनके भय से गांव से पलायन करने को मजबूर है। गांव चिकटिया में प्राइमरी स्कूल और ग्रामीणों के आम रास्ते को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया है। गांव निवासी प्रमोद कुमार ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे खड़ंजा निर्माण कार्य को कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोग रुकवा रहे हैं। बताया जाता है कि उक्त स्थान पर पहले भी खड़ंजा मौजूद था, लेकिन दोबारा निर्माण नहीं होने दिया जा रहा। मंगलवार को राजस्व विभाग की टीम के साथ लेखपाल द्वारा मौके पर पैमाइश भी की गई, इसके बावजूद कथित कब्जाधारक रास्ता छोड़ने को तैयार नहीं हुए। प्रमोद कुमार का आरोप है कि विरोध करने पर उन्हें जातिसूचक गालियां दी गई और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना के समय गांव के संभ्रांत लोग और राजस्व टीम के लोग भी मौके पर थें। पीड़ित का कहना है कि इस संबंध में पहले थाना समाधान दिवस पर थाना समाधान प्रभारी को प्रार्थना पत्र दिया गया था। इसके बावजूद न तो रिपोर्ट दर्ज हुई और न ही रास्ता खुलवाया गया। पीड़ित परिवार ने खुद को असुरक्षित बताते हुए पलायन तक की नौबत आने की बात कही है। प्रमोद कुमार ने डीएम/एसपी से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और आम रास्ता खुलवाने की मांग की है।

## यूजीसी के खिलाफ प्रदर्शन कर युवाओं ने निकाला विरोध जुलूस, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**तिलहर-शाहजहांपुर।** यूजीसी कानून लिए जाने के खिलाफ सवर्ण युवाओं ने केंद्र सरकारी के खिलाफ जोरदार नारेबाजी और प्रदर्शन करते हुए विरोध जुलूस निकाला। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदानंद सरोज को सौंपकर उक्त काले कानून को वापस लिए जाने की पुरजोर मांग की। बुधवार को बाईपास ओवरब्रिज के नीचे युवा नेता जितेंद्र सिंह , शिवम सिंह एवं अवनीश सिंह सोनू के नेतृत्व में तमाम युवा एकत्र हुए। यहां से सभी केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे। जितेंद्र सिंह ने कहा कि यूजीसी काला कानून है । जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा कि यह सामान्य वर्ग के खिलाफ एक साजिश है। युवराज सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की हिटलर शाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवनीश सिंह सोनू ने कहा कि केंद्र सरकार हिंदुओं को जाति में बांटना चाह रही है। इस दौरान महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सदानंद सरोज को सौंपा गया। ज्ञापन देने में गोरक्षक संघ की संजू सिंह, रीना सक्सेना, राज सिंह, हरिओम सिंह, यश विक्रम सिंह, अभय सिंह, सुमित सिंह, सत्यम ठाकुर, शहजाद, मिथिलेश्वर सिंह, रणविजय सिंह समेत तमाम युवा शामिल रहे।

## न्यायिक एसडीएम पुवाया व तिलहर ने किया दुकानों की आवंटन प्रक्रिया का निरीक्षण



**तिलहर - शाहजहांपुर।** नगर पालिका परिषद द्वारा हाल ही में किए गए दुकानों के आवंटन में धांधली की शिकायत मामले में एडीएम द्वारा गठित टीम में शामिल दो पीसीएस अफसरों ने पालिका पहुंचकर आवंटन पत्रावलियों का अवलोकन तथा स्थलीय निरीक्षण भी किया। गौरतलब है कि एक पखवाड़े पूर्व नायब तहसीलदार पूनम मधुकर की निगरानी और चेयरपर्सन हाजरा बेगम के सानिध्य में ईओ सत्येंद्र प्रकाश ने तहसील रोड पर कम्युनिटी हॉल के अपोजिट स्थित 13 दुकानों में से 12 दुकानों का नीलामी बोली के आधार पर आवंटन किया था। जिसमें सरकारी कीमत छह लाख रखी गई थी और मात्र 17 आवेदक ही शामिल हुए थे । यहां यह भी जिक्र करना जरूरी है कि उक्त दुकानों की वर्ष 2022 में आवंटन की प्रक्रिया निरस्त की जा चुकी थी। उक्त मामले में धांधली और मनमाने ढंग से आवंटन किए जाने की डीएम से सोनू खन्ना, डॉ उवैस आदि ने शिकायत की थी। उक्त मामले में डीएम के निर्देश पर एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा ने एसडीएम न्यायिक पुवायां जीत सिंह राय व एसडीएम न्यायिक तिलहर असलम जी को जांच सौंप दी थी। इसी क्रम में मंगलवार को अपरान्ह दोनों अधिकारी पालिका पहुंचे और शिकायतकर्ताओं के बुलाकर उनके सामने ही आवंटन पत्रावलियों को ईओ की गैर मौजूदगी में प्रधान लिपिक अयूब हुसैन व संपत्ति लिपिक कमलदीप श्रीवास्तव से तलब कर सघन अवलोकन किया। कुछ दस्तावेज न उपलब्ध होने पर उन्होंने आवंटन पत्रावली व सभी आवंटियों के दस्तावेजों की फोटो स्टेट करवाकर कब्जे में ले ली। दोनो अधिकारियों ने जेई निर्माण के साथ आवंटित दुकानों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। शाम को अधिकारी गण गंतव्य को रवाना हो गए।

### साइकिल सवार बुजुर्ग की बुलेरो से टक्कर, मौके पर मौत

**बंडा, शाहजहांपुर।** दाढ़ी बनवाने जा रहे साइकिल सवार अधेड़ को तेज रफ्तार बलेनो कार ने टक्कर मार दी जिससे बुजुर्ग की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे थाना क्षेत्र के गांव धर्मगदापुर निवासी राजपाल (50 वर्ष) दाढ़ी बनवाने साइकिल से जा रहे थे, तभी गांव पिपरिया में राधास्वामी सत्संग के पास तेज रफ्तार बलेनो कार ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में राजपाल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । वे खेती-बाड़ी का काम करते थे। उनकी मौत से पत्नी रज्जन देवी पुत्र धर्मेंद्र, सुरेंद्र, वीरेंद्र और जितिन का रो-रोकर बुरा हाल है। टक्कर मारने के बाद चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। वहीं पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी हुई है।

## स्वच्छता का संदेश लेकर आसमान में लहराईं पतंगें

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पालिका परिषद, पीलीभीत द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत जनसामान्य को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आज अशोक कॉलोनी ग्राउंड में ÷स्वच्छता जागरूकता पतंग उत्सव 2026÷ का भव्य आयोजन किया गया। उत्सव में शहर के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, महिलाएं व नागरिकों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस दौरान मैदान रंग-बिरंगी पतंगों और स्वच्छता से जुड़े प्रेरक संदेशों से जीवंत नजर आया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा पतंग उड़ाकर किया गया। उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया और कहा कि इस प्रकार के रचनात्मक आयोजनों से बच्चों और आम नागरिकों में सकारात्मक सोच विकसित होती है।इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान, नगर पालिका के स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर संजय अग्रवाल एवं अमृत लाल अन्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यालयों द्वारा तैयार की गई पतंगों की सराहना करते हुए छात्रों के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया।पतंग उत्सव के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के बीच स्वच्छता संदेश युक्त पतंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्रों ने स्वच्छ शहर-स्वस्थ जीवन, कचरा डस्टबिन में डालें, स्वच्छता अपनाएं, बीमारी भगाएं जैसे संदेशों के माध्यम से स्वच्छता का प्रभावी संदेश दिया। प्रतियोगिता में ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल के छात्र अक्षत शुक्ला ने प्रथम स्थान, कंपोजिट विद्यालय की छात्रा छवि ने द्वितीय स्थान तथा बैनर पब्लिक स्कूल की आराध्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


### कार्यालय ग्राम पंचायत बुडेरा विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्प कालिक निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना 2025-2026 अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 29/01/2026 से 05/02/2026 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्तित निविदा दाताओं प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदायें खोली जायेंगी।

निविदा मूल्य- 100रू0

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुडेरा | आंगनवाड़ी केन्द्र मरम्मत एवं टाइल्सीकरण कार्य | 2.36 लाख | 2% | ईंटा, बालू, गिट्टी, सीमेन्ट, टाइल्स, लोहा आदि | - | 6 माह |

शर्ते- ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता विक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2 - निविदा प्रपत्र के साथ 100रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3 - निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी एफ डी आर संलग्न करना होगा ।
4 - निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षती में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

सचिव प्रधान

### कार्यालय ग्राम पंचायत परापांतर विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)

**निर्माण आपूर्ति सामग्री हेतु अल्प कालिक निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना 2025-2026 अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराये जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 29/01/2026 से 05/02/2026 तक सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जायेंगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्तित निविदा दाताओं प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदायें खोली जायेंगी।

निविदा मूल्य- 100रू0

| क्र.सं. | ग्राम पंचायत | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | सामग्री आपूति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परापांतर | सी.सी रोड निर्माण कार्य भुमानीदीन के घर से केसर के घर तक | 3.41 लाख | 2% | ईंटा, बालू, गिट्टी, सीमेन्ट, मौरम आदि | 110 मी. | 6 माह |

शर्ते- ठेकेदारों आपूर्तिकर्ता विक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीयन होना चाहिये।
2 - निविदा प्रपत्र के साथ 100रू0 के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा।
3 - निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एन एस सी एफ डी आर संलग्न करना होगा ।
4 - निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षती में निहित होगा शासकीय टैक्स नियमानुसार काटा जायेगा।

सचिव प्रधान

## संपादकीय

# संदेश नाकारात्मक है

जिस समय मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारत से वार्ता अंतिम दौर में है और इसी हफ्ते उसकी घोषणा की आशा है, जीएसपी के तहत मिली छूट की सुविधा हटाने के ईयू के कदम से नकारात्मक संदेश गया है। भारतीय उत्पादों से सामान्यीकृत प्राथमिकता प्रणाली (जीएसपी) के तहत मिली छूट को हटा लेने के यूरोपियन यूनियन (ईयू) के फैसले पर केंद्र ने कहा है कि भारतीय निर्यात पर इसका ज्यादा असर नहीं होगा। सरकार का दावा है कि इससे भारत के सिर्फ 2.66 प्रतिशत निर्यात प्रभावित होंगे। जबकि ईयू मुख्यालय से आई खबरों में बताया गया है कि जीएसपी छूट वापस होने से वस्त्र, प्लास्टिक, धातु, इंजीनियरिंग साग्रियां सहित लगभग 87 फीसदी भारतीय निर्यात यूरोपीय बाजार में बांग्लादेश या वियतनाम जैसे प्रतिस्पर्धी देशों के उत्पादों की तुलना में महंगे हो जाएंगे। जिस समय मुक्त व्यापार समझौते के लिए भारत से वार्ता अंतिम दौर में है और इसी हफ्ते उसकी घोषणा की आशा है, बेशक ईयू के इस कदम से नकारात्मक संदेश गया है। एक समझ यह है कि इससे व्यापार वार्ता में भारत की स्थिति कमजोर हुई है। जो छूट दशकों से हासिल थी, उसे बहाल कराना भी अब इस वार्ता में भारत का एक मकसद हो जाएगा। दूसरी तरफ उन रियायतों को ईयू भारत के लिए नई छूट के रूप में पेश कर सकता है। पहले ही सहमति ना बनने के कारण कृषि एवं निवेश संरक्षण जैसे क्षेत्रों को फिलहाल प्रस्तावित समझौते से अलग रखने का फैसला हुआ है। ईयू के कार्बन टैक्स का मुद्दा अभी अनसुलझा है। इस बीच मदर ऑफ ऑल डील्स तथा रक्षा एवं सुरक्षा समझौता होने जैसी बातें कही जरूर गई हैं। मगर यह भी साफ किया गया है कि 27 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाली भारत- ईयू शिखर बैठक के दौरान समझौतों पर दस्तखत नहीं होंगे। इस बारे में सिर्फ आम सहमति बनने की घोषणा ही अपेक्षित है। गौरतलब है कि ईयू से मुक्त व्यापार समझौते की बात दशक पुरानी हो चुकी है। डॉनल्ड ट्रंप के दौर में बने अमेरिकी दबाव के कारण ईयू और भारत दोनों नए सहभागी ढूंढने को मजबूर हुए हैं, तो इस वार्ता को तरजीह मिली है। मगर अड़चनें अभी बरकरार हैं। इसी बीच ईयू ने जीएसपी सुविधा हटा कर अटकलों को हवा दी है। ऐसा जानबूझ कर किया गया या

## आज का राशिफल

**मेष राशि:** मंगलवार को मेष राशि वालों के लिए दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहने वाला है। सुबह के समय नए कार्यों को शुरू करने की इच्छा प्रबल रहेगी और आत्मविश्वास भी बढ़ा हुआ महसूस होगा। सामाजिक गतिविधियों या किसी छोटे आयोजन में शामिल होने का अवसर मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि दोपहर के बाद शारीरिक थकान या हल्की असहजता महसूस हो सकती है, इसलिए दिन के उत्तरार्ध में आराम और संतुलन बनाए रखना जरूरी रहेगा। आर्थिक मामलों में लेन-देन सोच-समझकर करें और भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें।

**वृषभ राशि:** वृषभ राशि के जातकों के लिए दिन थोड़ा उलझन भरा हो सकता है। कुछ काम अपेक्षा के अनुसार पूरे न होने से मन असंतुष्ट रह सकता है। कार्यस्थल पर दबाव अधिक महसूस होगा, जिससे मानसिक थकावट बढ़ सकती है। दोपहर के बाद परिस्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होने लगेंगी और रुके हुए कामों में गति आएगी। आर्थिक दृष्टि से दिन सामान्य से बेहतर रहेगा, लेकिन जल्दबाजी में कोई बड़ा फैसला लेने से बचना समझदारी होगी। परिवार और करीबी लोगों से बातचीत से मन को राहत मिलेगी।

**मिथुन राशि:** मिथुन राशि वालों के लिए यह दिन सक्रियता और संपर्कों से भरा रहेगा। पारिवारिक और व्यावसायिक दोनों मोर्चों पर व्यस्तता बनी रहेगी। कोई नया अवसर या जिम्मेदारी मिलने से उत्साह बढ़ेगा। काम का बोझ अधिक होने के कारण थकान महसूस हो सकती है, लेकिन लक्ष्य पूरे होने से संतोष भी मिलेगा। मित्रों के साथ मेलजोल और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी से मन प्रसन्न रहेगा। भविष्य से जुड़े आर्थिक प्लान पर विचार करने का समय अनुकूल है।

**कर्क राशि:** कर्क राशि के जातकों के लिए यह दिन जिम्मेदारियों से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में नए प्रयासों की शुरुआत हो सकती है, लेकिन शुरुआत में दिशा को लेकर असमंजस महसूस होगा। वरिष्ठों की सलाह लेने से स्थिति स्पष्ट होगी। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत रहेगी, खासकर बाहर की भागदौड़ से बचना बेहतर रहेगा। दोपहर के बाद मनोबल में सुधार होगा और कामकाज में सकारात्मक परिणाम मिलने लगेंगे। व्यापार और नौकरी से जुड़े लोग महत्वपूर्ण बैठकों में शामिल हो सकते हैं।

सिंह राशि

सिंह राशि वालों के लिए दिन की शुरुआत कुछ भारीपन के साथ हो सकती है। मानसिक तनाव या चिंता के कारण एकाग्रता प्रभावित हो सकती है। दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार आएगा और पारिवारिक माहौल सुखद बनेगा। कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों से जरूरी चर्चा संभव है, जो भविष्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है। व्यापार से जुड़े लोग नई योजनाओं पर विचार करेंगे। जीवनसाथी और परिवार का सहयोग आपको भावनात्मक मजबूती देगा।

**कन्या राशि:** कन्या राशि के जातकों के लिए यह दिन संयम और धैर्य की मांग करेगा। नए कार्यों या लंबी यात्राओं को फिलहाल टालना बेहतर रहेगा। मानसिक रूप से आप अंतर्मुखी रह सकते हैं और आध्यात्मिक विषयों की ओर झुकाव बढ़ सकता है। कार्यक्षेत्र में जल्दबाजी या क्रोध से नुकसान हो सकता है, इसलिए संतुलित व्यवहार जरूरी रहेगा। साझेदारी से जुड़े मामलों में संवाद स्पष्ट रखें। विद्यार्थियों के लिए दिन मध्यम फलदायक रहेगा।

**तुला राशि:** तुला राशि वालों के लिए मंगलवार का दिन सकारात्मक शुरुआत के साथ आएगा। नया काम शुरू करने या किसी योजना पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। आर्थिक मामलों में लाभ के संकेत हैं और किसी अहम मीटिंग से फायदा हो सकता है। व्यापार विस्तार के लिए यात्रा की संभावना भी बन सकती है। दोपहर के बाद वाणी और व्यवहार पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा। छिपे हुए विरोधियों से सतर्क रहें और निवेश से जुड़े फैसले पूरी जानकारी के बाद ही लें।

**वृश्चिक राशि:** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह दिन बौद्धिक गतिविधियों और योजनाओं में व्यस्त रहने वाला है। धन से जुड़े मामलों में समय अनुकूल है और व्यापार में लाभ मिलने की संभावना है। दोपहर के बाद मित्रों या रिश्तेदारों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य के मामले में लापरवाही नुकसानदेह हो सकती है, इसलिए दिनचर्या पर ध्यान दें। परिवार के साथ सामंजस्य बना रहेगा और घरेलू वातावरण सुखद रहेगा।

**धनु राशि:** धनु राशि वालों को मंगलवार को स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी। मेहनत के बावजूद अपेक्षित परिणाम न मिलने से निराशा हो सकती है। यात्रा से बचना हितकर रहेगा। दोपहर के बाद परिस्थितियों में सुधार आएगा और ऊर्जा का स्तर बढ़ेगा। आर्थिक लाभ के संकेत हैं और घर से जुड़े किसी कार्य पर खर्च संभव है। व्यापारिक बैठकों से भविष्य की दिशा स्पष्ट हो सकती है। पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी।

**मकर राशि:** मकर राशि के जातकों के लिए यह दिन भावनाओं पर नियंत्रण रखने का है। जमीन-जायदाद या दस्तावेजों से जुड़े मामलों में सतर्कता जरूरी रहेगी। मानसिक चिंता बनी रह सकती है, इसलिए धैर्य से काम लें। संतान या परिवार से जुड़ी किसी बात को लेकर मन व्यस्त रहेगा।

**कुंभ राशि:** कुंभ राशि वालों के लिए दिन नए विचारों और योजनाओं से भरा रहेगा। हालांकि किसी बड़े निर्णय को लेने से पहले रुककर सोचने की जरूरत होगी। कार्यस्थल पर पुराने अधूरे काम निपटाने पर ध्यान जाएगा। रचनात्मक या साहित्य से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है। दोपहर के बाद परिस्थितियों में बदलाव आएगा, लेकिन मन में भ्रम बना रह सकता है। किसी की बातों से मन आहत हो सकता है, इसलिए भावनात्मक संतुलन बनाए रखें।

**मीन राशि:** मीन राशि के जातकों के लिए मंगलवार को आर्थिक मामलों में सतर्कता जरूरी रहेगी। खर्च बढ़ने से चिंता हो सकती है और आय बढ़ाने के नए विकल्पों पर विचार करेंगे। कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कड़ी रहेगी और विरोधी

# बुजुर्गों की सेवा में 'समय बैंक'

**विनीत नारायण**

स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत %समय खाते' में जमा किया जाता है।

भारत जैसे देश में, जहां बुजुर्गों की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है और पारंपरिक परिवार संरचना कमजोर पड़ रही है, बुजुर्गों की देखभाल एक बड़ी चुनौती बन गई है। सरकारी पेंशन योजनाएं और सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम तो हैं, लेकिन वे अक्सर अपर्याप्त साबित होते हैं। ऐसे में, स्विट्जरलैंड की %समय बैंक' अवधारणा एक प्रेरणादायक मॉडल प्रस्तुत करती है, जो न केवल बुजुर्गों की देखभाल को सुनिश्चित करती है बल्कि समाज में सहानुभूति और सामुदायिक भावना को भी मजबूत करती है। यह अवधारणा, जो स्विट्जरलैंड के संघीय सामाजिक सुरक्षा मंत्रालय द्वारा विकसित की गई है, युवाओं को बुजुर्गों की सेवा करने का अवसर देती है और बदले में उन्हें भविष्य में खुद की देखभाल के लिए %समय' जमा करने की अनुमति देती है। भारत सरकार को इस मॉडल को अपनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि यह हमारी सांस्कृतिक मूल्यों से मेल खाता है और आर्थिक बोझ को कम कर सकता है।

स्विट्जरलैंड में इस कार्यक्रम की शुरुआत बुजुर्गों की बढ़ती आबादी और उनकी देखभाल की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई थी। कार्यक्रम के अनुसार, स्वस्थ और संवाद करने में कुशल व्यक्ति बुजुर्गों की मदद करते हैं, जैसे खरीदारी करना, कमरा साफ करना, सूरज की रोशनी में बाहर ले जाना या बस बातचीत करना। प्रत्येक घंटे की सेवा को सामाजिक सुरक्षा प्रणाली के व्यक्तिगत %समय खाते' में जमा किया जाता है। जब व्यक्ति खुद बुजुर्ग हो जाता है या बीमार पड़ता है, तो वह इस जमा समय को निकाल सकता है और अन्य स्वयंसेवक उसकी देखभाल करेंगे। यह प्रणाली न केवल पैसे की बचत करती है बल्कि मानवीय संबंधों को भी मजबूत करती है।

कल्पना कीजिए, एक युवा व्यक्ति जो सप्ताह में दो बार दो घंटे बुजुर्गों की सेवा करता है। एक साल बाद, %समय बैंक' उसके कुल सेवा समय की गणना करता है और उसे एक %समय बैंक कार्ड' जारी करता है। इस कार्ड से वह भविष्य में %समय और समय ब्याज' निकाल सकता है। यानी, जमा समय पर ब्याज भी मिलता है, जो प्रोत्साहन का काम करता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रथा अब सामान्य हो गई है और सरकार ने इसे समर्थन देने के लिए कानून भी पारित किया है। यह मॉडल पेंशन व्यय को कम करता है और समाज को अधिक सहयोगी बनाता है।

भारत में इस अवधारणा को लागू करने की संभावनाएं अपार हैं। एक अनुमान के तहत, 2030 तक हमारे देश में बुजुर्गों की आबादी 19 करोड़ से अधिक हो जाएगी और कई परिवारों में बच्चे शहरों में बस जाते हैं, जिससे बुजुर्ग अकेले रह जाते हैं। पारंपरिक रूप से, भारत में बुजुर्गों की देखभाल परिवार की जिम्मेदारी रही है, लेकिन आधुनिकीकरण ने इस संरचना को प्रभावित किया है। %समय बैंक' जैसा कार्यक्रम युवाओं को प्रोत्साहित कर सकता है कि वे बुजुर्गों की सेवा करें और बदले में उन्हें सुरक्षा का आश्वासन मिले। यह न केवल सरकारी संसाधनों पर दबाव कम करेगा बल्कि बेरोजगार युवाओं को सार्थक कार्य प्रदान करेगा।

उदाहरण के लिए, स्विट्जरलैंड की एक कहानी से प्रेरणा लें। वहां एक 67 वर्षीय सेवानिवृत्त शिक्षिका क्रिस्टीना एक 87 वर्षीय बुजुर्ग की देखभाल करती थीं। उन्होंने कहा कि वह पैसे के लिए नहीं, बल्कि %समय बैंक' में समय जमा करने के लिए ऐसा कर रही थीं। जब वे खुद घायल हुईं, तो %समय बैंक' ने तुरंत एक नर्सिंग कार्यकर्ता भेजा, जो उनकी देखभाल करने लगा। कुछ दिनों में वे स्वस्थ हो गईं और फिर से सेवा में लग गईं। यह कहानी दर्शाती है कि कैसे यह प्रणाली व्यावहारिक और प्रभावी है। भारत में भी, यदि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर ऐसा कार्यक्रम शुरू करें, तो लाखों बुजुर्गों का जीवन बेहतर हो सकता है।

हालांकि, भारत में इसे लागू करने से पहले कुछ चुनौतियों पर विचार करना जरूरी है। सबसे पहले, कार्यक्रम की प्लेटफार्म की जरूरत होगी, जहां सेवा घंटों को रिकॉर्ड किया जा सके। आधार कार्ड और डिजिटल इंडिया जैसे मौजूदा सिस्टम इसमें मदद कर सकते हैं। दूसरा, स्वयंसेवकों की ट्रेनिंग जरूरी है, ताकि वे बुजुर्गों की भावनात्मक और शारीरिक जरूरतों को समझ सकें। तीसरा, दुरुपयोग को रोकने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रिया होनी चाहिए, जैसे कि समय निकासी के समय पहचान जांच। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट की कमी एक समस्या हो सकती है, इसलिए ऑफलाइन मोड भी विकसित किया जाना चाहिए।

सरकार को दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों में इसे पायलट प्रोजेक्ट की तरह से शुरुआत करनी चाहिए। यदि सफल राष्ट्रीय वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के साथ एकीकृत किया जा सकता है। निजी क्षेत्र की भागीदारी भी महत्वपूर्ण होगी। कॉर्पोरेट घराने एनजीओ को अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) फंड्स और स्थानीय समुदायों द्वारा इसे सहयोग करें। इससे न केवल बुजुर्गों की देखभाल सुनिश्चित होगी बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना बढ़ेगी। इस अवधारणा के सामाजिक लाभ भी कम नहीं हैं। आज के दौर में, जहां अकेलापन एक महामारी बन गया है, %समय बैंक' लोगों को जोड़ सकता है। बुजुर्गों से बातचीत करने से युवाओं को जीवन के अनुभव मिलेंगे, और बुजुर्गों को भावनात्मक समर्थन। यह भारतीय मूल्यों—जैसे %सेवा परमो धर्म' से मेल खाता है। स्विट्जरलैंड में यह प्रणाली पेंशन को पूरक बनाती है, जहां पेंशन इतनी अच्छी है कि भोजन और आवास की चिंता नहीं होती, लेकिन भारत में जहां पेंशन सीमित है, यह एक क्रांतिकारी कदम साबित हो सकता है।

आर्थिक दृष्टि से भी यह फायदेमंद है। भारत में बुजुर्ग देखभाल पर खर्च बढ़ रहा है नर्सिंग होम और अस्पताल महंगे हैं। %समय बैंक' से स्वयंसेवी देखभाल बढ़ेगी, जिससे सरकारी व्यय कम होगा। विश्व बैंक की रिपोर्ट्स बताती हैं कि एजिंग पॉपुलेशन विकासशील देशों के लिए चुनौती है, लेकिन ऐसे नवाचारी मॉडल से इसे अवसर में बदला जा सकता है। स्विट्जरलैंड में यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक चल रहा है और अब दुनिया के अन्य देशों को इसे अपनाना चाहिए। भारत सरकार केंद्र और राज्य स्तर पर को इस %समय बैंक' अवधारणा पर विचार करना चाहिए। इसे लागू करने के लिए एक टास्क फोर्स गठित की जाए, जो स्विट्जरलैंड के मॉडल का अध्ययन करे और भारतीय संदर्भ में अनुकूलित करे। यदि हम आज कदम उठाएं, तो कल के बुजुर्ग—जो आज के युवा हैं—एक सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे। यह न केवल एक नीति है, बल्कि मानवता का

# भारत में ही सबसे पहले गणतंत्र था

**अशोक प्रवृद्ध**

बिहार का वैशाली (लिच्छवी गणराज्य) विश्व का पहला सफल गणतंत्र माना जाता है। जब यूनान में नगर-राज्यों की अवधारणा आकार ले रही थी, उससे बहुत पहले भारत में पूरी तरह विकसित गणतांत्रिक व्यवस्थाएँ मौजूद थीं।ज् ऋग्वेद में 40 बार और अथर्ववेद में 9 बार %गण' शब्द का प्रयोग यह दर्शाता है कि हमारे पूर्वज संख्या-बल और सामूहिक निर्णय की शक्ति को भली-भांति समझते थे। प्राचीन काल की सभा और समिति इस बात का प्रमाण हैं कि प्रजातंत्र के ये दो महत्वपूर्ण स्तंभ उस समय भी सक्रिय थे।

गौरव की बात है कि भारत में गणतंत्र की अवधारणा केवल 1950 से शुरू नहीं होती, बल्कि इसकी जड़ें हमारी प्राचीन सभ्यता, वैदिक संस्कृति और इतिहास में बहुत गहराई तक फैली हुई हैं। पूरे विश्व को गणतंत्र का पाठ सबसे पहले इसी धरती से मिला। हमारे ही देश में सर्वप्रथम गणतंत्र स्थापित हुआ, जिसकी सफलता ने संसार का ध्यान अपनी ओर खींचा। ऋग्वेद और अथर्ववेद में गण, सभा और समिति जैसी संस्थाओं का उल्लेख मिलता है, जो लोकतांत्रिक ढंग से निर्णय लेती थीं। %गण' शब्द का अर्थ ही जनता का समूह है, जहाँ शासक का चयन योग्यता के आधार पर होता था।

इतिहास के प्रमाण बताते हैं कि बिहार का वैशाली (लिच्छवी गणराज्य) विश्व का पहला सफल गणतंत्र माना जाता है। जब यूनान में नगर-राज्यों की अवधारणा आकार ले रही थी, उससे बहुत पहले भारत में पूरी तरह विकसित गणतांत्रिक व्यवस्थाएँ मौजूद थीं। असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान और भारत विभाजन की पीड़ा के बाद 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ हमारा संविधान आधुनिक भले ही हो, लेकिन उसकी आत्मा में %वसुधैव कुटुंबकम्' और %सर्वे भवन्तु सुखिनः' जैसी प्राचीन भारतीय भावनाएँ समाई हुई हैं। संविधान निर्माताओं ने पश्चिमी मॉडलों के साथ-साथ भारत की अपनी सांस्कृतिक विरासत और पंचायत परंपरा को भी महत्व दिया।

यह दिन केवल संविधान के लागू होने का उत्सव नहीं है, बल्कि उन अनगिनत स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करने का अवसर भी है, जिन्होंने एक स्वतंत्र और संप्रभु भारत का सपना देखा था। 26 जनवरी का यह राष्ट्रीय पर्व हमें याद दिलाता है कि हम एक ऐसी महान परंपरा के उत्तराधिकारी हैं, जिसने दुनिया को लोकतंत्र की दिशा दिखाई। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में वर्णित गणतांत्रिक व्यवस्थाएँ यह सिद्ध करती हैं कि भारत में लोकतंत्र कोई आयातित विचार नहीं, बल्कि हमारी अपनी मिट्टी और वेदों की मौलिक देन है। यह भी सच है कि संविधान निर्माताओं ने इस व्यवस्था की प्रेरणा पवित्र वेदवाणी से ही ली।

यह भारतीय गणतांत्रिक परंपरा की ऐतिहासिक जड़ों को उजागर करता है और साबित करता है कि लोकतंत्र और गणतंत्र की अवधारणाएँ भारत में सहस्राब्दियों पहले से मौजूद थीं। संसार के आदिग्रंथ ऋग्वेद में 40 बार और अथर्ववेद में 9 बार %गण' शब्द का प्रयोग यह दर्शाता है कि हमारे पूर्वज संख्या-बल और सामूहिक निर्णय की शक्ति को भली-भांति समझते थे। प्राचीन काल की सभा और समिति इस बात का प्रमाण हैं कि प्रजातंत्र के ये दो महत्वपूर्ण स्तंभ उस समय भी सक्रिय थे। समिति आज की संसद या लोकसभा जैसी थी, जहाँ जनता और प्रतिनिधि नीति-निर्धारण के लिए एकत्र होते थे, जबकि सभा राज्यसभा या विद्वत परिषद की तरह कार्य करती थी, जहाँ अनुभवी लोग परामर्श और न्याय का दायित्व निभाते थे।

ऋग्वेद का वह मंत्र, जिसमें एकमत होकर निर्णय लेने की प्रार्थना की गई है, आधुनिक आम-सहमति के सिद्धांत का प्राचीनतम रूप माना जा सकता है। बौद्ध ग्रंथों में भगवान बुद्ध के समय शलाका अर्थात मतपत्र द्वारा मतगणना का उल्लेख मिलता है, जो यह स्पष्ट करता है कि भारत में मतदान की प्रक्रिया अत्यंत विकसित थी। गण और संघ के माध्यम से बहुमत के आधार पर निर्णय लेना हमारी प्रशासनिक कुशलता का प्रतीक था। बाद में कुछ कारणों से व्यवस्था राजतंत्र की ओर मुड़ गई, लेकिन भारत की मूल चेतना हमेशा गणतांत्रिक बनी रही।

आज की पीढ़ी के लिए यह प्राचीन भारतीय गणतांत्रिक व्यवस्था अत्यंत प्रेरक है, क्योंकि अक्सर यह मान लिया जाता है कि लोकतंत्र पश्चिम की देन है। वास्तव में गण से गणतंत्र तक की यात्रा भारत की अपनी यात्रा है। इससे हम 26 जनवरी के वास्तविक ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व को समझ सकते हैं। भारत के प्राचीन राजनीतिक इतिहास और विकसित संवैधानिक ढाँचे यह सिद्ध करते हैं कि आज के युग में भी हमारे लोकतंत्र की सफलता के पीछे सहस्राब्दियों पुरानी सुव्यवस्थित शासन परंपरा है।

संसदीय शब्दावली की प्राचीनता इस तथ्य से समझी जा सकती है कि आज जिसे %कोरम' कहा जाता है, उसे प्राचीन काल में %गणपूरक' कहा जाता था। इसका अर्थ था कि न्यूनतम सदस्यों की उपस्थिति के बिना सभा मान्य नहीं होगी। सचेतक अर्थात %व्हिप' की अवधारणा भी तब मौजूद थी, जिससे अनुशासन बना रहता था। महर्षि पाणिनि द्वारा वर्णित वृक, यौधेय और त्रिगर्त जैसे गणराज्य प्राचीन भारत के संघीय ढाँचे के सशक्त उदाहरण हैं। महाभारत में वर्णित अंधक-वृष्णि संघ, जिसके प्रमुख श्रीकृष्ण थे, एक उन्नत गणतंत्रीय संघीय व्यवस्था का प्रतीक है।

महाभारत यह भी बताता है कि जनसभा में प्रत्येक सदस्य को अपनी बात रखने का अधिकार था, जो आज की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रारंभिक रूप है। अध्यक्ष का चुनाव जनता द्वारा किया जाना यह सिद्ध करता है कि सत्ता वंशानुगत नहीं, बल्कि योग्यता और जन-सहमति पर आधारित थी। कौटिल्य द्वारा लिच्छवी, वृज्जि और कम्बोज जैसे गणराज्यों का उल्लेख यह दर्शाता है कि मौर्य काल तक भी ये गणराज्य प्रभावशाली थे। पाणिनि की अष्टाध्यायी में %जनपद' शब्द जनता की सर्वोच्चता को रेखांकित करता है।

स्पष्ट है कि भारत में गणतंत्र केवल एक शासन-व्यवस्था नहीं, बल्कि एक जीवन-शैली थी। 26 जनवरी 1950 को संविधान अपनाना वास्तव में उसी वैदिक, महाभारतकालीन और मौर्यकालीन लोकतांत्रिक चेतना का आधुनिक पुनर्जागरण था। वैशाली और लिच्छवी जैसे उदाहरण यह प्रमाणित करते हैं कि भारत वास्तव में लोकतंत्र की जननी है।

# मालवी लोकगीतों को समर्पित व्यक्तित्व हीरासिंह बोरलिया

**मुकेश कबीर**

हीरा सिंह बोरलिया एक ऐसा नाम जिन्होंने मालवी लोक गीतों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा दिया और अनजान सी इस विधा को जनमानस में इतना लोकप्रिय बनाया कि आज नई पीढ़ी भी मालवी लोक गीतों को ना सिर्फ सीख रही है बल्कि कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुति भी दे रही है। हीरा सिंह जी का जन्म 27 जनवरी 1934 को मध्यप्रदेश के उज्जैन में हुआ था लेकिन इनके पूर्वज काफी पहले राजस्थान के जालौर जिले के बोरली गाँव से उज्जैन आकर बस गए थे, बोरली के निवासी थे इसलिए बोरलिया ही इनका उपनाम हो गया। घर में लोक गायन की परंपरा थी तो बालक हीरा सिंह भी गाने लगे, इनकी प्राथमिक गुरु इनकी मां रमा बाई ही थीं । बाद में हीरा सिंह जी ने अन्य बड़े गुरुओं से भी लोक गायन और संगीत की शिक्षा ली जो उस समय के प्रतिष्ठित कलाकार थे जिनमें मुख्य रूप से डॉ. श्याम परमार,पद्मश्री देवीलाल सामर और प्रसिद्ध संगीतकार रविन्द्र जैन शामिल हैं। बाद में रविन्द्र जैन की टीम में हीरा सिंह जी के सुपुत्र प्रसिद्ध ढोलक वादक अनूप सिंह बोरलिया शामिल हुए, जिन्होंने राम तेरी गंगा मैली के अलावा कई अन्य फ़िल्मों में भी संगीतकार रविन्द्र जैन के साथ ढोलक बजाई और महान



धारावाहिक रामायण में भी सांगीतिक योगदान दिया। वर्तमान में अनूप सिंह अपने पिता की महान विरासत को सम्भाले हुए हैं जो मुंबई और उज्जैन में नए शागिर्द तैयार कर रहे हैं। अनूप सिंह को मध्य प्रदेश संगीत नाटक अकादमी द्वारा गुरु के रूप में नियुक्त किया गया है जो शासन की एक छात्रवृति योजना के अन्तर्गत बच्चों को ढोलक घुँघरू जैसे अनेक प्राचीन ताल वाद्ययंत्रों की शिक्षा देते हैं। अनूप जी अपने पिता की स्मृतियों को सहेजे हुए हैं जो उनके पिता के गौरवशाली जीवन से अवगत कराते हैं। अनूप जी से मिली जानकारी और हीरा सिंह जी पर लिखे गए शोध ग्रंथ और शासकीय पत्रिकाओं के माध्यम से हीरा जी की उपलब्धियों के बारे में पता चलता है। हीरा सिंह जी ने अपने कैरियर की शुरुआत एक संगीत शिक्षक के रूप में की थी, वे खैरागढ़ विश्व विद्यालय में प्राध्यापक रहे,इसके साथ ही विभिन्न मंचों पर मालवी लोक गीतों का प्रचार प्रसार भी करते रहे। दूरदर्शन मध्य प्रदेश के तो वे नियमित कलाकार थे ही इसके अलावा कई निजी चैनलों पर भी मालवी लोक गीत, कबीर गायन की प्रस्तुति प्रमुख रूप से देते थे। इसी सिलसिले में उन्हें एक नेशनल चैनल पर प्रसारित रियलिटी शो ÷जुनून सात स्वरों का÷ में लोक गीतों के लिए देश में प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ, उन्हें मध्य प्रदेश शासन का प्रतिष्ठित मालव कलाकार पुरस्कार भी प्राप्त हुआ। हीरा सिंह जी का कार्यक्षेत्र बहुत विस्तृत था, उन पर बहुत से विद्यार्थियों ने शोध ग्रंथ भी लिखे और पीएचडी भी हासिल की।

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे देश में भारत सरकार द्वारा आयोजित अमृत महोत्सव के अंतर्गत हीरा सिंह जी को प्रतिष्ठित अमृत अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

हीरा सिंह भारत के अलावा दुनिया के अन्य देशों में भी मालवी गीतों का प्रचार प्रसार करते रहे हैं जिनमें फ्रांस का टूर बहुत सफ़ल और उल्लेखनीय हैं जहां उनकी एक प्रस्तुति देखने के बाद उन्हें लगातार चालीस मंचों पर आमंत्रित किया गया। पूरे दो महीने उनके फ्रांस में सम्मान पूर्वक कार्यक्रम हुए। देश विदेश में मालवी गीतों की प्रस्तुति के अलावा हीरा सिंह का एक बड़ा योगदान यह भी है कि उन्होंने लोकगीतों को व्यवस्थित और संकलित किया। अपनी बेटी के साथ मिलकर विभिन्न परम्पराओं के लोक गीतों को एक पुस्तक के रूप में प्रकशित भी किया। हीरा सिंह जी जैसे

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### यूजीसी के नवीन नियमों के विरोध में डीएम को सौंपा ज्ञापन



**महोबा।** यूजीसी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के नवीन नियमों के विरोध में वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उप्र के बैनर तले पेंशनरों ने एकजुट होकर जिलाधिकारी महोबा गजल भारद्वाज को महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर पेंशनरों ने आरोप लगाया कि यूजीसी के हालिया नियम उच्च शिक्षा की स्वायत्तता, पारदर्शिता तथा सामाजिक न्याय की भावना के विपरीत हैं। उनका कहना है कि इन नियमों से विश्वविद्यालयों की अकादमिक स्वतंत्रता प्रभावित होगी तथा सामान्य वर्ग सहित समाज के कमजोर वर्गों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर सेवा संस्थान के महामंत्री बीके तिवारी ने बताया कि संगठन द्वारा पूर्व में भी केंद्र सरकार एवं संबंधित मंत्रालय को ज्ञापन भेजे गए हैं, किंतु अब तक कोई सार्थक समाधान नहीं निकला है। इसी क्रम में आज राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग करते हुए यह ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से यूजीसी के नए नियमों की समीक्षा, शिक्षाविदों व हितधारकों से पुनः परामर्श तथा जनहित में निर्णय लेने की मांग की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में पेंशनर उपस्थित रहे और उन्होंने शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखी। कार्यक्रम के अंत में संगठन ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक किया जाएगा। बैठक में सुनील शर्मा अध्यक्ष, ईश्वरी प्रसाद तिवारी, शिवकुमार त्रिपाठी, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, लघुचन्द्र नारायण अरजरिया, प्रभुदयाल कुशवाहा, अरूण खरे, जगदीश सोनी सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित रहे।

### फास्ट फूड विक्रेता की हार्ट अटैक से मौत

**भरुआ सुमेरपुर।** बुधवार को तड़के अचानक सीने में तेज दर्द होने के बाद अचेत हुए फास्ट फूड कारोबारी की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। आशंका जताई जा रही है व्यापारी की हार्ट अटैक से मौत हुई है। कस्बे के लखना पुरवा निवासी देवराज वर्मा (40) का कस्बे के मैथिलीशरण गुप्त मार्ग में फास्ट फूड बेचने का कारोबार था। मंगलवार को रात करीब 11:00 बजे वह दुकान से घर लौटे और खाना खाकर सो गए। बुधवार को तड़के करीब 3:30 बजे उन्होंने पत्नी उमा देवी से सीने में तेज दर्द होने के बाद बताई और घर में ही बेहोश हो गया। परिजन उनको कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृतक अपने पीछे वृद्ध मां रामबाई,पत्नी उमा देवी, पुत्र कार्तिक (13), कुणाल (10), केदन (7) को रोता बिलखता छोड़ गया है। दोपहर में कस्बे के मोक्षधाम में उसका अंतिम संस्कार किया गया। यहां पर सभासद गोपाल बजाज सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया



**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के संयुक्त तत्वावधान में जनपद हमीरपुर के कस्तूरबा गॉधी आवासीय विद्यालय कुरारा में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को केन्द्रित करते हुये कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत बाल विवाह से होने वाले नुकसान एवं उनको रोके जाने की व्यवस्था तथा पॉक्सो अधिनियम के बारे में जानकारी दी गई। सचिव द्वारा बताया गया कि बाल विवाह करने व कराने वाले तथा उत्प्रेरित करने वाले व्यक्ति को 2 वर्ष की तक की सजा व एक लाख रूपये तक के जुर्माने से दण्डित किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित बाल कल्याण समिति की शशि तिवारी के माध्यम से सरकार द्वारा चलायी जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही बच्चों के साथ चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य श्रीमती अर्चना व अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### पांच दिन से लापता श्रमिक दूर जंगल में दफ़नाया मिला शव, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र क्षेत्र के देवहट गांव में पांच दिन से लापता श्रमिक का मंगलवार की शाम को घर से तीन किलोमीटर दूर जंगल में शव दफ़नाया मिलने पर ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने गड्ढा खोदवाकर शव को बाहर निकलवाया।देवहट गांव के कोल बस्ती निवासी 56 वर्षीय श्रमिक छोटकऊ कोल बीते 22 जनवरी की रात फसलों की रखवाली करने घर से तीन सौ मीटर दूर खेत पर गए थे।23 जनवरी की सुबह घर वापस नही लौटने पर स्वजन खोजबीन करने लगे श्रमिक का कहीं पता नही चलने पर श्रमिक के साले बसंत लाल ने 24 जनवरी को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मंगलवार शाम को सजहवा बाउली जंगल की ओर गए चरवाहों ने जंगल से दुर्गंध आने पर पास जाकर देखा तो गड्ढे से दुर्गंध आ रही थी और गड्ढे के पास एक लाठी पड़ी हुई थी। चरवाहों ने गांव में आकर जंगल में लाठी और गड्ढे से आ रही दुर्गन्ध के बारे में ग्रामीणों को बताया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआई सुभाष यादव, पुनीत गुप्ता, मूलचंद वर्मा ने घटना की जांच करते हुए गड्ढे को खोदवाकर देखा तो श्रमिक का शव चादर से बांधकर दो फीट नीचे दफ़ना दिया गया था।शाम सात बजे पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटना की बारीकी से जांच की। मृतक श्रमिक के पुत्र लवकुश कोल ने गड्ढे में मिले शव की पिता के रूप में पहचान की।शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिलने पर मृतक के पुत्र ने पिता की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। मृतक के पुत्र लवकुश ने बताया कि पिता मेहनत मजदूरी और गांव के लोगों की बंटाई पर खेती कर जीविकोपार्जन करते थे।22 जनवरी की रात खेत पर फसलों की रखवाली करने गए थे उसके बाद घर नही लौटे। जंगल में शव दफ़नाए जाने पर ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चाएं होती रही। श्रमिक का शव जंगल में कैसे पहुंचा रहस्य का विषय बना हुआ है। पत्नी प्रेमादेवी पति का शव जंगल में मिलने की खबर पाकर रोते हुए बेसुध हो गई।थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि लापता श्रमिक का शव चादर से बांधकर देवहट गांव के सजहवा जंगल में गड्ढे में दफ़नाया मिला।

### समाज और व्यक्ति के विकास की मूल आधार है शिक्षा: डॉ. महा नारायण



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** परसिया बरौंधा गांव में स्थित एक विद्यालय में बुधवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं सीनियर बच्चों के बिदाई का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया।इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्श हास्पीटल के महाप्रबंधक डा महा नारायण भारती ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन का वह आधार है जिसके माध्यम से व्यक्ति और समाज दोनों का विकास संभव होता है। शिक्षा ही एक ऐसी विधा है जो मनूष्य को आत्मनिर्भर बनाने के साथ समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान जनता जनार्दन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आर टी सिंह ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति ज्ञान,मूल्यऔर कौशल को प्राप्त करता है। जिससे इंसान आत्मनिर्भर होकर समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनता है।इस अवसर पर मदर टेरेसा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आर डी यादव ने कहा कि शिक्षा के जरिए ही व्यक्ति के मानसिक और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। मां सावित्री बाई फूले इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार सिंह ने ने कहा कि शिक्षा के मामले में पिछड़े हलिया ब्लाक में शिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए विद्यालय के संस्थापक को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक लल्लू प्रसाद गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य राम दास मौर्या प्रबंधक आशीष कुमार गुप्ता उप प्रधानाचार्य कंपित चंद्र भूषण पाण्डेय उर्फकप्तान पाण्डेय सिध्दार्थ कुमार मिश्र मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बालिका घायल, रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी मुरारी की 12 वर्षीया पुत्री प्रभावती बुधवार को अपने घर के पास साइकिल चला रही थी। उसी दौरान से तेज गति से आ रहे बाइक सवार युवक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर लगने से बालिका सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई।हादसे के बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल बालिका को उपचार हेतु निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए।जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बालिका को बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

# पेंशनरों की समस्याओं का निस्तारण कर प्रति सप्ताह दें सूची: जिलाधिकारी

▸ सेवानिवृत्त पेंशनरों की पुनरीक्षण न करने वाले अधिकारियों का वेतन रोकने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, महोबा।**



अभियान चलाकर पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण करें और उसकी सूचना प्रति सप्ताह निस्तारित प्रकरणों की सूची उपलब्ध करायें उक्त निर्देश पेंशनरों की समस्याओं पर कलेक्ट्रेट सभागार में पेंशनर प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की बैठक में जिलाधिकारी गजल भारद्वाज ने दिये। जिलाधिकारी ने वरिष्ठ कोषाधिकारी डॉ. देवकुमार यादव को निर्देशित किया कि 2016 के पूर्व सेवानिवृत्त पेंशनरों की पुनरीक्षण न करने वाले अधिकारियों का वेतन रोक दें साथ ही वरिष्ठ नागरिकों/पेंशनरों की सुरक्षा हेतु कुशल क्षेम सबेरा योजना प्रारम्भ किये जाने हेतु पलिस अधीक्षक को पत्र भेजने हेतु अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को निर्देशित करते हुये कहा कि जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर आपातकालीन कक्ष में इमरजेंसी ड्रग के साथ उपकरणों की क्रिया शीलता की जांच कर अवगत करायें। वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स सेवा संस्थान उप्र के महामंत्री बीके तिवारी ने पेंशनरों की समस्याओं से संबंधित 16 सूत्रीय मांग पत्र प्रस्तुत किया जिस पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज द्वारा मृतक पेंशनरों को पारिवारिक पेंशन के भुगतान में होने वाले विलम्ब पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्व0 श्री राम ओंकार सिंह की पत्नी को सभी औपचारिकतायें पूर्ण कराकर एक सप्ताह में पेंशन भुगतान की कार्यवाही करें, चिकित्सा प्रतिपूर्ति के प्रकरणों के समयबद्ध निस्तारण न होने एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के बैठक में न आने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। नगर पालिका के सेवानिवृत्त कार्मिकों देयकों के भुगतान हेतु पत्र जारी किये जाने एवं समीक्षा किये जाने का आश्वासन दिया। बैठक में ईश्वरी प्रसाद तिवारी, शिवकुमार त्रिपाठी, सुरेन्द्र श्रीवास्तव, लघुचन्द्र नारायण अरजरिया, पुष्पा सक्सैना, गीता पाण्डेय, इन्द्रमां प्रभुदयाल कुशवाहा, अरूण खरे, जगदीश सोनी सहित एक दर्जन पदाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी वित्त कुंवर पंकज, वरिष्ठ कोषाधिकारी देवकुमार यादव, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी राहुल मिश्रा, जिला विद्यालय निरीक्षक, मुख्य अपर, मुख्य चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

### जिला कारागार में जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया

**हमीरपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मनोज कुमार राय के कुशल निर्देशन में दिनांक 28.01.2026 को जिला कारागार, में निरूद्ध विचाराधीन बदियों के हितार्थ जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम जेल लोक अदालत में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण महेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य न्याय रक्षक आनन्द सक्सेना एवं सहायक मुख्य न्याय रक्षक फिरोज आलम उपस्थित रहे। उक्त जेल लोक अदालत हेतु नामित पीठासीन अधिकारी श्रीमती वन्दना अग्रवाल अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 08 वादों में से कुल 5 मामलों का निस्तारण किया गया।

### स्टेटिक मजिस्ट्रेट के समक्ष सम्पन्न करायीं गई प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**कुलपहाड़/ महोबा, समृद्धि न्यूज।**



माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश इलाहाबाद बोर्ड की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाएं स्टेटिक मजिस्ट्रेट के समक्ष संपन्न कराई जा रही है। इसी क्रम में नगर के जीबी इस्लामिया इंटर कॉलेज में भौतिक विज्ञान व जीव विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षाएं स्टेटिक मजिस्ट्रेट राम सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज जैतपुर के समक्ष भौतिक विज्ञान की परीक्षा एग्जामिनर श्याम बिहारी एवं जीव विज्ञान के राकेश कुमार तिवारी के द्वारा प्रयोगात्मक परीक्षाएं 2026 संपन्न कराई गई। प्रधानाचार्य एजाज अहमद खान ने बताया है कि इंटरमीडिएट भौतिक विज्ञान में 51 तथा जीव विज्ञान में 40 परीक्षार्थी उपस्थित हुए।इस अवसर पर शिक्षक जान मोहम्मद ,राजेश कुमार साहू, पुष्पेंद्र कुमार, शमशाद अली, आदि मौजूद रहे।

## मॉडल यूथ ग्राम सभा राष्ट्रीय पुरस्कार से ग्राम प्रधान हथेड़ा सम्मानित




**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** मॉडल यूथ ग्राम सभा के राष्ट्रीय पुरस्कार से भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में बुधवार को ग्राम प्रधान हथेड़ा अनीता मिश्रा सम्मानित हुई। ग्राम प्रधान को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर ब्लॉक सहित ग्राम पंचायत में हर्ष व्याप्त है। इस पुरस्कार के लिए मिर्ज़ापुर के चयनित ग्राम प्रधानों में जमालपुर ब्लॉक के जमालपुर ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष सुशील सिंह बच्चा तथा हलिया ब्लॉक के हथेडा ग्राम प्रधान अनिता मिश्रा शामिल हैं। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आगामी 28 जनवरी को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किया जिसमें प्रदेश से चयनित ग्राम प्रधान भाग लेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने की आधिकारिक सूचना जिला पंचायत राज अधिकारी, मिर्जापुर संतोष श्रीवास्तव द्वारा दी गई है। मॉडल यूथ ग्राम सभा कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना, नवाचार को बढ़ावा देना और ग्रामीण विकास के बेहतर मॉडल को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है। इसी क्रम में मिर्जापुर जनपद से दो ग्राम प्रधानों का चयन जिले के लिए गौरव की बात मानी जा रही है। जमालपुर ग्राम प्रधान सुशील सिंह बाचा के चयन से क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसे जमालपुर ग्राम सभा की उपलब्धि बताते हुए खुशी जाहिर की है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुशील सिंह बाचा ने कहा कि मॉडल यूथ ग्राम सभा के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में मिर्जापुर जनपद का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। साथ ही उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि आगे भी गांव के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

### बूंदाबाँदी से मौसम का बदला मिजाज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र में मंगलवार की भोर से रही बूंदाबाँदी होने से जहां तापमान में गिरावट हुआ है वही ठंड बढ़ोत्तरी हुई है। फसलों को एक तरफ से संजीवनी मिल गई। पानी की फुहार पड़ते ही मुरझाई फसलों का रंग बदल गया।पठारी क्षेत्र में फसलों के सिंचाई का साधन रहा वहां किसी तरह से किसानों ने गेहूं की सिंचाई कर लिया था। किंतु असिंचित इलाकों की फसल पानी के बिना मुरझाने लगी थी। यह भी बता दें की सप्ताह से मौसम के तापमान में गर्मी आ जाने से किसान चिंतित रहे। और ठंड का असर दिन प्रतिदिन कम होता जा रहा था। जो गेहूं की पैदावार के लिए पूरी तरह से प्रतिकूल रहा। मंगलवार की भोर से बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश शुरू हुई जिससे फसलों रौनक लौट आई।किसानों के चेहरे खिल उठे स्थानीय किसान सुरेश दुबे, गंगा सागर तिवारी, प्रशांत दुबे, पंकज सिंह चंदेल, दिनेश अग्रहरी, जटा शंकर दुबे, राजेश यादव, रमेश मौर्या आदि ने बताया की बूंदाबाँदी के साथ हुई बारिश फसलों को संजीवनी मिली है। असिंचित क्षेत्र में सिंचाई का साधन नही होने से बारिश के सहारे खेती हो रही है।

## चकबंदी अधिकारी ने समाधान के दौरान 45 वादों का किया निस्तारण



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना के निर्देशन में बन्दोबस्त चकबन्दी अधिकारी पैगाम हैदर एवं चकबन्दी अधिकारी की उपस्थिति में समास्या के समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत जनसुनवाई करते हुए ग्राम छांनी पंचायत मुस्करा तहसील मौदहा जिला हमीरपुर के पंचायत भवन में आयोजित चकबन्दी चौपाल के माध्यम से चकबन्दी से संबंधित कुल 45 वादों का निस्तारण किया गया उक्त वादों का निस्तारण बन्दोबस्त चकबन्दी अधिकारी की उपस्थिति में चकबन्दी अधिकारी जिज्ञासु कुमार पुस्कर, चकबन्दी लेखपाल अनुराग सिंह एवं रामसुमेर के द्वारा किया गया इस अवसर पर ग्राम प्रधान रमेश चन्द्र, स्थानीय निवासी सिद्धगोपाल, प्रहलाद, सुल्तान, गोकुल प्रसाद, जसीराम, सियाराम आदि उपस्थित रहे।

## दंगल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस में आकर्षक कुश्तियां देखने को जुटी दर्शकों की भारी भीड़

▸ पुरुष व महिला पहलवानो ने अपने दांव-पेंच से दर्शकों का मन मोहा

**कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



रघुनाथ धाम मंदिर प्रांगण जैतपुर में मकर संक्रांति मेला महोत्सव के अंतर्गत दंगल प्रतियोगिता के द्वितीय दिवस भी विशाल दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें पुरुषों के साथ-साथ महिला कुश्ती भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही।

दंगल का आयोजन जैतपुर में पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास स्थित खेल मैदान में आयोजित किया गया।

प्रतियोगिता में अन्य प्रदेशों से आए नामी व अनुभवी पहलवानो ने अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों को रोमांचक मुकाबले देखने को मिलें। दंगल में महिला और पुरुष की मिलाकर कुल ग्यारह कुश्ती हुई जिसमें पहली कुश्ती बाबा गौरी शंकर दास अयोध्या व शेर सिंह बंगाल के बीच हुई जिसमें बहुत ही रोमांचक मुकाबला हुआ अयोध्या के बाबा ने शेर सिंह को करारी शिकस्त दी इसके बाद बामी मिश्रा लखनऊ व गजोधर राजस्थान के बीच आकर्षक मुकाबला हुआ ,जिसमें बाबी मिश्रा विजयी हुये । इसके बाद आकांक्षा दिल्ली और मुकेश ग्वालियर के बीच जोरदार मुकाबला हुआ जिसमें आकांक्षा दिल्ली ने पुरुष पहलवान को 8 मिनट की कुश्ती में शिकस्त देकर बाजी मारी महिला पुरुष कुश्ती विशेष आकर्षण का केंद्र रही। ग्राम प्रधान छोटेलाल ने सभी आगंतुकों का भी आभार प्रकट किया। इस मौके पर मेला समिति अध्यक्ष कामता कुशवाहा, वरिष्ठ पत्रकार लक्ष्मी गोस्वामी पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मौला बख्श , देवेन्द्र अरजरिया,जगत सिंह, भागीरथ यादव, रामबाबू, हरि सिंह राजपूत सहित गांव के गणमान्य नागरिक व क्षेत्र के संभ्रांत दर्शन गण उपस्थित मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने की जनसुनवाई, 93 शिकायतें आयीं, अधिकांश का निस्तारण

**हमीरपुर**



जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कर जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करने के निर्देश दिए तथा जन सुनवाई के दौरान अपनी फरियाद लेकर आए जरूरतमंदों को सर्दी के दृष्टिगत कम्बल वितरित किए जनसुनवाई में लगभग 93 शिकायते प्राप्त हुई जिनमें से अधिकांश का जिलाधिकारी ने त्वरित ढंग से मौके पर निस्तारण कर दिया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम, खंड विकास अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ वर्चुअल/जूम एप के माध्यम से बैठक कर उनके तत्काल निस्तारण हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम, बीडीओ व अन्य संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर जन समस्याओं का त्वरित ढंग से निस्तारण किया जाए इसमें किसी भी तरह किसी शिथिलता न बरती जाए जिलाधिकारी ने कहा की जनसुनवाई, आईजीआरएस व अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाले प्रकरणों का सभी संबंधित अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कर उसकी समय से आख्या दी जाए।

## बूंदा-बांदी से ठंड बढ़ी, दिन भर छाए रहे बादल



**भरुआ सुमेरपुर हमीरपुर।** बीती रात हुई बूंदाबांदी से ठंड में इजाफा हो गया है। मंगलवार की तरह बुधवार को भी पूरे दिन आसमान में बादलों का डेरा जमा रहा है। इससे किसान परेशान रहा बीती रात कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में बूंदाबांदी होने से ठंड में इजाफा हो गया है। बुधवार को दिनभर आसमान में बादलों का डेरा जमा रहा। सर्द हवाओं के चलने से ठंड में इजाफा हो गया है। आसमान में घट रहे घटनाक्रम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है किसानों को आशंका सता रही है कि अगर बारिश होती है तो दलहनी एवं तिलहनी फसलों पर विपरीत असर पड़ सकता है क्योंकि अब होने वाली बारिश से इन फसलों को कोई फायदा नहीं होगा क्योंकि दलहनी एवं तिलहनी फसले फल फूल कर पकने की ओर बढ़ने लगी है ऐसे में इन्हें पानी की नहीं बल्कि धूप और पछुवा हवा की जरूरत है पिछले एक सप्ताह से पुरवाई की बयार बहने से फसलों में माहू सूड़ी का प्रकोप बढ़ने लगा है। इससे किसान परेशान है।

### चौथे आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिवार भयभीत

**भरुआ सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे में गत 15 जनवरी के हुए लव जिहाद धर्मांतरण के दबाव के मामले में पुलिस तेरह दिन बाद भी चौथे आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है जबकि पीड़ित परिवार आरोपियों से जान का खतरा बता कर सुरक्षा की गुहार लगा चुका। इसके बाद पुलिस आरोपी को पकड़ने में नाकामयाब है कस्बे के कमलेश तिराहा निवासी अबान उर्फ अफ़ान खान कस्बे के एक हिंदू किशोरी को लव जिहाद में फंसा कर अश्लील वीडियो बना लिए थे। बाद में धर्मांतरण करके शादी का दबाव बनाया था।हिंदू किशोरी के मना करने के बाद आरोपी ने उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिए थे। इससे कस्बे में बवाल मच गया था। किशोरी के पिता ने अबान उर्फ अफान के साथ मुकदमे में उसके पिता मौलाना खान को आरोपी बनाया था। बाद में किशोरी के बयान अदालत में दर्ज होने पर पुलिस ने मुख्य आरोपी के अलावा अन्य दो नाम बताएं थे। इनमें एक बाल अपचारी को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि चौथा आरोपी फरार है। यह आरोपी मुख्य आरोपी का रिश्तेदार बताया जा रहा है। पुलिस घटना के तेरह दिन गुजर जाने के बाद इसको गिरफ्तार नहीं कर सकी है। जबकि पीड़ित परिवार आरोपियों से जान का खतरा बताकर सुरक्षा की मांग कर चुका है। पुलिस प्रशासन ने पीड़ित परिवार को सुरक्षा भी मुहैया करा दी है। इसके बाद पीड़ित परिवार असुरक्षित महसूस कर रहा है। पीड़ित परिवार का कहना है कि सभी आरोपियों को पुलिस को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाना चाहिए। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। पूरा परिवार कस्बा छोड़कर भूमिगत हो गया है। तलाश जारी है जल्द ही गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

# विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया

**कुरारा, हमीरपुर**




28 जनवरी कस्बा कुरारा के मंडी समिति के समीप विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह क्षेत्रीय संगठन मंत्री विश्व हिंदू परिषद मौजूद रहे। तथा अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य बटेश्वरदयाल दोहरे ने की कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर हुआ। मुख्य अतिथि गजेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि दुनिया के पचास विश्वविद्यालय में ग्लोबल मेंटल के तहत हिंदुओं को बांटने के लिए कार्य किया जा रहा है। महापुरुषों के खिलाफ गलत टिप्पणी करना। इटावा की घटना यह सब विरोधी लोगों द्वारा ही किया जा रहा है। लोगो को जाति, धर्म, गोत्र के आधार पर बांट देने का कार्य किया जा रहा है। हिमालय से लेकर हिंद महासागर तक निवास करने वाले सभी लोग हिंदू है। यह हिंदुओं का देश है। इसके धर्म संस्कृति की रक्षा करना है। साढ़े तीन करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठिए भारत में है। 1857 की क्रांति के पूर्व इस देश का क्षेत्रफल 83 लाख वर्ग किलोमीटर में था। इसके बाद यह आजादी मिलने तक 33 लाख वर्ग किलोमीटर में रह गया है।देश में धर्मांतरण, लवजेहाद का खेल चल रहा है इसके लिए सतर्क व जागरूक रहने की जरूरत है। समाज में सामाजिक समरसता बनाए रखे। तथा एक दूसरे से संबंध बनाए रखे। तथा महापुरुषों की जयंती सभी की मनाए। तथा स्वदेशी का उपयोग करना होगा। इस देश में प्राचीन समय से कुटुंब व्यवस्था रही है। इसको विघटन की कोशिश की जा रही है।इसके लिए प्रसारित होने वाले सीरियल भी गहरी भूमिका निभा रहे हैं। आज युवा पीढ़ी को शिवाजी व जीजाबाई की शिक्षा की जरूरत है।तथा नागरिक कर्तव्य का निर्वहन करने का आव्हान किया। तथा जल संचयन व जन्म दिन पर वृक्ष रोपण करने का आवाहन किया। पर्यावरण को बचाने की जिम्मेदारी सभी देश वासियों की है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व प्रधानाचार्य बटेश्वर दयाल दोहरे ने समाज में प्रेम से रहने का संदेश दिया। तथा लोगों के आपसी तालमेल बने रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम मेपधारे साधु संतो को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक खंड कार्यवाह विवेक पालीवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर गोपाल दास पालीवाल, ब्लाक प्रमुख आशीष पालीवाल, चेयरमैन आशारानीकबीर, रामविलास श्रीवास, ब्रह्म कुमारी बहने, अमित सिंह राजावत, गणेश तिवारी, आकाश दीप पालीवाल, प्रधानचंद्रेश सिंह गौर, तथा संचालन सुशील सोनी ने किया।

# एसपी ने सीसीटीवी जिला कंट्रोल रूम का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

समृद्धि न्यूज महराजगंज

- सीसीटीवी कैमरों की कवरेज, स्पष्टता और तकनीकी स्थिति की समीक्षा
- अपराध रोकथाम में तकनीक के प्रभावी उपयोग पर जोर- एसपी



पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने बुधवार को पुलिस कार्यालय स्थित जनपदीय सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा।

कंट्रोल रूम में स्थापित सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम की गहनता से जांच की। पुलिस अधीक्षक ने कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली, संसाधनों की उपलब्धता और तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता का सिलसिलेवार तरीके से जायजा लिया। एसपी ने कंट्रोल रूम में रखे गए विभिन्न रजिस्टरों व सूचना पंजिकाओं को देखा। उन्होंने शहर के मुख्य चौराहों, संवेदनशील स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में लगे कैमरों की फीड को देखा व तकनीकी ऑपरेटरों को निर्देश दिए कि सभी कैमरे 24 घंटे कार्यशील रहने चाहिए। यदि कोई कैमरा तकनीकी खराबी के कारण बंद है, तो उसकी रिपोर्ट तत्काल संबंधित विभाग को भेजकर उसे ठीक कराया जाए। संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए और किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में निकटतम पीआरवी को तुरंत मौके पर भेजा जाए। जिले भर से प्राप्त होने वाली हर छोटी-बड़ी सूचना को अविलंब दर्ज किया जाए और संबंधित अधिकारी को तुरंत सूचित किया जाए तथा स्पष्ट किया कि सूचना के आदान-प्रदान में किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस की सक्रियता ही अपराध नियंत्रण की पहली सीढ़ी है, अतः सूचना मिलते ही पुलिस बल का मौके पर पहुंचना अनिवार्य है। एसपी सोमेन्द्र मीणा ने कहा कि इस हाईटेक कंट्रोल रूम का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिले में कहीं भी कोई घटना होने पर पुलिस तुरंत रिस्पॉन्स करे और आम लोगों को सुरक्षा व सहायता का भरोसा मिल सके, तकनीक के बेहतर इस्तेमाल से अपराध पर नियंत्रण और कानून-व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा।

# समाज और व्यक्ति के विकास की मूल आधार है शिक्षाः डा0 महा नारायण

हलिया (मिर्ज़ापुर)।



परसिया बरौंधा गांव में स्थित एक विद्यालय में बुधवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव एवं सीनियर बच्चों के बिदाई का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया।इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अर्श हास्पीटल के महाप्रबंधक डा0 महा नारायण भारती ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन का वह आधार है जिसके माध्यम से व्यक्ति और समाज दोनों का विकास संभव होता है। शिक्षा ही एक ऐसी विधा है जो मनूष्य को आत्मनिर्भर बनाने के साथ समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस दौरान जनता जनार्दन इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आर टी सिंह ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्ति ज्ञान,मूल्यऔर कौशल को प्राप्त करता है। जिससे इंसान आत्मनिर्भर होकर समाज का एक जिम्मेदार नागरिक बनता है।इस अवसर पर मदर टेरेसा इंटर कालेज के प्रधानाचार्य आर डी यादव ने कहा कि शिक्षा के जरिए ही व्यक्ति के मानसिक और बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। मां सावित्री बाई फूले इंटर कालेज के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार सिंह ने ने कहा कि शिक्षा के मामले में पिछड़े हलिया ब्लाक में शिक्षण संस्थान की स्थापना के लिए विद्यालय के संस्थापक को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक लल्लू प्रसाद गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य राम दास मौर्या प्रबंधक आशीष कुमार गुप्ता उप प्रधानाचार्य कंपित चंद्र भूषण पाण्डेय उर्फ कप्तान पाण्डेय सिध्दार्थ कुमार मिश्र मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को किया जागरूक



हलिया (मिर्ज़ापुर)।

मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत महिला सम्बन्धी अपराध के रोकथाम हेतु मिशन शक्ति टीम हलिया द्वारा मवई कला गांव स्थित पंचशील पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति टीम के प्रभारी एसआई रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, कांस्टेबल राजेश मौर्या व महिला कांस्टेबल सलोनी दिवाकर द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत छात्राओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओ एवं हेल्पलाइन नंबरों से अवगत कराया गया। छात्राओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे में महिला शशक्तिकरण के बारे जागरूक किया गया। टीम में प्रभारी एसआइ रमाशंकर व हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे,महिला कांस्टेबल पूजा चौहान प्रबंधक लाल बहादुर मौर्य, आलोक मौर्य आदि मौजूद रहे।

# मॉडल यूथ ग्राम सभा राष्ट्रीय पुरस्कार से ग्राम प्रधान हथेड़ा सम्मानित

हलिया (मिर्ज़ापुर)।




मॉडल यूथ ग्राम सभा के राष्ट्रीय पुरस्कार से भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में बुधवार को ग्राम प्रधान हथेड़ा अनीता मिश्रा सम्मानित हुई। ग्राम प्रधान को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होने पर ब्लॉक सहित ग्राम पंचायत में हर्ष व्याप्त है। इस पुरस्कार के लिए मिर्ज़ापुर के चयनित ग्राम प्रधानों में जमालपुर ब्लॉक के जमालपुर ग्राम प्रधान एवं प्रधान संघ अध्यक्ष सुशील सिंह बच्चा तथा हलिया ब्लॉक के हथेडा ग्राम प्रधान अनिता मिश्रा शामिल हैं। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आगामी 28 जनवरी को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित किया जिसमें प्रदेश से चयनित ग्राम प्रधान भाग लेंगे। कार्यक्रम में शामिल होने की आधिकारिक सूचना जिला पंचायत राज अधिकारी, मिर्जापुर संतोष श्रीवास्तव द्वारा दी गई है।

मॉडल यूथ ग्राम सभा कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना, नवाचार को बढ़ावा देना और ग्रामीण विकास के बेहतर मॉडल को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करना है। इसी क्रम में मिर्जापुर जनपद से दो ग्राम प्रधानों का चयन जिले के लिए गौरव की बात मानी जा रही है। जमालपुर ग्राम प्रधान सुशील सिंह बाचा के चयन से क्षेत्र में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। ग्रामीणों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने इसे जमालपुर ग्राम सभा की उपलब्धि बताते हुए खुशी जाहिर की है।

इस अवसर पर ग्राम प्रधान सुशील सिंह बाचा ने कहा कि मॉडल यूथ ग्राम सभा के राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह में मिर्जापुर जनपद का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलना मेरे लिए सम्मान की बात है। यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि पूरी ग्राम सभा, पंचायत प्रतिनिधियों और विशेष रूप से गांव के युवाओं के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।

ग्राम पंचायत में युवाओं की सहभागिता बढ़ाने और विकास कार्यों को पारदर्शी ढंग से आगे बढ़ाने का जो प्रयास किया गया, उसी की यह पहचान है।

उन्होंने आगे कहा कि ग्राम पंचायत का लक्ष्य युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक विकास से जोड़ना है। साथ ही उन्होंने शासन-प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि आगे भी गांव के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

# बूंदाबाँदी से मौसम का बदला मिजाज

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** क्षेत्र में मंगलवार की भोर से रही बूंदाबाँदी होने से जहां तापमान में गिरावट हुआ है वही ठंड बढ़ोत्तरी हुई है। फसलों को एक तरफ से संजीवनी मिल गई। पानी की फुहार पड़ते ही मुरझाई फसलों का रंग बदल गया।पठारी क्षेत्र में फसलों के सिंचाई का साधन रहा वहां किसी तरह से किसानों ने गेहूं की सिंचाई कर लिया था। किंतु असिंचित इलाकों की फसल पानी के बिना मुरझाने लगी थी। यह भी बता दें की सप्ताह से मौसम के तापमान में गर्मी आ जाने से किसान चिंतित रहे। और ठंड का असर दिन प्रतिदिन कम होता जा रहा था। जो गेहूं की पैदावार के लिए पूरी तरह से प्रतिकूल रहा। मंगलवार की भोर से बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश शुरू हुई जिससे फसलों रौनक लौट आई।किसानों के चेहरे खिल उठे स्थानीय किसान सुरेश दुबे, गंगा सागर तिवारी, प्रशांत दुबे, पंकज सिंह चंदेल, दिनेश अग्रहरी, जटा शंकर दुबे, राजेश यादव, रमेश मौर्या आदि ने बताया की बूंदाबाँदी के साथ हुई बारिश फसलों को संजीवनी मिली है। असिंचित क्षेत्र में सिंचाई का साधन नही होने से बारिश के सहारे खेती हो रही है।

## खबरें एक नजर में

### आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर रोकी पुलिस की गाड़ी, हत्या का खुलासा किए जाने की मांग

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र के देवहट गांव के सजहवा बावली जंगल से गढ्ढे में दफ्नाए गए श्रमिक छोटकउ कोल का शव लेकर आ रही पुलिस को ग्रामीणों और परिजनों के गुस्से का सामना करना पड़ा। रात आठ बजे के करीब घटना से आक्रोशित ग्रामीणों व परिजनों ने पुलिस, फोरेंसिक टीम व नायब तहसीलदार की गाड़ी को आगे जाने से रोक दिया। आक्रोशित ग्रामीण श्रमिक की हत्या का खुलासा किए जाने की मांग करने लगे। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन नायब तहसीलदार राजू यादव द्वारा जल्द ही घटना का खुलासा किए जाने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने आधे घंटे बाद सड़क जाम समाप्त किया। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द घटना का खुलासा किए जाने की मांग की है। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

### फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसानों को किया गया जागरूक

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** हलिया विकास खंड के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री के लिए किसानों को प्रचार वाहन से जागरूक किया जा रहा है। इसके क्रियान्वयन में अधिकारी गांव गांव में पहुंचकर किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराने में जुट गए हैं। सहायक विकास अधिकारी पंचायत हलिया रुपेश श्रीवास्तव ने ग्राम पंचायत वीरपुर तथा महुगढ़ में निरीक्षण किया। वहीं सहायक विकास अधिकारी कृषि नरेंद्र कानापुरिया ने हलिया विकास खंड के महोगड़ी गांव में निरीक्षण करके फार्मर रजिस्ट्री में तेजी लाने का निर्देश दिया।बताया कि हलिया में 29 हजार किसानों की फार्मर रजिस्ट्री किया जाना था। जिसमें से 21225 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री कराया जा चुका है। बाकी किसानों का नाम में मिस मैच और आदेश में होने के कारण इन किसानों का अभिलेख दुरस्त कराकर प्राथमिकता के आधार पर फार्मर रजिस्ट्री करने का अभियान चलाया जा रहा है।

### बाइक के धक्के से बालक चोटिल, मंडलीय अस्पताल रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में बुधवार को सड़क पार करते समय बाइक के धक्के से 3 वर्षीय बालक सड़क पर गिरकर चोटिल हो गया। परिजन आनन फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी विजय मौर्य का 3 वर्षीय पुत्र कयांश घर के पास सड़क पार कर रहा था कि इसी दौरान सड़क से गुजर रहे बाइक सवार के जोरदार धक्का लगने से सड़क पर गिरकर बालक चोटिल हो गया। परिजन आनन फानन में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया है।

### आरडीएल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस



**सुलतानपुर।** कुड़वार ब्लाक के सरकौडा पटईपुर में स्थित आर डी एल पब्लिक स्कूल में 77वें गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास, देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ निर्धारित समय पर मुख्य अतिथि भाजपा नेता रामचन्द्र मिश्रा द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिससे पूरा विद्यालय परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक हरीराम पाल व डॉ अंजनी पाल एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें देशभक्ति गीत, नृत्य एवं भाषण शामिल रहे। साथ ही विद्यार्थियों के लिए खेल-कूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान समस्त गणमान्य द्वारा 26 जनवरी के ऐतिहासिक एवं संवैधानिक महत्व पर प्रकाश डाला गया तथा विद्यार्थियों को संविधान, लोकतंत्र एवं राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया।देश की एकता, अखंडता और संविधान की मूल भावना पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रामचन्द्र मिश्रा ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए देश के प्रति पूर्ण समर्पण की भावना रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि एक गणतांत्रिक देश में रह रहे हैं।

कार्यक्रम में संरक्षक पाल, विद्यालय की प्रबंध कमेटी, प्रधानाचार्य,सत्यनारायण पाण्डेय , सूर्य प्रकाश तिवारी, सुभाष फौजी, पंकज मिश्रा, विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाये एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की शिक्षिका ने किया।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार बालिका घायल,रेफर

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के बंजारी कला गांव निवासी मुरारी की 12 वर्षीया पुत्री प्रभावती बुधवार को अपने घर के पास साइकिल चला रही थी। उसी दौरान से तेज गति से आ रहे बाइक सवार युवक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी।

टक्कर लगने से बालिका सड़क पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई।हादसे के बाद मौके पर पहुंचे परिजन घायल बालिका को उपचार हेतु निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए।जहां पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अवधेश कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद बालिका को बेहतर उपचार हेतु ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया।

# पांच दिन से लापता श्रमिक दूर जंगल में दफ़नाया मिला शव, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

हलिया (मिर्ज़ापुर)।



ड्रमण्डगंज थाना क्षेत्र क्षेत्र के देवहट गांव में पांच दिन से लापता श्रमिक का मंगलवार की शाम को घर से तीन किलोमीटर दूर जंगल में शव दफ्नाया मिलने पर ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने गढ्ढा खोदवाकर शव को बाहर निकलवाया।देवहट गांव के कोल बस्ती निवासी 56 वर्षीय श्रमिक छोटकऊ कोल बीते 22 जनवरी की रात फसलों की रखवाली करने घर से तीन सौ मीटर दूर खेत पर गए थे।23 जनवरी की सुबह घर वापस नही लौटने पर स्वजन खोजबीन करने लगे श्रमिक का कहीं पता नही चलने पर श्रमिक के साले बसंत लाल ने 24 जनवरी को थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। मंगलवार शाम को सजहवा बाउली जंगल की ओर गए चरवाहों ने जंगल से दुर्गंध आने पर पास जाकर देखा तो गढ्ढे से दुर्गंध आ रही थी और गढ्ढे के पास एक लाठी पड़ी हुई थी। चरवाहों ने गांव में आकर जंगल में लाठी और गढ्ढे से आ रही दुर्गन्ध के बारे में ग्रामीणों को बताया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन एसआई सुभाष यादव, पुनीत गुप्ता, मूलचंद वर्मा ने घटना की जांच करते हुए गढ्ढे को खोदवाकर देखा तो श्रमिक का शव चादर से बांधकर दो फीट नीचे दफ्ना दिया गया था।शाम सात बजे पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटना की बारीकी से जांच की। मृतक श्रमिक के पुत्र लवकुश कोल ने गढ्ढे में मिले शव की पिता के रूप में पहचान की।शव क्षत-विक्षत अवस्था में मिलने पर मृतक के पुत्र ने पिता की हत्या किए जाने की आशंका जताई है। मृतक के पुत्र लवकुश ने बताया कि पिता मेहनत मजदूरी और गांव के लोगों की बंटाई पर खेती कर जीविकोपार्जन करते थे।22 जनवरी की रात खेत पर फसलों की रखवाली करने गए थे उसके बाद घर नही लौटे। जंगल में शव दफ्नाए जाने पर ग्रामीणों में तरह तरह की चर्चाएं होती रही। श्रमिक का शव जंगल में कैसे पहुंचा रहस्य का विषय बना हुआ है। मृतक को दो पुत्र और एक पुत्री है सभी विवाहित हैं। पत्नी प्रेमादेवी पति का शव जंगल में मिलने की खबर पाकर रोते हुए बेसुध हो गई।थानाध्यक्ष भारत सुमन ने बताया कि लापता श्रमिक का शव चादर से बांधकर देवहट गांव के सजहवा जंगल में गढ्ढे में दफ्नाया मिला।शव को गढ्ढे से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना की गहनता से जांच की जा रही है।

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच 77वें गणतंत्र दिवस की धूम शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों रही

समृद्धि न्यूज महराजगंज

- प्रभातफेरी निकाल कर 77वें गणतंत्र दिवस पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर तिरंगा फहराकर शहीदों को दी गई सच्ची श्रद्धांजलि
- सरकारी गैर सरकारी संस्थाओं पर तिरंगा फहराकर शहीदों को नमन किया गया और उनके त्याग समर्पण एवं देश के लिए दी प्राणों की आहुति की गाथाओं को याद करते हुए सच्ची श्रद्धांजलि दी गई।
- जिलाधिकारी महराजगंज कार्यालय पर जिलाधिकारी महराजगंज संतोष शर्मा ने फहराया
- पूलिस अधीक्षक महराजगंज कार्यालय पर ध्वजारोहण पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने किया।
- विकास भवन कार्यालय महराजगंज पर ध्वजारोहण मुख्यविकास अधिकारी महराजगंज ने किया।
- नगरपालिका कार्यालय पर अध्यक्ष ने ध्वजारोहण किया
- मुख्यचिकित्साधिकारी कार्यालय पर ध्वजारोहण मुख्य चिकित्साधिकारी ने किया।
- -जिलापचायत कार्यालय पर ध्वजारोहण अध्यक्ष ने किया
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरेन्दा पर ध्वजारोहण अधीक्षक एमपी सोनकर ने किया।
- पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय व फरेंदा कोतवाली पत ध्वजारोहण पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा बसंत सिंह अपने कोतवाल योगेन्द्र राय व चौकी इंचार्ज अंजय वर्मा के साथ किया।



- क्षेत्र पंचायत फरेन्दा पर ध्वजारोहण पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह प्रमुख मनीषा व खंड विकास अधिकारी फरेंदा अतुल कुमार के साथ किया।
- सेठ आनन्दराम जयपुरिया इण्टर कालेज पर ध्वजारोहण प्रधानाचार्य शाकिर हुसैन ने किया।
- फरेंदा तहसील कार्यालय पर ध्वजारोहण उपजिलाधिकारी फरेंदा शैलेन्द्र गौतम ने तहसीलदार मजिस्ट्रेट वशिष्ठ वर्मा, एवं नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल के साथ किया।
- उपनिबंधन कार्यालय फरेंदा पर ध्वजारोहण उपनिबंधक फरेंदा सुशील कुमार ने किया।
- लालबहादुर शास्त्री इण्टर कालेज मथुरा नगर आनन्दनगर पर ध्वजारोहण प्रधानाचार्य विजय प्रताप सिंह ने किया।
- मोतीराम द्विवेदी जनता इण्टर कालेज फरेंदा खुर्द पर ध्वजारोहण प्रबंधक चंद्र प्रकाश दूबे ने किया
- नगर पंचायत आनन्दनगर पर ध्वजारोहण नगर पंचायत आनन्दनगर अध्यक्ष विजय लक्ष्मी के साथ पूर्व चेयरमैन व चेयरमैन प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने अधिशासी अधिकारी अनुज भारती के साथ किया
- नगर पंचायत वृजमनगंज पर ध्वजारोहण नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार जायसवाल अपने अधिशासी अधिकारी सुरभि मिश्रा के साथ किया।
- नगर पंचायत उसका कार्यालय पर ध्वजारोहण अध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल ने किया
- -परमेश्वर सिंह मेमोरियल पीजी कॉलेज पर ध्वजारोहण प्रवन्धक व पूर्व विधायक व प्रबंधक बजरंग बहादुर सिंह ने प्राचार्य अशोक कुमार भारती के साथ किया।
- लालबहादुर शास्त्री स्मारक पीजी कॉलेज आनन्दनगर पर ध्वजारोहण प्राचार्य डॉ राम पाण्डेय ने किया।
- महेशराम अशोक कुमार कन्या इंटर कालेज धानी बाजार पर ध्वजारोहण प्रबंधक परमात्मा अग्रहरि ने किया।
- -एमपी पब्लिक स्कूल आनन्दनगर पर ध्वजारोहण प्रवन्धक संतोष पाण्डेय ने किया।
- चंद्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल आनन्दनगर पर ध्वजारोहण प्रवन्धक सुधेशमोहन श्रीवास्तव ने किया।
- गुजराईती देवी इण्टर कालेज मझगांवा पर ध्वजारोहण प्रबंधक प्रेम पाठक ने किया
- गन्ना समिति आनन्दनगर पर ध्वजारोहण अध्यक्ष केशव कुमार पाण्डेय ने किया।
- भार्गव प्ले पब्लिक स्कूल में ध्वजारोहण सेवानिवृत्त अपर जिलाधिकारी रमाशंकर पाण्डेय ने किया।
- गुरुकुल एकेडमी जूनियर हाईस्कूल सिकन्दरा जीतपुर पर ध्वजारोहण वरिष्ठ पत्रकार विशुनदेव के साथ प्रवन्धक राजेश त्रिपाठी ने किया।
- आंगनबाडी केंद्र कहरौली पर ध्वजारोहण कार्यकत्री श्रीमती मीनू त्रिपाठी ने किया।
- -सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धानी पर ध्वजारोहण अधीक्षक डॉ प्रकाश चौधरी ने संतोष त्रिपाठी व अन्य के कर्मचारियों के साथ किया।
- वन विभाग कार्यालय पर ध्वजारोहण वनक्षेत्राधिकारी फरेंदा सुशील चतुर्वेदी ने किया।0--झिनकी देवी स्मारक पीजी कॉलेज आनन्दनगर पर ध्वजारोहण प्रवन्धक फूलचंद यादव ने किया।0--वीपी एजुकेशन पब्लिक एकेडमी स्कूल पर ध्वजारोहण सेवानिवृत्त तहसीलदार गरीश चंद पाण्डेय प्रवन्धक मनोज कुमार पाण्डेय के साथ किया।
- स्कालर्स एकेडमी पब्लिक स्कूल आनन्दनगर पर ध्वजारोहण प्रबंधक सैय्यद अरसद ने ध्वजारोहण किया।

# रूद्र यज्ञ कलश यात्रा का फीता काटकर शुभारंभ पूर्व प्रमुख ने किया



- बुढिया माता मंदिर पर शुभारंभ हुए यज्ञ से क्षेत्र की जनता में धर्म के प्रति बढ़ेगी आस्था : रामप्रकाश सिंह

समृद्धि न्यूज महराजगंज

विकास खंड फरेंदा क्षेत्र के वरातगाढा में स्थित बुढ़िया माता मंदिर पर शुभारंभ हुए रुद्र यज्ञ से क्षेत्र की जनता के प्रति आस्था बढ़ेगी । उक्त बातें आज़ शुभारंभ हुए यज्ञ के कलश यात्रा का फीता काटने के पश्चात पूर्व प्रमुख रामप्रकाश सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि यज्ञ से वातावरण जहां शुद्ध होता है वही मानय जीवन में जुड़े समस्त विकार दूर होते हैं। मानव मात्र को साधने का प्रमुख हथियार यज्ञ है।यज्ञ से क्षेत्र की जनता के अन्दर धर्म का संचार होगा और मानवता क़ायम करने का संदेश भी मिलेगा । आयोजित कलश यात्रा में शामिल महिला पुरुष आज बता रहे हैं कि जीवन जीने की कला धर्म सिखाता है । इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वरातगाढा दिनेश यादव, विभूति नारायण पाण्डेय इम्तियाज सहित क्षेत्र की सम्मानित जनता मौजूद रहीं।

## इलाज़ के दौरान सिपाही की मौत

**समृद्धि न्यूज महराजगंज** श्यामदेरवा थाने में तैनात हेड कांस्टेबल हिमांशु त्रिपाठी का इलाज के दौरान मौत हो गई है ?।

बताया जाता है कि हिमांशु त्रिपाठी बीते 19जनवरी को किसी काम से जनपद मुख्यालय पर गये हुए थे लौटते समय बरवा विद्या पति के सामने एक बाइक से उनकी बाइक टकरा गयी जिसमें वह सड़क पर गिर गये लोगों ने पुलिस को जानकारी दी और अस्पताल पहुंचाया । प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेज दिया लेकिन हालत में सुधार न होने पर लखनऊ एक नीजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

उनके असामयिक मृत्यु से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई ? वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो,हा है। पीड़ित परिवार को विभाग सांत्वना देते हुए कहा कि हिमांशु त्रिपाठी वारी एक नेक इंसान थे उनके निधन से विभागीय क्षति हुई है।

# शिक्षण संस्थानों में रही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गणतंत्र दिवस पर नगर के शिक्षण संस्थानों में झंडा फहराने के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। बहवलपुर स्थित एसएन एजुकेशनल अकादमी में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के विशेष सलाहकार आयुष गौड़,, विशिष्ट अतिथि अर्नेस्ट एंड यंग ग्रेटर नोएडा के वाइस प्रेसिडेंट अश्विनी अग्निहोत्री, संरक्षक सतीश चतुर्वेदी, अशोक चतुर्वेदी, प्रबंधक मनु चतुर्वेदी, प्रिंसिपल अनुभव दीक्षित ने बच्चों को पुरस्कृत किया। इस दौरान समस्त स्टाफ सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे। सुभाष अकादमी में सीईओ कार्तिकेय सक्सेना तिरंगा फहराया। बच्चों ने देशप्रेम से ओतपोट सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये। प्रधानाचार्य प्रवीण सिंह मैं गणतंत्र दिवस का महत्व बताया। तालग्राम रोड स्थित एमडी इंटर कॉलेज में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम करके तालियां बटोरी। मुख्य अतिथि एसडीएम ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रबन्धक राम चंद्र वर्मा ने आशीर्वचन देकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान डॉ सुरेंद्र शाक्य, आरएस यादव, पंकज राजपूत, शहीद खान, नीरज, अनुज सिंह एडवोकेट, अमित कुमार शाक्य, आशीष, रुस्तम, आलोक, रुचि, रोशनी, भारती, सुषमा, कल्पना, साधना, श्वेता मिश्रा आदि मौजूद रहे। किडजी आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवि एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य हरि, प्रधानाचार्य वर्षा अवस्थी, प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार दुबे ने मां सरस्वती एवं देश भक्तों के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन कर किया। देशभक्ति पर बच्चों कीप्रस्तुतियां बच्चों की बहुत सराहनीय रहीं। विद्यालय के मुख्य निदेशक शुभम कमल ने अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह आदि से मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

# जिला मुख्य आयुक्त का हुआ भव्य स्वागत

**जिला स्काउट समिति ने पूर्व में जिस प्रकार उत्कृष्ट कार्य किया है, उसी परंपरा को पुनः जीवंत किया जाएगा राधा बल्लभ मिश्रा**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में भारत स्काउट एंड गाइड, उत्तर प्रदेश मुख्यालय द्वारा जिला मुख्य आयुक्त नियुक्त किए गए प्रधानाचार्य राधाबल्लभ मिश्रा का भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर सहायक संगठन आयुक्त, कानपुर मंडल मयंक मिश्रा ने राधाबल्लभ मिश्रा को अधिकार-पत्र प्रदान कर स्कार्फ पहनाकर विधिवत कार्यभार ग्रहण कराया और उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए आशा व्यक्त की कि जनपद कन्नौज की स्काउट-गाइड इकाई भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेगी। जिला सचिव लज्जाराम वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष हरिओम त्रिपाठी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त परशुराम पाल जी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी उनका अभिनंदन किया तथा आशा जताई कि उनके नेतृत्व में जनपद में स्काउट एवं गाइड गतिविधियाँ और अधिक सशक्त होंगी तथा जिले के छात्र-छात्राओं को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। राधाबल्लभ मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला स्काउट समिति ने पूर्व में जिस प्रकार उत्कृष्ट कार्य किया है, उसी परंपरा को पुनः जीवंत किया जाएगा और स्काउट-गाइड आंदोलन एक बार फिर जिले में अपना परचम लहराएगा। इस अवसर पर स्काउट मास्टर सत्यपाल सिंह, अनुज कुमार द्विवेदी, श्रवण कुमार, विवेक दीक्षित, श्री नारायण गुप्ता, सुरजीत कुमार मिश्रा सहित समस्त अध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित रहा।

## सत्संगियों ने किया 72 घंटे का नाम ध्वनि अखंड पाठ

**छिबरामऊ, कन्नौज।** परम संत बाबा उमाकांतजी महाराज के अनुयायियों ने क्षेत्र के ग्राम जरारा में 72 घंटे का लगातार नाम ध्वनि अखंड पाठ किया। तीन दिन तक चले इस कार्यक्रम में क्षेत्र के बाबा जयगुरूदेव से जुड़े तमाम अनुयायियों ने भाग लिया। काल व्याल से वही बचे, जो गुरू का ध्यान धरे की तर्ज पर परम संत बाबा उमाकांतजी महाराज के अनुयायियों ने 72 घंटे का लगातार नाम ध्वनि अखंड पाठ किया। कानपुर मंडल प्रभारी राजवीर उपाध्याय, शशिभान सिंह रोकडिया, रजनीश यादव, रणविजय राणा, हरिनाम सिंह, त्रिमोहन व अतुल यादव की देखरेख में सबसे अधिक समय विष्णु कुमार, अतुल यादव, दिनेश सविता और बलराम यादव ने जय गुरूदेव नाम ध्वनि अखंड पाठ किया।

# यूजीसी संवर्धन विनियम वापस लेने की उठायी मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



**विधायक अर्चना पांडेय को दिया ज्ञापन**

भाजपा सभासद पंकज दुबे सहित सवर्ण समाज के कई युवाओं ने विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय को ज्ञापन देकर यूजीसी के उच्च शिक्षण संस्थाओं में समानता के संवर्धन विनियम 2026 को वापस लेने या संशोधन करवाने के संबध में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा 16 जनवरी को संस्थाओं में समानता के संवर्धन विनियन 2026 के तहत जो प्रावधान अधिसूचित किये गये हैं वह पूर्णतः गलत, भेदभाव पूर्ण, गलत, झूठी शिकायतों को गति प्रदान करने वाले, छात्रों में जातीय वैमनश्यता बढ़ाने वाले, बिल्कुल एकतरफा और अनारक्षित वर्ग के छात्रों में भय व कुंठा को बढ़ावा देने वाले हैं। यूजीसी द्वारा उच्च शिक्षण संस्थाओं में समानता के संवर्धन विनियम 2026 अधिसूचित किये जाने के बाद से ही देशभर की जनता और छात्रों में इस अनारक्षित विरोधी कदन के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है। हमारी मांगे है कि इन नियमों को निरस्त या संशोधित करें, झूठें केस पर सजा का प्रावधान जोड़ें, सभी वर्गों के लिये निष्पक्ष जांध प्रक्रिया सुनिश्चित करें, कैंपस में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता बरकार रखें एवं राजनीतिक दुरूपयोग को रोकें तथा जांच के लिये जो टीम गठित हो उसमें कम से कम 2 सदस्य सामान्य वर्ग से हों। अतः आपसे पुरजोर प्रार्थना है, कि आप जनहित व राष्ट्रहित में विनियम 2026 का वापस या संशोधित करवाने में योगदान करें। अवसर पर रवीश त्रिपाठी, अनुराग अग्निहोत्री, मनोज दीक्षित, अरुण कुमार, अमित तिवारी, अनुराग त्रिपाठी, संजीव कुमार, डॉ रजनीश दुबे, पुष्कर दुबे, अनुपम बाजपेई, मयंक दुबे, प्रदीप चौहान, सुशील चतुर्वेदी, गौतम तिवारी, श्यामू चौहान, अमित चतुर्वेदी, आशीष शुक्ला, अंकित चौहान सहित कई युवा मौजूद रहे।

# पुण्यतिथि पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भावपूर्ण हुआ आयोजन



**छिबरामऊ (कन्नौज)।** इंद्रा नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर में सभासद हिमांक त्रिपाठी के पिता की 15वीं पुण्यतिथि पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने राम दरबार का पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संकटमोचन हनुमान मण्डल के धीरज दुबे ने सुंदरकांड पाठ के साथ राम ना मिलेंगे हनुमान के बिना हम राम के थे राम के रहेंगे, श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में सहित कई भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम भक्ति और श्रद्धा का अनुपम संगम रहा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे, प्रशांत त्रिपाठी, साधना त्रिपाठी, अर्नव त्रिपाठी, संजीव शुक्ला, गरिमा त्रिपाठी, प्रभात मिश्रा, कमलेश मिश्रा, मुकेश शर्मा, प्रदीप वर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

# जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम की दी जानकारी

**नगर पालिका कार्यालय में हुई कार्यशाला**

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका कार्यालय में आयोजित एएनएम एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की कार्यशाला में ईओ सुनील कुमार सिंह ने जन्म मृत्यु पंजीकरण अधिनियम की विस्तार से जानकारी दी।

नगर में कार्यरत 3 एएनएम और 23 आंगनबाड़ी कार्यकत्री में 3 आंगनबाड़ी कार्यकत्री को छोड़कर शेष सभी उपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों की सूचना संबंधित विभाग में भेजी जा रही है। कार्यशाला में जन्म मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 एवं चिकित्सा विभाग द्वारा जारी शासनादेश के अनुक्रम में बताया गया कि वह प्रथम सूचना दाता के रूप में प्रावधानित हैं। प्रायः देखा जा रहा था कि जानकारी के अभाव में कुछ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बिना जांच के ही रिपोर्ट लगाई जा रही थी जिससे जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने में असुविधा हो रही थी। उन्हें अवगत कराया गया कि उनके द्वारा दी गई सूचना भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत साक्षी मानी गई है। अतः जो भी सूचना दी जाए वह बिल्कुल सही होनी चाहिए साथ ही समय पर होना चाहिए, क्योंकि एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को किसी भी बच्चे के जन्म की पहले से जानकारी रहती है अतः उन्हें जैसे ही इस बात की जानकारी मिले वैसे ही नगर पालिका द्वारा बनाए गए व्हाट्सएप ग्रुप पर इसे बता दें और कार्यालय में रखे प्रथम सूचना रजिस्टर में अपना हस्ताक्षर कर इसकी पुष्टि भी करें। अपने अपने क्षेत्र में होने वाली सभी जन्म और मृत्यु से संबंधित घटनाओं का समय पर रजिस्ट्रीकरण कराएं। साथ ही यदि कोई घटना शहर से बाहर घटित हो रही है तो इसकी भी सूचना नगर पालिका कार्यालय में अवश्य दें।

# सड़कों पर दिखा यूजीसी को लेकर विरोध प्रदर्शन, की नारेबाजी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सरकार द्वारा लागू किए गए यूजीसी कानून को लेकर दिनों दिन लोगों का आक्रोश अब सड़कों पर दिखाई पड़ने लगा है। बुधवार को यूजीसी के विरोध में राजनैतिक दलों के लोगों के अलावा विभिन्न संगठनों के लोग भी बड़ी संख्या में अपना विरोध जताते हुए कलेक्ट्रेट मुख्यालय पहुंच गए। यहां डीएम कार्यालय के बाहर जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया गया।प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को संबोधित यूजीसी संबंधित ज्ञापन भी अतरिक्त एसडीएम को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी भी दी कि, यदि यूजीसी कानून बापस नहीं लिया गया तो आगामी चुनाव में बीजेपी का पुत्र बहिष्कार किया जाएगा। सरकार द्वारा लागू यूजीसी कानून जनमानस को रास नहीं आ रहा है। यूजीसी कानून के नए नियमों के विरोध में विगत दिनों से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन अब सड़कों पर दिखाई देने लगा है।बुधवार को यूजीसी को काला कानून की संज्ञा देते हुए राजनैतिक दलों जिनमें सपा, बसपा, और बीजेपी से जुड़े लोगों के अलावा विभिन्न संगठनों के लोग भी बड़ी संख्या में सड़क पर उतर आए। बुधवार को सुबह जिला कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर बड़ी संख्या में राजनैतिक दलों और संगठनों के लोगों के अलावा सवर्ण समाज के लोग जुलूस की शक्ल में हंगामेदार नारेबाजी करते हुए पहुंचे। सपा नेता कुक्कू चौहान और बीजेपी नेता अरविंद भदौरिया के नेतृत्व में बड़ी संख्या में लोग कलेक्ट्रेट मुख्यालय पहुंचे, इसके अलावा करनी सेना के जिलाध्यक्ष संदीप भदौरिया, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विकास राजपूत, परशुराम सेना के सुधीर यादव, शिवम चतुर्वेदी, बीजेपी आईटीसेल जिलाध्यक्ष अभिषेक पांडे के निर्देशन में सैकड़ों की भीड़ कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर डीएम कार्यालय के बाहर पहुंची थी। जिसके बाद यहां उपरोक्त कानून को लेकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारी अपने उद्बोधनों में सरकार द्वारा कानून बापस नहीं लेने पर आगामी चुनाव में बीजेपी का बहिष्कार करने की बात भी कह रहे थे। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता कुक्कू चौहान, दीपेंद्र चौहान, बीजेपी नेता अरविंद भदौरिया आदि का कहना था कि, वह स्वर्ण समाज के हित को ध्यान में रखते हुए उनकी समस्या को लेकर आवाज उठाने आए हैं, यूजीसी कानून उनके हित में नहीं है, इसलिए इसका विरोध किया जा रहा है, इसके अलावा यूजीसी को काला कानून बताते हुए सरकार से वापस लेने की बात भी कही। अन्यथा की स्थित में आगामी चुनाव में बीजेपी का बहिष्कार करने की भी बात कही।प्रदर्शन के दौरान मोहित ठाकुर, अभय ठाकुर, शुभम मिश्रा, पंकज सिंह, छोटे ठाकुर, विभू तिवारी, अनुज प्रताप, बिकास चौहान, रणधीर ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में राजनैतिक दलों और संगठनों के लोग शामिल रहे। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद पुलिस बल की मौजूदगी में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन भी अतरिक्त एसडीएम को सौंपा गया।

# अराजकतत्वों ने मासूम पर फेंका तेजाब, हड़कंप

**गुरसहायगंज,कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



शातिर और अराजकतत्व किस्म के लोग कभी कभी अपने मंसूबों को पूरा करने के लिए दर्दनाक वारदातों को भी अंजाम देने से नहीं चूकते हैं, इनके अंदर इंसानियत और मानवता तो बहुत दूर की बात है, इनका मकसद शायद यही रहता है कि, अपने मंसूबों और शौक को पूरा करने के लिए येकितना कानून से खेल सकते हैं ऐसे ही कुछ शरारती अराजक तत्वों ने बुधवार को एक ऐसी वारदात को अंजाम दे डाला कि लोगों की रूह तक कांप गई।कबाड़ बीनकर अपने परिवार का सहयोग कर जीविका चलाने वाले एक 10 वर्षीय मासूम बच्चे पर अराजक तत्वों ने तेजाब फेंक दिया और मौके से भाग निकले। मामले की जानकारी पर घायल बच्चे के परिजनों और आसपास मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह 11 बजे के करीब रोजाना की तरह बाबू अपने मोहल्ले के ही अभिषेक के साथ समधन के दारा सराय मोहल्ले में कबाड़ बीनने गया था। जब बाबू कबाड़ बीन रहा था,इसी दौरान निकट ही मौजूद चार शरारती तत्वों ने बाबू पर तेजाब फेंक दिया और मौके से भाग निकले। शरारती तत्व कौन थे और उन्होंने एक कबाड़ बीनने वाले मासूम पर तेजाब जैसा ज्वलनशील और घातक पदार्थ क्यों और किस कारण फेंका, क्या थे इन शातिरों के मंसूबे, यह तो फिलहाल पता नहीं चल सका वहीं तेजाब के हमले से मासूम बाबू एकाएक दर्दनाक चीख के साथ चिल्ला उठा। तेजाब की छींटे बाबू के चेहरे पर भी पड़ी तो वह झुलस गया। इस दौरान बाबू के साथ उसका दूसरा साथी अभिषेक ने जब उपरोक्त नजारा देखा तो वह भयभीत और सहम गया और मौके से भाग गया। मौके पर पुलिस की पूंछताँछ में घायल बाबू ने बताया कि, वह उन हमलावरों को पहचान लेगा जिन्होंने उस पर तेजाब फेंका है। फिलहाल घायल बच्चे का उपचार हॉस्पिटल में जारी था वहीं पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू करते हुए आगे की कार्यवाही शुरू कर दी थी।

## कूड़ा व पॉलीथिन फेंकने से गाय खाकर हो रहीं बीमार

**जालौन (उरई)।** गाय के पास कूड़ा व पॉलीथीन फेंकने से गाय उसे खाकर बीमार हो रही है। रोकने पर विपक्षी लड़ने पर आमादा है। पीड़ित ने छिरिया मलकपुरा चौकी में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी संतोष कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनके पड़ोसी अपने घर का कूड़ा कचरा पॉलीथीन में भरकर जिस स्थान पर वह अपनी गाय को बांधता है, उसी स्थान पर फेंक देते हैं। जिसे उसकी गाय खा लेती है। कूड़ा और पॉलीथीन खाकर गाय बीमार रहने लगी है। कई बार पड़ोसी को गाय के पास कूड़ा फेंकने से मना किया लेकिन वह मानने को तैयार नहीं हैं। आरोप लगाया कि बुधवार को उनकी गाय उल्टियां कर रही थी। जब उन्होंने पड़ोसी को फोन लगाकर गाय की हालत बताते हुए कूड़ा फेंकने से मना किया तो वह गाली, गलौज कर पिटाई कर दी।

# आग लगने से फूड फैक्ट्री खाक, 48 लाख का नुकसान



**शॉर्ट सर्किट से लगी आग, मशीनें और माल जलकर राख**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिले के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित नसरापुर गांव में सोमवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एस प्रतीक कृषि उत्पाद नामक फूड प्रोडक्ट फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। शुरुआती जांच में आग का कारण फैक्ट्री के ऊपर से गुजर रही हाईवोल्टेज बिजली लाइन से हुआ शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और फैक्ट्री में लगी करीब 30 लाख रुपये की मशीनें जलकर राख हो गईं। वहीं तैयार और कच्चे माल समेत लगभग 18 लाख रुपये का नुकसान हुआ। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।फैक्ट्री संचालक का आरोप है कि उन्होंने कई बार बिजली विभाग से हाईवोल्टेज लाइन हटाने या सुरक्षित करने की शिकायत की थी, लेकिन हर बार इसे नजरअंदाज कर दिया गया। उनका कहना है कि समय रहते कार्रवाई होती तो इतना बड़ा हादसा टल सकता था।

घटना के बाद बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। फिलहाल मामले की जांच जारी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। अब बड़ा सवाल यह है कि लापरवाही की जिम्मेदारी कौन लेगा और पीड़ित को कब न्याय मिलेगा।

# परिवार को कमरे में किया कैद, फिर इत्मीनान से की चोरी

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

अपराधियों के हौंसले इस कदर बुलंद हैं कि अब वह गृहस्वामियों को उनके ही घर में बंधक बनाकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा मामला उरई कोतवाली क्षेत्र के नया पटेल नगर का है, जहां बीती रात चोरों ने एक घर में घुसकर पहले पूरे परिवार को कमरे में बाहर से कुंडी लगाकर कैद कर दिया और फिर लाखों के माल पर हाथ साफ कर चंपत हो गए। नया पटेल नगर निवासी रवि तिवारी उर्फ राघवेन्द्र किशोर ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 25-26 जनवरी की रात वह अपनी पत्नी और बच्चों के साथ सो रहे थे। रात करीब 1.30 बजे घर के दूसरे कमरों से आहट सुनाई दी। जब रवि किशोर ने शोर मचाया, तो शातिर चोरों ने उनके कमरे की कुंडी बाहर से लगा दी। अंदर बंद परिवार डर के साये में चीखता रहा, लेकिन चोरों ने इत्मीनान से पूरे घर को खंगाला। पड़ोसियों ने दिखाई जांबाजी पीड़ित ने कमरे के अंदर से ही मोबाइल फोन के जरिए मोहल्ले के लोगों को सूचना दी। शोर सुनकर पड़ोसी लाखन सिंह और गोपाल मौके पर पहुंचे। घर का मुख्य दरवाजा अंदर से लॉक होने के कारण पड़ोसियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर दीवार फांदी और अंदर प्रवेश किया।

# ज्वेलर्स के घर से 3 किलो चांदी व 20 हजार नगद ले उड़े चोर



**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**

रामपुरा नगर के जवाहर नगर सर्राफा बाजार में बुधवार देर रात ज्वेलर्स के घर हुई चोरी की वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। अज्ञात चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला काटकर मकान में प्रवेश किया और करीब तीन किलो चांदी के जेवरात व 20 हजार नगद पर हाथ साफ कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जवाहर नगर निवासी सर्राफा व्यवसायी अमन सोनी पुत्र स्वर्गीय राजा भैया सोनी का मकान एवं दुकान एक ही परिसर में स्थित है। बुधवार रात लगभग 1 बजे तेज बिजली कड़कने व बारिश के दौरान चोरों ने मौके का फायदा उठाते हुए मुख्य गेट का ताला काट दिया और घर के भीतर घुस गए। हैरानी की बात यह रही कि चांदी के जेवरात से भरा झोला अमन सोनी के सिरहाने उनके कमरे में रखा था, जिसे चोर उठा ले गए, जबकि अन्य कमरों में रखी तिजोरी सुरक्षित रही तथा अलमारियों में रखे अन्य जेवरात चोरी होने से बच गए। चोरी के दौरान आहट होने पर अमन सोनी की पत्नी जाग गई और शोर मचाया, जिसके बाद उन्होंने अपने पति को जगाया। शोरगुल सुनकर घबराए चोर मौके पर एक कटर, नए लकड़ी के बेड की कुल्हाड़ी एवं एक छाता छोड़कर फरार हो गए। घटना की सूचना तत्काल रामपुरा थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही उप निरीक्षक जेके दुबे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। जांच में सामने आया कि चोरों ने वारदात से पहले आसपास की गलियों एवं रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरे डिस्कनेक्ट कर दिए थे।

# नाला निर्माण में अनियमितताएं बरकरार कार्रवाई के नाम पर हुई खानापूर्ति

**माधौगढ़,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत माधौगढ़ के वार्ड संख्या 10 में विजय बाबा के मकान से अस्पताल गेट तक कराए जा रहे नाला निर्माण में घटिया ईंटों के इस्तेमाल का मामला सामने आने के बाबजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी से यह साफ जाहिर हो रहा है कि पूरे प्रकरण में केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। कुछ दिन पूर्व स्थानीय नागरिकों की शिकायत पर सभासद एवं जिला योजना समिति सदस्य अरविंद सिंह सेंगर ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने नाले में प्रयुक्त की जा रही तीन नंबर (घटिया) ईंटों को हाथ से तोड़कर उनकी खराब गुणवत्ता को सार्वजनिक रूप से उजागर किया। निरीक्षण के समय मौजूद स्थानीय लोगों ने भी निर्माण में बरती जा रही लापरवाही पर तीव्र नाराजगी जताई थी। निरीक्षण के बाद भी न तो निर्माण कार्य रोका गया और न ही संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जांच के नाम पर केवल खानापूर्ति की गई और दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## ट्रांसफार्मर पर गिरी आकाशीय बिजली, हुआ क्षतिग्रस्त

**जालौन,उरई।** आकाशीय बिजली गिरने से कांजी हाउस के सामने 400 केवी के ट्रांसफार्मर में खराबी आ गयी। ट्रांसफार्मर के परिवर्तक के क्षतिग्रस्त होने के कारण आसपास की 20 घंटे बिजली आपूर्ति ठप्प रही। कांजी हाउस के सामने मोहल्ला बापूसाहब में 400 केवी के दो ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं। मंगलवार की रात में करीब 11 बजे आकाशीय बिजली गिरने से परिवर्तक क्षतिग्रस्त हो गया था। बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण आसपास के घरों की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गयी थी। जानकारी मिलने पर बिजली विभाग की टीम ने अवर अभियन्ता नवीन कंजोलिया के साथ ट्रांसफार्मर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद ट्रांसफार्मर बिजली गिरने से खराब होने की पुष्टि होने के बाद उसे बदलने की प्रक्रिया शुरू की गयी। बुधवार की सुबह की ट्रांसफार्मर बदलवाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी।

# समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित हो प्रकरण का निस्तारणः विमल कुमार



**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

रोल प्रेक्षक, मंडलायुक्त झांसी मण्डल, झांसी बिमल कुमार दुबे ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के अंतर्गत विकास भवन स्थित सभागार में चल रही सुनवाई प्रक्रिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उन मतदाताओं से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा की, जिनकी मैपिंग विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2003 की मतदाता सूची से नहीं हो सकी थी तथा जिनके संबंध में पूर्व में नोटिस निर्गत किए गए थे। निर्धारित तिथि के अनुसार ऐसे मतदाताओं के प्रकरणों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा अभिलेखों के आधार पर विधिवत सुनवाई की जा रही है। उन्होंने सुनवाई की कार्यवाही, अभिलेख परीक्षण एवं प्रक्रिया की पारदर्शिता का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान रोल प्रेक्षक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण निष्पक्षता, संवेदनशीलता एवं समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। उन्होंने कोई मतदाता न छूटे के उद्देश्य के अनुरूप पुनरीक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता के साथ संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिलाधिकारी संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल आदि सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# समाजसेवी ने की दिव्यांग, वृद्धा, पेंशन पांच हजार प्रतिमाह करने की मांग

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

दिव्यांग, वृद्धा व विधवा पेंशन की धनराशि को बढ़ाकर पांच हजार रुपये प्रतिमाह किए जाने के लिए समाजसेवी ने राष्ट्रपति को पत्र लिखा। समाजसेवी देवीदयाल वर्मा ने राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को पत्र भेजकर लिखा कि भारत के लगभग सभी राज्यों में वृद्धजनों, दिव्यांगों एवं विधवा महिलाओं को उनके भरण पोषण के लिए पेंशन दिए जाने का प्रावधान है। लेकिन वर्तमान में जो पेंशन की धनराशि दी जा रही है। वह एक तरह से मजाक ही है। प्रदेश सरकार ने पेंशन धनराशि को एक हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान किया है। लेकिन आज के मंहगाई वाले युग में एक हजार रुपये में भरण पोषण होना मुश्किल है। इस मंहगाई के दौरान में कोई निराश्रित, बुजुर्ग अथवा विधवा कैसे एक हजार रुपये प्रतिमाह में अपना जीवन यापन कर सकता है यह सोचनीय है। इसलिए यह जरूरी है कि तार्किक रूप से भरण पोषण लायक पेंशन का प्रावधान किया जाए। ताकि पेंशनधारक आसानी से अपना भरण पोषण कर सके। उन्होंने राजनैतिक पेंशन के समान ही अथवा कम से कम पांच हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दिलाए जाने की मांग राष्ट्रपति से की है।

# ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत, परिजनों में कोहराम


मृतकों के फाइल फोटो


रोते बिलखते मृतकों के परिजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाइक और ट्रैक्टर की आमने सामने भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गयी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।

टक्कर के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना देकर एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां स्थिति गंभीर होने पर जिला लोहिया अस्पताल रेफर किया गया। वहां ले जाने पर डॉक्टरों ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की खबर सुनकर परिवार में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना होने के कारण अमृतपुर-बदायूं मार्ग पर लंबा जाम लग गया। जिससे काफी देर तक आवागमन प्रभावित रहा। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने यातायात सामान्य करवाया। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम करीब 4 बजे अमृतपुर कस्बा निवासी सत्यम पुत्र दिलीप उम्र करीब 20 वर्ष और शोभित पुत्र तिलकराम अवस्थी उम्र करीब 18 वर्ष बाइक से टहलने गये थे। वहां से घर लौटते समय मुख्य बस स्टॉप के पास पहुंचने पर सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक करीब आधे घंटे तक ट्रैक्टर के नीचे फंसी रही। हादसे होते ही घटनास्थल पर अफरा-तफ़री मच गई। दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक तुरंत वहां से भाग गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना देकर एंबुलेंस के माध्यम से नजदीकी सीएचसी पहुंचाया। जहां स्थिति गंभीर होने पर जिला लोहिया अस्पताल रेफर दिया। वहां पहुंचने पर डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी ने दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया।

दोनों युवकों की मौत की सूचना मिलते ही उनके घरों में कोहराम मच गया। सत्यम की माता रजनी और शोभित की माता सुमन का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों की चीख-पुकार से मोहल्ले का माहौल गमगीन हो गया। शोभित छह भाई-बहनों में पांचवें नंबर का था। उसके भाई चंदन, कुंदन, रोहित, प्रतीक, मोहित और बहन स्वाति हैं। वहीं सत्यम अपने परिवार में दोनों बहनों प्रियम और प्रांशी का इकलौता भाई था। सत्यम के पिता दिलीप पेशे से किसान हैं, जबकि शोभित के पिता तिलकराम अवस्थी खेतीबाड़ी कर परिवार का पालन.पोषण करते हैं।

मुख्य बस अड्डे पर दुर्घटना होने के कारण अमृतपुर-बदायूं मार्ग पर लंबा जाम लग गया। जिससे काफी देर तक आवागमन प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष मोनू शाक्या पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और यातायात को नियंत्रित कर मार्ग को सामान्य कराया। ट्रैक्टर के नीचे फंसी बाइक को निकलवाने के बाद पुलिस ने ट्रैक्टर व बाइक दोनों को थाने भिजवा दिया।

# कॉलेज जा रही छात्राओं से छेड़छाड़ का प्रयास, विरोध करने पर पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

कॉलेज जा रही तीन छात्राओं से छेड़छाड़ का प्रयास किया गया। छात्राओं के परिजनों द्वारा शिकायत करने पर आरोपियों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की। इस घटना में एक छात्रा घायल हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

यह घटना मंगलवार सुबह रास्ते में हुई। ज्योनी गांव निवासी एक महिला की तीन पुत्रियां और एक पुत्र नवाबगंज स्थित एक इंटर कॉलेज पढ़ने जा रहे थे। रास्ते में गांव के ही एक युवक और उसके साथियों ने उनका पीछा किया और छेड़छाड़ का प्रयास करने लगे। छेड़छाड़ के प्रयास के बाद छात्राएं अपने भाई के साथ घर लौट आईं और परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद महिला अपने परिजनों के साथ आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंची। वहां आरोपियों और उनके परिजनों ने महिला को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और भगा दिया। कुछ देर बाद आरोपी युवक और उसके साथी लाठी-डंडे लेकर महिला के घर पहुंचे। उन्होंने वहां गाली-गलौज शुरू कर दी। जब महिला और उसके परिजनों ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने महिला की एक पुत्री के साथ मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित महिला ने नवाबगंज थाना पुलिस को युवक और उसके साथियों के खिलाफतहरीर दी। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खनन माफिया चीर रहे धरती का सीना, जिम्मेदार बने मूकदर्शक


मिट्टी खनन कर ले जा रहा ट्रैक्टर चालक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में खनन माफियाओं का कारोबार खूब फल-फूल रहा है। उन्हें पुलिस और खनन विभाग का डर नहीं है। इसे जिम्मेदारों की मिलीभगत समझी जाए या फिर लापरवाही। जनपद के तहसील क्षेत्र के कई गांवों में खनन माफिया धरती का सीना चीरकर मिट्टी निकाल रहे हैं। प्रशासन की तरफ से भी खनन माफियाओं के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। जिम्मेदार मूकदर्शक बने हुए हैं। इस समस्या पर लगाम लगाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारी संजीदा दिखाई नहीं देते। शासन व प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद खनन पर रोक नहीं लग पा रही है। खनन माफिया द्वारा धड़ल्ले से

**▸ क्या खनन विभाग की सरपरस्ती में ही खेला जा रहा यह खेल**

अवैध मिट्टी का करोबार किया जा रहा है और खनन विभाग को इसकी भनक तक भी नहीं है या यह कहे कि उनकी सरपरस्ती में ही यह खेल खेला जा रहा है। इस कारोबार से जहां खनन माफिया मालामाल हो रहे हैं। वहीं हर महीने सरकार को करोड़ों के राजस्व की भी हानि हो रही है। अवैध खनन का खेल थमने का नाम नहीं ले रहा है। खनन का गोरखधंधा बेरोकटोक चल रहा है। कानून महज कागजों में दर्ज हैं। जमीनी हकीकत कुछ और ही है। मिट्टी खनन के खेल में लिप्त माफियाओं और दबंगों से लेकर सफेदपोश हस्तियों के हाथ में है। कोई इसका विरोध नहीं कर सकता।


मेला रामनगरिया में जलभराव का दृश्य

## बेमौसम बरसात से मेला रामनगरिया में हुआ जलभराव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बेमौसम बरसात से रामनगरिया मेले में जलभराव हो गया। जिससे कल्पवासियों व साधु संतों को काफी दिक्कत हो गयी। वहीं दुकानदार भी मायूस दिखे। जानकारी के अनुसार पांचाल घाट पर गंगा की गोद में लगे मेला रामनगरिया में बीते दिन हुई वेमौसम बरसात से जलभराव हो गया। जिससे मार्गों पर काफी फिसलन हो गयी। निकलना बैठना दुश्वार हो गया। मेले में कल्पवास कर रहे कल्पवासी व साधु संतों को सर्दी के साथ निकलने बैठने में काफी दिक्कतें हो गयीं। साधु संतों का कहना है कि झोपड़ियों के पास जलभराव होने से वह निकल बैठ नहीं पा रहे हैं। सरकारी पांडाल समेत मेला कार्यालय में भी वारिश का पानी भर गया है। जिससे पूजा भजन में भी बाधा आ रही है। हालांकि जिलाधिकारी के आदेश पर मेला प्रशासन ने कई स्थानों पर जल निकासी कर मार्ग सही किये। वहीं वारिश के चलते दुकानदार भी पूरी तरह से मायूस हैं। मेले में कोई आ जा नहीं पा रहा है। वारिश के चलते लोग घरों में कैद हैं। वहीं मेले में सन्नाटा पसरा हुआ है। मनोरंजन के साधन भी सन्नाटे में हैं।

# एसआईआर के नोटिस मिलने पर ब्लाक में उमड़ी लोगों की भारी भीड़

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**


ब्लाक कार्यालय में उमड़े ग्रामीण

एसआईआर के नोटिस मिलने के बाद विकास खण्ड कार्यालय पर बुधवार को लोगों को काफी भीड़ उमड़ी। जिससे अफरा-तफरी मच गयी। जानकारी के अनुसार बीते तीन चार दिन पूर्व डाटा मिलान न होने व बीएलओ की गड़बड़ी के चलते सैकड़ों लोगों को एसआईआर के नोटिस प्राप्त हुए। जिस पर भारी संख्या में लोग नोटिस व साक्ष्य स्वरुप दस्तावेज लेकर ब्लाक कार्यालय पहुंचे। वहां जाकर अपना लिस्ट में नाम न मिलने पर उपस्थित सचिवों तथा ब्लॉक कार्यकर्ताओं को अपने नाम की जांच तथा पाए हुए नोटिस संबंधित जानकारी की। जिस पर खंड विकास अधिकारी अनिल चंद्रा ने बताया कि किसी को परेशान होने की जरूरत नहीं है जिनको नोटिस मिले हैं उनकी समस्या का समाधान खंड विकास कार्यालय में किया जा रहा है जो की 23 तारीख से 3 तारीख तक चलता रहेगा। जिस किसी भी को फॉर्म भरने संबंधित कोई भी समस्या आ रही हो वह खंड विकास कार्यालय में संपर्क कर सकता है। सभी सचिव और लेखपाल गांव-गांव जाकर सभी के फॉर्म एकत्रित कर रहे हैं और जो भी गलती हैं उनमें सुधार किया जा रहा है। जिनको नोटिस मिला है उनका फॉर्म भरकर तथा फोटो खींचकर अपलोडिंग का कार्य चल रहा है। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी अनिल चंद्रा सहित तमाम सचिव व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मेन लाइन में फाल्ट होने से बिजली आपूर्ति बाधित

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बुधवार सुबह लगभग 6 बजे मेन लाइन में फाल्ट आने से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। 132 केवीए विद्युत केंद्र नीमकरोरी से नवाबगंज बिजली घर को होने वाली आपूर्ति ठप होने से लगभग एक सैकड़ा गांवों में बिजली गुल हो गई। जानकारी मिलते ही विद्युत विभाग हरकत में आया। लाइनमैन प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, वीर सिंह, अनुरुद्ध कुमार, गौरव सिंह और विकास सहित अन्य विद्युतकर्मियों ने फाल्ट खोजने के लिए पेट्रोलिंग शुरू कर दी। इसके लिए अलग-अलग कर्मचारियों को लगाकर तीन टीमें बनाई गई हैं। प्रत्येक टीम में 2 से 4 सदस्य शामिल हैं। जो मेन लाइन की जांच कर रहे हैं। नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने बताया कि फाल्ट खोजने के लिए लाइनमैनों की टीमें लगाई गई हैं और जल्द ही आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

### बाजार गयी किशोरी लापता, पिता ने लगाया भगा ले जाने का आरोप

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** बाजार गयी किशोरी लापता हो गयी। पिता ने बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के एक ग्राम निवासी पीड़ित युवक ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री बुधवार को बाजार गयी थी। आरोप है कि बाजार से ही शमशाबाद थाना क्षेत्र के रामापुर जसू निवासी प्रांशु पुत्र दयाराम उसे बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। राजीव कुमार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। मामला जेएनवी रोड स्थित निजी भूमि का है। जहां पीड़ित अपने खेत में जेसीबी द्वारा साफ-सफाई का काम करा रहा था। इतने में ही पड़ोस के महेंद्र प्रताप, लालाराम, रवि कुमार, संजीव, कुलदीप, कल्लू और उसके कुछ अज्ञात साथी खेत पर आ गए और गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। जबरन जमीन को कब्जियाने की बात सामने आई, तो मनमीत के साथ खड़े साथियों ने बीच बचाव कर मामले को टालने की कोशिश की, लेकिन दबंग किस्म के व्यक्ति नहीं माने और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। जिसकी सूचना फतेहगढ़ कोतवाली में मनमीत द्वारा दी गई। पर वहां कोई सुनवाई नहीं हुई। मनमीत का कहना है की पुलिस द्वारा लापरवाही के कारण मेरा मेडिकल नहीं हो सका। जिससे मैंने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। 20 जनवरी को आदेश के बावजूद भी पुलिस ने मेरी रिपोर्ट बुधवार 28 जनवरी को दर्ज की, जबकि मेरे ऊपर एक एफआईआर बिना किसी पूछताछ के निहास तोड़ने के एवज में दर्ज कर ली गई थी।

# अवैध शस्त्र फैक्ट्री सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में जुआरी व बरामद उपकरण

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस ने तीन अभियुक्तों को अवैध शस्त्र फैक्ट्री व शस्त्र बनाने के उपकरण सहित गिरफ्तार किया है।

कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी, कस्बा चौकी इन्चार्ज सोमवीर सिंह, उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबिल धर्मेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल विजय गुर्जर, कांस्टेबिल सचिन कुमार, कांस्टेबिल विकास बाबू, कांस्टेबिल पवन चाहर, कांस्टेबिल जितेन्द्र सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त तारिक खान पुत्र जुम्मा खान, मुख्तयार खान पुत्र जुम्मा खान, असद पुत्र अच्छे मियाँ निवासीगण मोहल्ला कलाखेल थाना कायमगंज को एक देशी नाजायज राइफल 315 बोर, एक नाजायज बन्दूक 12 बोर, एक नाजायज पिस्टल 32 बोर, तीन नाजायज तमन्चा 315 बोर, 70 नाजायज कारतूस पुनः भरे हुए 12 बोर, 20 देशी जिन्दा कारतूस नाजायज 315 बोर, 17 देशी कारतूस नाजायज पुनः भरे हुए 315 बोर, 4 जिन्दा कारतूस नाजायज 32 बोर, 10 अबैध शस्त्र बनाने के उपकरण, 2 नाल दो मुही 12 बोर, सफेद रंग की 2 नाल, एक नाल 12 बोर, एक नाल 12 बोर काले रंग की, एक बड़ा हथौड़ा व एक कटर प्लास, एक छोटा प्लास, 2 किलो का वाँट, 6 स्प्रिंग, 3 रेगमाल के टुकड़े, 3 छोटे लोहे के पाइप, 1 लकड़ी की चाप, 1 लकड़ी की वट, 1 गैस सिलेण्डर 5 लीटर, एक बैल्डिग पाइप, 2 लोहे की पत्ती, 2 शीशी जिसमें बन्दूक का तेल भरा हुआ, 2 रिन्च, 2 जली हुई मोमबत्ती व 4 सही मोमबत्ती व एक माचिस सहित गिरफ्तार कर मु0 अ0स0 27/26 धारा-3/5/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

# बेमौसम बारिश से आलू/सरसों को भारी नुकसान, किसानों की बढ़ी चिंता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


खेतों में खड़ी फूली हुई सरसों की फसल

पिछले 22 घंटे से लगातार हो रही बारिश और तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस बेमौसम बारिश से सैकड़ों बीघा में खड़ी आलू और सरसों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। सबसे अधिक असर आलू की खुदाई और तैयार सरसों की फसल पर पड़ा है। किसानों का कहना है कि लगातार बारिश के कारण आलू की खुदाई पूरी तरह ठप हो गई है। खेतों में पानी भर जाने से आलू के सड़ने की आशंका बढ़ गई है। किसानों ने बताया कि वेमौसम बरसात से सरसों और आलू की फसल बर्बाद होने की कगार पर है। जनपद में आलू एक प्रमुख नकदी फसल है और इस समय अधिकांश खेतों में आलू की फसल तैयार अवस्था में थी। मंगलवार रात से शुरू हुई बारिश देर शाम तक जारी रही। जिससे खेतों में कोई काम नहीं हो सका। किसानों का कहना है कि यदि बारिश का यह सिलसिला जारी रहा तो नुकसान और अधिक बढ़ सकता है। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से कई स्थानों पर तैयार सरसों की फसल खेत में गिर गई है। इससे उत्पादन आधा रह जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इस बारिश से गेहूं और गन्ने की फसलों को कुछ हद तक फायदा जरूर हुआ है, लेकिन आलू और सरसों उत्पादक किसानों की चिंता कम नहीं हो रही है। आसमान में छाए बादल और मौसम की अनिश्चितता ने किसानों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। किसान प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं।

# युवतियों ने मारपीट का आरोप लगाकर किया हंगामा, पुलिस से की धक्का-मुक्की

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दरअसल रोडवेज चौकी पर उस समय जमकर हंगामा हो गया जब युवक के साथ एक युवती को पुलिस ने संदिग्ध लगने पर पकड़ लिया। युवती ने पुलिस पर बिना महिला पुलिस के ही मारपीट करने का आरोप लगाकर हंगामा कर दिया। पुलिस ने मामले में युवती उसकी सहेली सहित चार लोगों को हिरासत में लिया है।

थाना कादरीगेट के बसअड्डा पर पुलिस ने एक युवक के साथ युवती को संदिग्ध लगने पर हिरासत में लिया। उन्हें

**▸ बसअड्डा चौकी पर तैनात सिपाहियों पर अवैध वसूली का आरोप**

**▸ बिना वजह सिपाही करते हैं राहगीरों व लोगों को परेशान**

लेकर वह बसअड्डा चौकी पर पहुंचे। चौकी में अंदर घुसने को लेकर युवक-युवती के साथ पुलिस की जमकर धक्का मुक्की हो गई। जिससे चौकी का गेट भी टूट गया। युवती ने फोन करके अपनी सहेली को भी मौके पर बुला लिया। युवती की सहेली ने मौके पर आकर घटनाक्रम का वीडियो बनाना शुरू किया। जिससे पुलिस की नोकझोंक हो गई। पुलिस ने पकड़ी गई युवती की सहेली का मोबाइल छीन लिया। युवती ने आरोप लगाया कि पुलिस ने बिना महिला पुलिस की मौजूदगी में उनके साथ मारपीट की जो कानूनी रूप से वैध नहीं है। हंगामा करने पर पुलिस ने फोन करके महिला पुलिस को मौके पर बुलाया। पकड़ी गयी युवती की माँ भी मौके पर आ गयी। कुछ देर बाद थानध्यक्ष कादरी गेट कपिल कुमार व महिला थानाध्यक्ष रक्षा सिंह भी मौके पर आ गयीं। महिला थानध्यक्ष रक्षा सिंह ने युवती व उसकी सहेली के साथ ही पकड़े गये युवक को भी धक्का-मुक्की कर हिरासत में ले लिया। वहीं कादरीगेट पुलिस ने युवक-युवती सहित चार को हिरासत में ले लिया। पुलिस मामले की जाँच कर रही हैं। थानध्यक्ष कादरीगेट कपिल चौधरी ने बताया की मामले में युवक युवती को संदिग्ध प्रतीत होने पर पकड़ा गया था। पुलिस ने उसे पकड़ा तो वह विवाद करने लगे। मामले में पुलिस की तरफसे मुकदमा दर्ज किया जा रहा हैं। महिला पुलिस मौके पर मौजूद थी।

## बीडीओ ने सचिवों के साथ की विकास कार्यों की समीक्षा



विकास कार्यों की समीक्षा करते बीडीओ

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खंड अधिकारी ने सचिवों की साप्ताहिक बैठक बुलाकर विकास कार्यों की समीक्षा की। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान ने ग्राम पंचायत की साप्ताहिक बैठक बुलायी। जिसमें ग्राम पंचायत के सभी सचिवों से उनके द्वारा किए गए सप्ताह भर के विकास कार्यों की समीक्षा की। वहीं उन्होंने क्राफ्ट सर्वे, आवास रिचेकिंग तथा सभी पात्र लाभार्थियों के बैंक एकाउंट तथा अन्य दस्तावेज अन्य विकास खंड कार्यालय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। वहीं फैमिली आईडी, शौचालय लाभार्थी आदि विकास कार्यों की समीक्षा की। इस मौके पर विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान, ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप राजपूत, सुनील कुमार गौतम, बृजेश कुमार यादव, वेद प्रकाश, मोतीलाल यादव, प्रवीण कुमार, आकांक्षा सक्सेना, प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई बैठक में मौजूद रहे।

# कायमगंज चीनी मिल 30 जनवरी को होगी बंद

**▸ गन्ने की कम आवक पर प्रबंधन ने दी सत्र समाप्ति की सूचना**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**


कायमगंज चीनी मिल

क्षेत्र की चीनी मिल ने गन्ना किसानों को नोटिस जारी कर वर्तमान पेराई सत्र 2025-26 को समय से पहले समाप्त करने के संकेत दिए हैं। मिल प्रबंधन के अनुसार यदि गन्ने की आपूर्ति में सुधार नहीं हुआ तो आगामी 30 जनवरी को पेराई कार्य अंतिम रूप से बंद कर दिया जाएगा। चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक रमेश सिंह ने बताया कि मिल के सभी बाह्य गन्ना क्रय केंद्रों पर अब गन्ना समाप्त हो चुका है। वर्तमान में केवल मिल गेट पर ही पेराई कार्य केंद्रित है। प्रबंधन का कहना है कि मिल गेट के लिए पूरे इंडेंट जारी किए जा चुके हैं और मुक्त खरीद की सुविधा भी दी जा रही है। इसके बावजूद मिल को अपनी क्षमता के अनुरूप पर्याप्त गन्ना नहीं मिल पा रहा है। गन्ने की कमी के कारण मिल को बार-बार रोककर चलाना पड़ रहा है। जो लंबे समय तक संभव नहीं है। मिल प्रशासन ने समस्त गन्ना आपूर्तिकर्ताओं और किसानों से अपील की है कि जिनके पास अभी भी पेराई योग्य गन्ना खेत में खड़ा है वे मिल द्वारा भेजे जा रहे एसएमएस पर्ची के आधार पर तुरंत आपूर्ति सुनिश्चित करें।

किसान भाई मुक्त खरीद सुविधा का लाभ उठाते हुए 30 जनवरी 2026 तक अनिवार्य रूप से अपना गन्ना मिल गेट पर पहुंचा दें। मिल प्रबंधन ने स्पष्ट किया है कि यदि 30 जनवरी तक आपूर्ति में सुधार नहीं दिखा, तो सत्र समाप्त घोषित कर दिया जाएगा। निर्धारित तिथि के बाद यदि किसी किसान का गन्ना शेष रह जाता है तो इसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं किसान की होगी। जिसके लिए मिल प्रबंधन उत्तरदायी नहीं होगा।

# गंगा में कटान के चलते कल्पवासियों की कई झोपड़ियां क्षतिग्रस्त


गंगा में कटान से क्षतिग्रस्त हो रहीं झोपड़ी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रामनगरिया मेले में गंगा का कटान तेज हो गया है। जिससे कल्पवासियों की कई झोपड़ियां, बेरीकेडिंग क्षतिग्रस्त हो गयी। वहीं सीढ़ी नंबर सात पर घाट पर कई दरारें पड़ गयीं। जिससे कल्पवासियों व साधु संतों में दहशत का माहौल है।

पांचाल घाट गंगा तट पर लगे रामनगरिया मेले में गंगा का कटान तेजी से जारी है। बुधवार दोपहर को भी कटान काफी तेज रहा। सीढ़ी नंबर सात की ओर कटान का असर स्पष्ट दिख रहा है। बच्चा बाबा क्षेत्र में कटान के कारण भंडार गृह के पास की टीन शेड भी इसकी चपेट में आ गई है। कटान के चलते कई जगह दरारें भी पड़ गई हैं। कल्पवासी सतीश ने बताया कि कटान बहुत तेजी से हो रहा है। उनके अनुसार रात में भी पहाड़ी से बालू के टीले भरभरा कर गिरते हैं और पिछले दो दिनों में कई फीट कटान हो चुका है। संत अयोध्या दास ने जानकारी दी कि सीढ़ी नंबर सात पर लगातार हो रहे गंगा कटान के कारण राउटियों को पीछे हटाना पड़ा है। कई गंगा पुत्रों के घाट के हिस्से भी तेज कटान की चपेट में आ गए हैं। जिससे उनकी चिंता बढ़ गई है। गंगा पुत्र अपने घाटों को बचाने के लिए बालू डालकर उन्हें ठीक करने का प्रयास कर रहे हैं।

## रसोईया की मौत से विद्यालय स्टाफ में शोक की लहर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** विद्यालय में कार्यरत रसोईया कि आज अचानक मौत हो गयी। जिससे विद्यालय स्टाफ में शोक की लहर दौड़ गयी। नवाबगंज नगर पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नयागनीपुर बंजारा बस्ती में कार्यरत रसोईया अनीशा बेगम बीते एक माह से बीमार चल रही थी। जिसकी आज बीमारी के कारण मृत्यु हो गई। मौत की मौत की सूचना मिलते ही विद्यालय स्टाफमें शोक की लहर दौड़ गयी। आज छात्र-छात्राओं की परीक्षा का दिन था, लेकिन छात्र-छात्राएं तथा सभी शिक्षक गमगीन माहौल में विद्यालय में बैठे रहे। वहीं रसोईया की कार्यशैली से सभी प्रभावित थे। जिसके चलते छात्र-छात्राएं तथा शिक्षक शिक्षिकाएं मृतक रसोईया के घर सांत्वना देने पहुंचे।

# फार्मेसी के 17 छात्रों को वितरित किये गये टैबलेट

▸ परीक्षाओं की तैयारी, शोध कार्य और कौशल विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे: पुखराज डागा



छात्र को टैबलेट वितरित करते पुखराज डागा व अन्य

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

डिजिटल युग में शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार की पहल अब जमीनी स्तर पर परिणाम देने लगी है।

मंगलवार को दफेदार सिंह कॉलेज ऑफफार्मेसी ग्रासपुर कंपिल में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को डिजिटल संसाधनों से जोड़ा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुखराज डागा ने दीप प्रज्वलन कर किया। उन्होंने कहा कि आज के समय में तकनीक से जुड़ना शिक्षा की अनिवार्य आवश्यकता बन चुका है। टैबलेट जैसे डिजिटल उपकरण छात्रों को न केवल ऑनलाइन अध्ययन सामग्री से जोड़ेंगे, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, शोध कार्य और कौशल विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से तकनीक का सकारात्मक और जिम्मेदार उपयोग करने का आवाह्न किया। विशिष्ट अतिथि ऋषभ गुप्ता ने कहा कि सरकार की यह योजना ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों के छात्रों के लिए वरदान साबित हो रही है।

डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता से शिक्षा में समानता आएगी और प्रतिभावान छात्र संसाधनों के अभाव में पीछे नहीं रहेंगे। वहीं नोहिल खान ने कहा कि टैबलेट छात्रों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है, जिससे वे भविष्य की चुनौतियों के लिए स्वयं को तैयार कर सकेंगे। कॉलेज प्रबंधन की ओर से नीलेश यादव ने कहा कि यह योजना छात्रों को आधुनिक शिक्षा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है और इससे उनका शैक्षणिक विकास तेज होगा। कार्यक्रम के दौरान वेद प्रकाश, प्रांशु सक्सेना, रोहित कुमार, अंकुर कुमार, प्रताप सिंह, अंशुल यादव, सर्विंद कुमार, अमन, अंशुल सक्सेना, सत्यम, अभिषेक शाक्य, अमित शाक्य, धर्मेंद्र सिंह एवं अंचल सिंह सहित कुल 17 छात्रों को टैबलेट वितरित किए गए। संचालन मोहम्मद मुफरीद ने किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल अनुधा, अजय प्रताप सिंह, महेंद्र प्रजापति, गौरव मिश्रा सहित अन्य सहायक अध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरित यह योजना शिक्षा को नई दिशा देने में सहायक सिद्ध होगी।

## भाजपा नेता ने टूटी विद्युत केबिल करायी चालू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मौसम खराब होने के कारण फतेहगढ़ सिविल लाइन तिर्वा कोठी में रात के समय तिराहा पर 11 केवीए लाइन में फाल्ट हो गया। फाल्ट हो जाने के कारण केवल टूट गई। रोड पर तार बिखर गया। रोड पर बड़े छोटे वाहन गुजरते रहते हैं, जिससे कोई भी घटना घटित हो सकती थी। वहीं के निवासी उपेंद्र राजपूत ने भाजपा के नगर मीडिया प्रभारी राहुल राठौर को सूचना दी। राहुल राठौर ने फतेहगढ़ कुटरा के जेई को इसके बारे में अवगत कराया। इसके बाद तुरंत कर्मचारी मौके पर पहुंचे और रोड से केबिल को हटा दिया। जिसके कारण रात भर लाइट प्रभावित रही। सुबह जाकर चालू किया गया। स्थानीय लोगों ने राहुल राठौर को सरहाना की गईं।



विद्युत केबिल ठीक करते लाइनमैन



समिति के लोगों के साथ अर्पिता भारद्वाज

## स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए अर्पिता भारद्वाज का हुआ चयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तिकोना सब्जी मंडी स्थित पुष्कर कराटे अकादमी सम्बद्ध वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराते फेडरेशन ऑफ इंडिया में गणतंत्र दिवस पर ध्वजा रोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अकादमी के संरक्षक लालजी सक्सेना, ठकुर सर्वेन्द्र सिंह, सोनू ठाकुर व सतीश तिवारी रहे। जिन्होंने ध्वजा रोहण किया। छात्रा अर्पिता भारद्वाज का स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए चयन हुआ है। 28 जनवरी से 3 जनवरी को डिस्ट्रिक्ट स्पोर्ट्स कल्पेक्स बारामती स्टेडियम में प्रतियोगिता होनी है। कोच पारस भारद्वाज व आरती भारद्वाज ने बताया कि जनपद मे पहेली बार कोई बच्चा स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए चयनित हुआ है। अर्पिता भारद्वाज ने इतिहास रच दिया है। संस्था के सभी सदस्यों ने शुभकामनायें दी और उज्वल भविष्य की कामना की।

# भारती मिश्रा का आठवां उपन्यास लौ का हुआ लोकार्पण



पुस्तक विमोचन के दौरान मौजूद कवि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेला श्रीरामनगरिया के मंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन के कार्यक्रम में राष्ट्रीय पुरस्कृत शिक्षिका व साहित्यकार भारती मिश्रा की आठवीं उपन्यास लौ का लोकार्पण राष्ट्रीय कवि डॉ. शिवओम अम्बर, एडीएम, राष्ट्रीय कवि प्रताप फौजदार, शम्भू शिखर, डॉ. कीर्तिकाले, गजेन्द्र प्रियांशु, गौरव चौहान, अभय प्रताप सिंह, बृजकिशोर सिंह किशोर, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, महेश पाल सिंह ने किया। इससे पूर्व भारती मिश्रा की माँई, डाह, दमन, थपेड़े, मरीचिका, श्राप, गर्विता सहित तेरह पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। जनपद के साहित्यकारों ने भारती मिश्रा को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गीतकार उत्कर्ष अग्निहोत्री, वैभव सोमवंशी, प्रियांशु पाण्डेय, राममोहन शुक्ला, विशाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# उत्तम कार्यों में दान देने वाला मनुष्य धर्मात्मा कहलाता: चन्द्रदेव शास्त्री

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



हवन में आहूतियां देते कल्पवासी

आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में स्वामी श्रद्धानंद बलिदान शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रातःकाल यज्ञ किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि धर्म के तीन स्कन्ध हैं यज्ञ, अध्ययन और दान। यज्ञ करने वाला, श्रेष्ठ पुस्तकों का अध्ययन करने वाला और उत्तम कार्यों में दान देने वाला मनुष्य धर्मात्मा कहलाता है। यज्ञ को शास्त्रों में कल्पवृक्ष कहा गया है, जो व्यक्ति जैसी शुभकामना लेकर यज्ञ करता है उसकी वो शुभकामनाएं यज्ञ भगवान पूर्ण करते हैं। यज्ञ करने से प्रदूषण दूर होता है जिससे मनुष्य लम्बी आयु को प्राप्त करता है। इसीलिए शास्त्रों में यज्ञ को श्रेष्ठतम कर्म कहा गया है। स्वाध्याय करने वाले मनुष्य के विचार श्रेष्ठ बनते हैं और धर्म हित दान करने वाले मनुष्य सौभाग्य को प्राप्त होते हैं। कु0 उदिता आर्या ने भजन के माध्यम से बताया कि महर्षि दयानन्द ने वेदों का भाष्य करके सम्पूर्ण संसार में ज्ञान का सूर्यवत प्रकाश किया। जिससे लोग अविद्यान्धकार से बचकर ज्ञान के प्रकाश में विचरण कर सकें। मनुष्य जीवन की सार्थकता वेद के बताए हुए रास्ते पर चलने से है। पण्डित शिवनारायण आर्य, जितेंद्र देव आर्य एवं राजेश शास्त्री ने अपने विचारों से श्रोताओं को सन्मार्ग में चलने की प्रेरणा दी। स्वामी महेन्द्रानंद ने संचालन किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, संदीप आर्य, हरिओम शास्त्री, शिशुपाल आर्य, अजीत आर्य आदि उपस्थित रहे।

# बसपा ने ग्राम ललई के बूथ पर की एसआईआर की समीक्षा



बैठक में मौजूद बसपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुज समाज पार्टी द्वारा विधान सभा कायमगंज के सेक्टर ब्राहिमपुर के ललई बूथ संख्या 111 की समीक्षा की गई। मुख्य अतिथि मुख्य मण्डल कानपुर प्रभारी विजय भास्कर ने पार्टी चली बूथ पर जांच की। एसआईआर की प्रगति रिपोर्ट एवं बीएलए को निर्देश दिये। पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु0 मायावती के निर्देशानुसार बहुजन समाज पार्टी बूथ स्तर पर जाकर एसआईआर की समीक्षा की और नए वोट बनबाने के निर्देश दिये। मुख्य मण्डल प्रभारी विजय भास्कर ने विधान सभा 192 कायमगंज में बूथ पर जाकर एसआईआर की समीक्षा की और मतदाता सूची का अवलोकन किया। मण्डल संयोजक आरडी बौद्ध, जिलाध्यक्ष विनोद गौतम, अजीत पाल, शिवकुमार गौतम, रामऔतार गौतम, धर्मेन्द्र राणा, नेमसिंह गौतम, विजेन्द्र गौतम, अजयवीर शाक्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## यूजीसी का बसपा ने किया समर्थन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश की उच्च शिक्षण संस्थानों में जातिवादी भेदभाव के निराकरण/समाधान हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, यूजीसी द्वारा सरकारी कॉलेज एवं निजी यूनिवर्सिटियों में भी इक्विटी कमेटी समता समिति बनाने के नये नियम के कुछ प्रावधानों को सामान्य वर्ग के केवल जातिवादी मानसिकता के ही लोगों द्वारा इसे अपने विरुद्ध भेदभाव व षडयंत्रकारी मानकर इसका जो विरोध किया जा रहा है, तो यह कतई भी उचित नहीं है। पार्टी का यह भी मानना है कि इस प्रकार के नियमों को लागू करने के पहले अगर सभी को विश्वास में ले लिया जाता तो यह बेहतर होता और देश में फिर सामाजिक तनाव का कारण भी नहीं बनता। इस ओर भी सरकारों व सभी संस्थानों को ज़रूर ध्यान देना चाहिये। साथ ही, ऐसे मामलों में दलितों व पिछड़ों को भी, इन वर्गों के स्वार्थी व बिकाऊ नेताओं के भड़काऊ बयानों के बहकावे में भी क़तई नहीं आना चाहिये। जिनकी आड़ में ये लोग आएदिन घिनौनी राजनीति करते रहते हैं अर्थात् इन वर्गों के लोग ज़रूर सावधान रहें। जानकारी देते हुए बसपा के मुख्य मण्डल प्रभारी विजय भास्कर ने बहन जी के विचारों की सराहना की है। जिलाध्यक्ष विनोद गौतम ने बताया कि यूजीसी की बात को पहले लोग समझे।

# व्यापार मण्डल ने चौकी इंचार्ज व सिपाही पर लगाया भ्रष्टाचार करने का आरोप

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते व्यापारी

थाना मऊ दरवाजा की चौकी बजरिया पर तैनात चौकी इंचार्ज एवं सिपाही पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए युवा व्यापार मण्डल के नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही करने की मांग की है। दिये गये ज्ञापन में आरोप लगाया कि बजरिया चौकी इंचार्ज व उनके हमराह ने पूरी चौकी को भ्रष्टाचार के हवाले कर दिया है। हर कार्य बिना रिश्वत लेकर नहीं हो रहा है। ऐसे में गरीब व्यक्ति को परेशान किया जाता है, और धन उगाही की जाती है। ऐसे भ्रष्टाचारी लोगों पर कार्यवाही करने की व्यापार मण्डल ने मांग की है। इससे पहले भी इन पर आरोप लग चुके है। जबकि सिपाही का सेन्ट्रल जेल चौकी ट्रांसफर हो चुका है, फिर भी वह चौकी से अपना चार्ज नहीं छोड़ रहा है। इन दोनों लोगों के खिलाफ जांच कर कार्यवाही की जाये। ऐसा न हुआ तो उद्योग व्यापार मण्डल आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। इस मौके पर नगर अध्यक्ष इकलाख खां, नगर महामंत्री राकेश सक्सेना, युवा नगर अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव, सतेन्द्र सिंह, गोपाल कश्यप, गोविन्द बाथम, मुंतसिर अली आदि लोग मौजूद रहे।

# नन्हे सितारों ने बिखेरी देशभक्ति की चमक

▸ टाइनी टेक मॉर्निंग स्टार स्कूल में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

77वें गणतंत्र दिवस पर समूचा राष्ट्र तिरंगे के गौरवशाली रंगों में रंगा नजर आया। फतेहगढ़ के मोहल्ला हाथी खाना स्थित टाइनी टेक मॉर्निंग स्टार स्कूल में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास, उमंग और देशभक्ति के अटूट जज्बे के साथ मनाया गया। नन्हे-मुन्ने बच्चों की किलकारियों और भारत माता की जय के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। शुभारंभ मुख्य अतिथि कन्हैयालाल ने ध्वजारोहण के साथ किया। जैसे ही तिरंगा फहराया गया, पूरा परिसर जन-गण-मन के स्वरों से गूँज उठा। तिरंगे को सलामी देते हुए बच्चों और शिक्षकों की आँखों में देश के प्रति सम्मान साफ झलक रहा था। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगीत वन्दे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। जिसने उपस्थित सभी लोगों के भीतर देशभक्ति की लहर दौड़ दी। मुख्य अतिथि कन्हैयालाल ने विद्यालय परिवार और बच्चों को संबोधित किया। नन्हे बच्चे गीली मिट्टी के समान होते हैं, जिन्हें गढ़ना और संभालना सबसे कठिन और चुनौतीपूर्ण कार्य है। प्रिंसिपल, प्रबंधक और समस्त स्टाफ जिस समर्पण भाव से इन कोमल बच्चों को शिक्षा और संस्कार दे रहे हैं, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। ये नन्हे बालक ही कल के जिम्मेदार नागरिक और देश के भविष्य हैं। रंग-बिरंगी वेशभूषा में सजे बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी बच्चों को मिष्ठान वितरित की गई। प्रधानाचार्य व प्रबंधक ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया।

## अभिव्यक्ति की काव्य गोष्ठी में पढ़ी गयीं राष्ट्रीय भावधारा की रचनाएं



कार्यक्रम में मौजूद साहित्यकार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रमुख साहित्यिक सामाजिक संस्था अभिव्यक्ति के तत्वावधान में संस्था के संरक्षक वरिष्ठ ग़ज़लकार नलिन श्रीवास्तव के संचालन एवं वरिष्ठ कवि बृज किशोर सिंह किशोर की अध्यक्षता में नगर के बाग कूंचा स्थित डॉ. राजीव गुप्ता के निवास पर कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कवियों ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। देश काल वातावरण का चित्र साहित्य के माध्यम से कवि और साहित्यकार करते हैं। लेखनी ऐसा माध्यम है इसकी जरिए से तत्कालीन समाज की विसंगतियां उजागर होती है, ताकि उनका सुधार किया जा सके। इस लिए समय पर साहित्यक आयोजन होते रहने चाहिए, ताकि समाज को सकारात्मक दिशा मिल सके। आत्मीय वातावरण में हुई कवि गोष्ठी में युवा कवि ज्ञानेश अग्निहोत्री, वरिष्ठ साहित्यकार एवं समाजसेवी चिकित्सक डा0 राजीव गुप्ता, डा0 कन्हैया लाल शर्मा, उपकार मणि उपकार, नलिन श्रीवास्तव, रत्नेश पाल, अध्यक्ष कवि किशोर ने काव्यपाठ किया। संस्था के राजीव गुप्ता ने सभी के प्रति आभार जताया और भविष्य में भी सहयोग देते रहने की अपेक्षा की। इस अवसर पर अध्यापक मनोज शुक्ला, धर्मेंद्र गुप्ता, युवा संगीतकार रजनेश वर्मा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव सम्मानित



सचिव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते अधिकारीगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले सचिव को उच्च अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। नवाबगंज विकास खंड कार्यालय पर तैनात ग्राम विकास अधिकारी अरविंद कुमार निवासी नवादिया फतेहगढ़ को उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के मौके पर जिलाधिकारी कार्यालय पर उच्च अधिकारियों ने ग्राम विकास अधिकारी अरविंद कुमार के उत्कृष्ट कार्य करने पर उत्तर प्रदेश वर्ष हमारी पहचान हमारे संस्कृति के तहत प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित किया। इस मौके पर जिला अधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, विकास खंड अधिकारी अमरेश चौहान सहित तमाम विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



ज्ञापन देने के बाद जानकारी देती आंगनवाड़ी कार्यकत्री

आंगनवाडी कार्यकत्री/सहायिका संघ के बैनर तले प्रदेश नेतृत्व के आवाह्न पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री/सहायिकाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की आगनबाड़ी कार्यकत्री का मानदेय 24000 रुपये व सहायिका का 12000 रुपये व सरकारी कर्मचारी का दर्जा प्रदान करते हुए भविष्य निधि, पेंशन, मेडिकल अवकाश सहित समस्त वैधानिक लाभ दिये जाये। ऑगनबाडी से मुख्य सेविका पद पर एंव सहायिका को कार्यकत्री के पद पर योग्यता एंव वरिष्ठता के आधार पर निम्नलिखित एंव समयवध्य पर उन्नति शासन आदेश पर दी जाये तथा पद उन्नति की आयु सीमा बाधिता समाप्त की जाये। पोषण ट्रेकर पर ऑनलाइन कार्य हेतु उच्च गुणवत्ता के इजी मोबाइल फोन की खरीद के लिए कम से कम 20 हजार दिये जाये व रिचार्ज डाटा भत्ता हर माह 300 रुपये अविलम्ब प्रदान किया जाये अन्यथा अप्रैल 2026 से पोषक ट्रेकर एवं समस्त ऑनलाइन कार्य पूर्णतयाः बन्द किये जायेगे, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी। 1500 रुपये प्रोत्साहन राशि पी0एल0आई0 के भुगतान में व्यापत भरी अवस्यवस्था एव भष्टाचार को देखते हुए नियमित मानदेय में तत्काल सम्मिलित किया जाये, जिससे प्रदेश के प्रत्येक आगनवाडी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को लाम मिल सके। ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओ बी0एल0ओ0द्ध सहित अन्य विभागों के कार्य जबरन न कराये जाये। यदि 7 मार्च 2026 तक हमारी मागो पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया तो ऑगनबाडी कार्यकत्री विवश होकर 8 मार्च को लखनऊ की ओर कूच करेगी इस दौरान उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन देने के दौरान जिलाध्यक्ष प्रीती गुप्ता, नीरज गंगवार, सुलेखा गंगवार, रचनादेवी, रत्नेश पाल, नीरज देवी, आंचल मिश्रा, मीना सिंह, उमा देवी, सुनीता वर्मा, मालती शर्मा, अनुपम दीक्षित, गीता देवी, शमा खान, पूनम गंगवार, पूनम कुमारी आदि मौजूद रही।

# यूजीसी विनियमों पर भरोसा रखें, कोर्ट में है मामला: भाजपा नेता विकास राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



विकास राजपूत

भाजपा नेता और समाजसेवी विकास राजपूत ने यूजीसी के नए उच्च शिक्षा संस्थानों में समता के संवर्धन हेतु विनियम, 2026की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह समाज में समानता लाने का सकारात्मक कदम है, लेकिन विनियमों में स्पष्टता और संतुलन जरूरी है ताकि भ्रम न फैले।

राजपूत ने जोर देकर कहा कि हर शैक्षणिक संस्थान में समान अधिकार, अवसर और भेदभाव-रहित माहौल होना चाहिए। कैंपस में सौहार्द बरकरार रहे, जिससे कोई वर्ग खुद को उपेक्षित न महसूस करे। उन्होंने बताया कि विनियमों के कुछ हिस्सों को लेकर छात्रों, अभिभावकों और समाज में भ्रम है। यूजीसी को सभी पक्षों से बातचीत कर जल्द स्पष्टता लानी चाहिए, वरना विभाजनकारी सोच बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि मामला कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए यूजीसी को शीघ्र हलफनामा देकर अपना पक्ष रखना चाहिए। जनता के रोष पर दुख जताते हुए उन्होंने केंद्र सरकार के फैसले को सभी छात्रों के हित में बतायाए जो असमानता दूर करेगा। प्रदर्शनकारी संगठनों से धैर्य की अपील करते हुए राजपूत ने कहा न्यायालय में विचाराधीन है यूजीसी अध्यादेश, कृपया धैर्य बनाए रखें। उन्होंने जनता से चुनी हुई सरकार पर भरोसा रखने को कहा और विपक्ष के एजेंटों द्वारा गुमराही की आलोचना की। सभी से शांति बनाए रखने की अपील की और भरोसा दिलाया कि सरकार किसी के साथ अन्याय नहीं होने देगी।

# आनंदमठ के सन्यासियों व आजादी की क्रांति पर कालाकारों ने प्रस्तुत किया नाटक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



नाटक का मंचन करते कलाकार

माघ मेला रामनगरिया गंगातट, पांचाल घाट के सांस्कृतिक पांडाल के मंच पर आनंद मठ उपन्यास लेखक बंकिमचंद्र उपाध्याय द्वारा लिखित कुछ अंशों को लेकर अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के कला साधकों ने राष्ट्र सर्वोपरि का संदेशः देते हुये भारतमाता की आराधना में वन्दे मातरम् की 150वीं वर्ष की यात्रा के अंतर्गत नाटक का मंचन किया।

आनंद मठ सन्यासियों का आश्रम है जिसमें भारत की आजादी में क्रांति की चिंगारी सम्पूर्ण देश में ज्वालामुखी बनकर फैल गयी। भारत का प्रथम स्वतंत्रता संग्राम, चिंगारी उत्पन्न की वह भविष्य में ज्वाला बनकर युद्ध 1857 में नहीं?...बल्कि प्लासी की लड़ाई के लगभग 20 वर्ष बाद लड़ी गयी जो एक विद्रोह का नाम दिया था। सन् 1770 में आनंद मठ के संन्यासियों ने क्रांति की चिंगारी पहले ही भड़का दी थी। आनंद मठ (उपन्यास) सन् 1882 में भारत माता के सपूत राष्ट्रभक्त बंकिमचंद्र चटर्जी ने उपन्यास लिखा-अंग्रेजों ने संन्यासियों का विद्रोह को लूटमार,डकैती ठहराया, लेकिन सत्य कभी नष्ट नहीं जा सकता, घटना क्रम सन् 1770 में बंगाल का अकाल भूखमरी, महामारी, जिसका इस समय हाल मिलती परिणाम स्वरूप लगभग आधी आबादी मौत का निवाला बन गयी, जो जिन्दा रह गये वह जंगलों में भटकने लगे, अपनी-अपनी जायजात ही नहीं? अपनी मां, बहन, बेटियों की इज्जत बेचकर अपना पेट भरने लगे। नाटक प्रस्तुत कर भारत माता के जयघोष के नारे लगे। नाटक ने सभी को भावविभोर कर दिया। कला-साधक अरविन्द दीक्षित के द्वारा लिखा गया जिसको संस्कार भारती की इकाई संस्कार भारती के कला साधकों ने अपनी प्रस्तुति दी। सनातन संस्कृति में दीप प्रज्वलित किया, श्रीगणेश किया और संस्कार भारती के कला साधकों की प्रशंसा की जो सम्पूर्ण भारत में राष्ट्र भक्ति की भावना उत्पन्न कर रहे हैं। नाटक में सूत्रधार नवीन मिश्रा नब्बूभैया, राजा महेन्द्र सिंह- अरविन्द दीक्षित, कल्याणी रानी-कु0 राना हिजाब, आनन्दमठ के महन्त-सुरेन्द्र पाण्डेय, भवानन्द-उज्ज्वल पाण्डेय, जीवानन्द- नमन पाण्डेय, शान्ति आनन्द-देव मिश्रा, ब्रिटिश शासक- अनुपम पाण्डेय, वैभव सोमवंशी, सुमित पाण्डेय, ध्वनि प्रकाश-समरेंद्र शुक्ला, कम्प्यूटर (दृश्य परिकल्पक)- विशाल श्रीवास्तव, मंच सज्जा अभिषेक दुबे संगीत, अन्य सहयोगी- रवीन्द्र भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# यज्ञ के साथ विद्यालय में मां सरस्वती प्रतिमा का हुआ अनावरण



हवन में आहूतियां देते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महात्मा गांधी गांगा पार इंटर कालेज राजेपुर में गणतंत्र दिवस पर ध्वजारोहण के उपरांत विद्यालय में यज्ञ में आहुतियां डाली गयी। मां सरस्वती प्रतिमा का अनावरण महंत ईश्वर दास ब्रह्मचारी व विधायक अमृतपुर सुशील शाक्य, प्रधानाचार्य अनिल सिंह के द्वारा किया गया। मेधावी छात्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर पूर्व सैनिकों का भी सम्मान किया गया। क्षेत्र से आए सभी अभिभावक गणों का जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार चौहान, देवेंद्र सिंह परमार, पूर्व प्रधानाचार्य रामानंद मिश्रा, श्रवण कुमार पांडे, चंद्रप्रकाश दीक्षित का स्वागत किया गया। विद्यालय के पूर्व छात्र ऋषिपाल सिंह समीक्षा अधिकारी का भी स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में आए नागरिक कार्यक्रम में मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्रा0पं0 भगवानपुर वि0ख0 शमशाबाद, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 28/01/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत भगवानपुर विकास खण्ड शमशाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 29/01/2026 से दिनांक 04/02/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 04/02/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 29/01/2026 से दिनांक 04/02/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्राम पंचायत में अत्येंष्टि स्थल का निर्माण कार्य | राज्य वित्त-24.75 लाख<br>मनरेगा-2.13 लाख<br>एफएफसी-0.48 लाख<br>कुल-27.36 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते**- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (रुची) ग्रा0पं0 भगवानपुर, वि0ख0 शमशाबाद सचिव ( मो0 जीशान )

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

अर्चना
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नैपुरा
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

अमृता गुप्ता
सचिव
ग्राम पंचायत नैपुरा
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

देवेन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत
बरेण्डा बुजुर्ग
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

पुष्पेन्द्र कुमार
सचिव
ग्राम पंचायत
बरेण्डा बुजुर्ग
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

कलावती
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत उमरई
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

अंकिता सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत उमरई
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

बालकिशन
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बैंदो
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

अभिषेक चौरसिया
सचिव
ग्राम पंचायत बैंदो
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

उर्मिला देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत
दादरी वि.खं.
पनवाड़ी जिला
महोबा

निजाम अली
सचिव
ग्राम पंचायत
दादरी वि.खं.
पनवाड़ी जिला
महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

रामसहाय
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत
अण्डवारा वि.खं.
पनवाड़ी जिला
महोबा

दीपू पाल
सचिव
ग्राम पंचायत
अण्डवारा वि.खं.
पनवाड़ी जिला
महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

ममता देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत
लिलवा वि.खं.
पनवाड़ी जिला
महोबा

अरविन्द तिवारी
सचिव
ग्राम पंचायत
लिलवा वि.खं.
पनवाड़ी जिला
महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

सत्येन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत
बम्हौरी कुर्मिन
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

रामआसरे
सचिव
ग्राम पंचायत
बम्हौरी कुर्मिन
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

किरन
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत
बिजरारी वि.खं.
पनवाड़ी जिला
महोबा

गणेश शंकर
सचिव
ग्राम पंचायत
बिजरारी वि.खं.
पनवाड़ी जिला
महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

संतोष कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत
देवगनपुरा वि.खं.
पनवाड़ी जिला
महोबा

गणेश शंकर
सचिव
ग्राम पंचायत
देवगनपुरा वि.खं.
पनवाड़ी जिला
महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

अरविन्द
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत
सिलालपुरा वि.खं.
पनवाड़ी जिला
महोबा

सैफ खान
सचिव

देवेन्द्र कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत
जखा विकास खंड
पनवाड़ी जिला
महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

रणविजय सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत नटर्रा
विकास खंड
पनवाड़ी जिला
महोबा

धर्मवीर
सचिव

हृदेश
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत फदना
विकास खंड
पनवाड़ी जिला
महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# संजय द्विवेदी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत पनवाड़ी, जिलाध्यक्ष
प्रधान संगठन जनपद महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# राजू मिश्रा
समाजसेवी
पनवाड़ी जिला
महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# महेन्द्र मिश्रा
भाजपा नेता तुर्रा
शेरगढ़ वि.खं.
पनवाड़ी जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# डॉ. विश्वजीत
समाजसेवी
ग्राम बैंदो वि.खं.
पनवाड़ी जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# दिलीप निगम
संवाददाता
पनवाड़ी
समृद्धि न्यूज़

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# रजनी बबलू रावत
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. अलीपुरा वि.खं.
पनवाड़ी जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# अवधेश प्रताप सिंह
ठेकेदार
ठकरासपुरा वि.खं.
पनवाड़ी जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# अंजना श्रीप्रकाश अनुरागी
ब्लॉक प्रमुख
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# अजय रावत (भैय्या)
समाजसेवी
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

फूलारानी
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत बुड़ेरा
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

मुरलीधर
सचिव
ग्राम पंचायत बुड़ेरा
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

इन्द्रजीत
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत सलैया
खालसा वि.खं.
पनवाड़ी जिला महोबा

निर्देश कुमार
सचिव
ग्राम पंचायत सलैया
खालसा वि.खं.
पनवाड़ी जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

अभिलाषा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत स्योढ़ी
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

नितिश कुमार
सचिव
ग्राम पंचायत स्योढ़ी
वि.खं. पनवाड़ी
जिला महोबा

**स्वामी विवेकानन्द इंटर कालेज पनवाड़ी जिला महोबा**

छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य एवं बेहतर शिक्षा की ओर अग्रसर

राजकुमार यादव-प्रधानाचार्य
अमित अग्रवाल-अध्यक्ष
श्रीमती उमा देवी-प्रबन्धक
अजय द्विवेदी-उपाध्यक्ष

SWAMI VIVEKANAND INTER COLLEGE
PANWARI MAHOBA U.P.
विद्या सर्वस्व भूषणम्
स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# सुरेन्द्र राजपूत
(मुखिया) समाजसेवी
पनवाड़ी, जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# तुलसीदास दुबे
भाजपा नेता नकरा
पनवाड़ी, जिला महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# प्रो. सागर अग्रवाल
17 एम/एस.जे.एम. के एजेन्सी
मेसर्स पार्थ कंस्ट्रक्शन पनवाड़ी

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# संतोष विश्वकर्मा
पूर्व मण्डल अध्यक्ष
भाजपा
पनवाड़ी, महोबा

**सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

# कौशल महराज
पूर्व प्रधान नकरा
पनवाड़ी, जिला महोबा

**क्षेत्रवासियों एवं जनपदवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें**

# छोटे लाल (निदेशक)

# डॉ बाबूलाल तिवारी
प्रबन्धक
जय बुन्देलखण्ड
महाविद्यालय कुलपहाड़
जनपद महोबा

# कार्यालय-नगर पंचायत घघसरा बाजार, जनपद-गोरखपुर

मा० नरेन्द्र मोदी
प्रधान मंत्री
(भारत सरकार)

मा० अरविन्द कुमार शर्मा
नगर विकास मंत्री
(उत्तर प्रदेश)

मा० राकेश राठौर 'गुरु'
नगर विकास राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश)

मा० योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)

मा० रवि किशन शुक्ला
मा० दीवेन्द्र प्रताप सिंह
मा० प्रदीप शुक्ला

स्वच्छता की नई पहल-बढ़ाएं हाथ, करें सफाई साथ

स्वच्छ घघसरा, स्वस्थ्य घघसरा, सुन्दर घघसरा

"न रहे प्लास्टिक, न खुले में शौच, स्वच्छ हो घघसरा, स्वस्थ होगें सब लोग"

मा० प्रभाकर दूबे (अध्यक्ष)
नगर पंचायत घघसरा बाजार, गोरखपुर

26 जनवरी 2026 'गणतंत्र दिवस' के अवसर पर समस्त नगरवासियों को स्वच्छता संदेश

**स्वच्छता संदेश**

नगर के विकास में आपका सहयोग अपेक्षित है-

१-प्रत्येक नगर वासी सूखे व गीले कूड़े के लिये नीले व हरे डस्टबिन का प्रयोग करे तथासफाई मित्रों को पृथक्कीकृत कूड़ा ही दें ।
२-प्रत्येक नगर वासी गीले कूड़े का यथा सम्भव होम कम्पोस्टिंग करे जिससे निर्मित खाद काउपयोग घर के गमलों आदि के लिये किया जा सकता है।
३-नागरिक अब घर बैठे ही सेप्टिक टैंक की सफाई हेतु टोल फ्री नं०-14420 पर सम्पर्क करें।
४-पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिये वृक्षा रोपण अवश्य करें, कूड़े को न जलाये ।
५-प्रतिबंधित पालीथीन का प्रयोग न करे। जूट, कागज व कपड़े के बने थैले का ही प्रयोग करें।
६-नागरिक अब घर बैठे ही अपनी शिकायतें/सुझाव टोल फ्री नं०-1533 पर दर्ज करा सकते है।
७-नगर पंचायत घघसरा बाजार सीमान्तरगत हुये जन्म-मृत्यु का पंजीयन 21 दिन के अन्दर अवश्य करा लें।
८-सार्वजनिक भूमि, नाला-नाली, सड़क, पटरी आदि पर अतिक्रमण न करें तथा किये गये अतिक्रमण को स्वयं हटा लें ।
९-प्रत्येक अपशिष्ट उत्सर्जक स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत कूड़ा प्रबंन्धन हेतु नगर पंचायत का सहयोग करें उल्लंघन की दशा में उत्तर प्रदेश ठोस अपशिष्ट नियमावली 2021 के तहत कार्यवाही की जायेगी ।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

समस्त सभासद गण:-

पत्रांक : 628/न.प.घ.बा./2025-26 दिनांक : 22/01/2026